www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...


राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 26 अप्रैल, 2025 | वर्ष-18 | अंक -20 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



पहलगाम हमला याद दिलाता है कि आतंकवाद... 02

■ दिल्ली फायर सर्विस को आधुनिक उपकरणों व नई...
■ पहलगाम की घटना को लेकर जाफराबाद के... 03

■ पाकिस्तान ने सिंध नहर परियोजना पर लगाई रोक
■ गाजा पर इजरायली हमलों में 50 से अधिक लोगों ... 07

सुक्खू ने ठेकेदारों की लंबित देनदारियां जारी... 08


## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मु पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में होंगी शामिल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू के साथ पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वेटिकन सिटी रवाना हुईं। प्रतिनिधिमंडल में अल्पसंख्यक मामलों और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन व गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डी सूजा भी शामिल हैं।

### इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. कस्तूरीरंगन का 84 वर्ष की उम्र में निधन




**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष , पूर्व सांसद एवं प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार का बेंगलुरु में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। डॉ. कस्तूरीरंगन का निधन शुक्रवार सुबह 10:43 बजे हुआ। उनका पार्थिव शरीर 27 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आरआरआई में जनता के दर्शन के लिए रखा जाएगा।

### एलआईसी ने पीड़ितों के लिए रियायतों की घोषणा की

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में लोगों की हुई मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों की सहायता के उद्देश्य से दावों के शीघ्र और सरल निपटान हेतु विशेष रियायतों की घोषणा की है। एलआईसी के सीईओ सिद्धार्थ मोहंती ने बताया कि दावेदारों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र के स्थान पर किसी भी आधिकारिक दस्तावेज़ को मृत्यु का प्रमाण माना जाएगा।

### सिब्बल की संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। सभी लोग सरकार के साथ खड़े हैं, क्योंकि यह देश की संप्रभुता पर हमला है।

### राइस मिल में लगी आग से पांच श्रमिकों की मौत



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में स्थित एक चावल मिल में आग लगने की घटना सामने आई है। जहां आग के धुएं की चपेट में आने से पांच श्रमिकों की दम घुटने से मौत हो गई है, जबकि तीन लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

श्रीनगर पहुंचे राहुल गांधी, कहा

# आतंकी हमले के पीछे हमें बांटने की मंशा

## भाई को भाई से लड़ाने की है साजिश, आतंकियों की नापाक कोशिश करें विफल

**श्रीनगर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे।

### मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी मुलाकात की

यहां उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। इसके साथ ही राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले में घायल से भी मुलाकात की।

उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कहा कि जो कुछ हुआ है, उसके पीछे समाज को विभाजित करने का विचार है, भाई को भाई से लड़ाने की साजिश है। ऐसे में यह जरूरी है कि हर भारतीय एकजुट होकर आतंकवादियों की नापाक कोशिश को विफल करे।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि यह एक भयानक त्रासदी है। मैं यहां के हालात जानने और मदद करने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने इस भयानक हमले की निंदा की है और वे राष्ट्र के साथ हैं। मैं घायल हुए लोगों में से एक से मिला हूं। मेरा प्यार और स्नेह उन सभी लोगों के साथ है, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया है। मैं सभी को बताना चाहता हूं कि पूरा राष्ट्र उनके साथ खड़ा है। एक दिन पहले गुरुवार को हमने सरकार के साथ बैठक की और पूरे विपक्ष ने इस हमले की निंदा की। उन्होंने आगे बताया कि इसके साथ ही हमने सरकार द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन दिया है। इस दौरान राहुल गांधी ने श्रीनगर में कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। उन्होंने पार्टी के नेताओं से कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। हमें जुड़े रहना है, नफरत और आतंक के खिलाफ डटे रहना है।



### सुरक्षा बलों ने अल्ताफ लाली को किया ढेर

सुरक्षा बलों ने तीन दिनों की अथक मेहनत के बाद बांडीपोरा में मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के शीर्ष कमांडर अल्ताफ लाली को मार गिराया है। सुरक्षाबलों का दावा है कि लाली भी पहलगांव के नरसंहार का एक हिस्सा था।

### *दो आतंकियों के घरों को विस्फोट से उड़ाया*



***जम्मू।*** *कश्मीर में सुरक्षा अधिकारियों ने पहलगांव हमले के तीन दिन बाद जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे शुक्रवार को दक्षिण कश्मीर के त्राल और बिजबिहाड़ा इलाके में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों के आवासीय घरों को नष्ट कर दिया। हालांकि सुरक्षाधिकारियों का कहना है कि तलाशी अभियानों के दौरान इन घरों में रखे विस्फोटक खुद ही फूट गए थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैसरन पहलगाम घटना में उनकी कथित भूमिका सामने आने के बाद पुलवामा जिले के त्राल में आसिफ शेख और बिजभेरा अनंतनाग में आदिल थोकर के घरों को विस्फोट के जरिए जमीन पर गिरा दिया गया।*

अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से की बात

### पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें, वापस भेजें

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्य के मुख्यमंत्रियों से बात की। उन्होंने सभी से अपने-अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उनकी शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को कहा। शाह ने कई मुख्यमंत्रियों से बात कर ली है और बाकियों से भी वे बात कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को फोन किया और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक देश छोड़ने के लिए निर्धारित समय सीमा से आगे भारत में न रहे। भारत ने गुरुवार को 27 अप्रैल से पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द करने की घोषणा की थी।



## पहलगाम आतंकी हमले का देशभर में विरोध

### मुस्लिमों ने काली पट्टी बांधकर पढ़ी नमाज

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देशभर में गुस्से का माहौल है। हर कोई आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है। इस बीच, शुक्रवार को दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में जुमे की नमाज के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। साथ ही उन्होंने सरकार से आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। एआईएमआईएम प्रवक्ता शोएब जमई ने कहा, पहलगाम में जो हुआ, वह देश के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और इस जघन्य घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों पर हम लानत भेजते हैं। यूपी की राजधानी लखनऊ में आसिफी मस्जिद के बाहर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुमे की नमाज के बाद विरोध प्रदर्शन किया।

### दिल्ली के व्यापारियों ने बंद रखीं दुकानें

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और यहां के अन्य 100 से अधिक व्यापारिक संगठनों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। दिल्ली के लगभग सभी 900 से अधिक प्रमुख थोक और खुदरा बाजारों में आज व्यापार पूरी तरह बंद रहा।

दिल्ली में अब भाजपा की 'ट्रिपल इंजन' सरकार

## इकबाल सिंह चुने गए दिल्ली के मेयर

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की 'ट्रिपल इंजन' सरकार बन गई है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में भाजपा के उम्मीदवार राजा इकबाल शुक्रवार को नए मेयर चुने गए। भाजपा के ही जयभगवान यादव डिप्टी मेयर चुने गए हैं। मेयर चुनाव में भाजपा के राजा इकबाल को 133 वोट मिले, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार मनदीप को मात्र आठ वोट प्राप्त हुए। आम आदमी पार्टी ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। मेयर चुनाव में 142 सदस्यों ने मतदान किया।

राजा इकबाल के मेयर बनने के साथ ही अब दिल्ली में भाजपा की 'ट्रिपल इंजन' सरकार काबिज हो गई है। केंद्र और विधानसभा में पहले से भाजपा की सरकारें हैं। अब मेयर की सीट पर भी भाजपा का कब्जा हो गया है। भाजपा ने 2024 लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सात सीटों पर जीत हासिल की थी। इस साल फरवरी में हुए विधानसभा चुनाव में भी उसने पूर्ण बहुमत हासिल कर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार बनाई।



- आम आदमी पार्टी चुनाव में शामिल नहीं हुई
- कांग्रेस उम्मीदवार मनदीप को आठ वोट मिले

### पिछले चुनाव में 3 वोट से जीती थी आप

इससे पहले नंवबर 2022 में मेयर चुनाव हुआ था। आप उम्मीदवार महेश खिंची भाजपा के किशन लाल को सिर्फ तीन वोट से हराकर मेयर बने थे। खिंची को 133, जबकि किशन लाल को 130 वोट मिले थे। दो वोट अवैध घोषित किए गए थे। तब भाजपा के 104 और आप के 134 पार्षद थे।

वक्फ कानून पर केंद्र सरकार का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

## वक्फ धार्मिक संस्था नहीं, वैधानिक निकाय है

### धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं किया, सभी याचिकाएं खारिज की जाएं

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन कानून पर केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। केंद्र ने कहा, 'वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं बल्कि वैधानिक निकाय है।' केंद्र ने वक्फ (संशोधन) की वैधता के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज करने की मांग की। केंद्र ने कहा, अदालतें वैधानिक प्रावधान पर रोक नहीं लगा सकती, संवैधानिक वैधता की समीक्षा कर सकती हैं और निर्णय दे सकती हैं। संसद में बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। विधायिका द्वारा लागू की गई विधायी व्यवस्था को बदलना स्वीकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल को 7 दिन के अंदर केंद्र से वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा था। इस मामले में अगली सुनवाई 5 मई को होगी। केंद्र ने हलफनामें में कहा कि अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि संशोधन से धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों को छीन लिया जाएगा। आप इस बिंदु पर विचार कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट किसी कानून की विधायी क्षमता और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर समीक्षा कर सकता है। इस संशोधन कानून से किसी भी व्यक्ति के वक्फ बनाने के धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं होता। केवल प्रबंधन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस कानून में बदलाव किया गया है। इसमें कहा गया है कि संसद द्वारा पारित कानून को संवैधानिक रूप से वैध माना जाता है, विशेष रूप से संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की सिफारिशों और संसद में व्यापक बहस के बाद बने हुए कानून को।

- पारदर्शिता के लिए बदलाव किया
- पांच मई को होगी अगली सुनवाई



### प्रावधानों का दुरुपयोग किया गया है

निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए प्रावधानों का दुरुपयोग किया गया है। मुगल काल से पहले, आजादी से पहले और आजादी के बाद वक्फ की कुल जमीन 18 लाख 29 हजार163 एकड़ थी। चौंकाने वाली बात यह है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20,92,072.536 एकड़ की वृद्धि हुई। वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 वैध विधायी शक्ति का वैध प्रयोग है।

यूपी बोर्ड के नतीजे घोषित

## हाई स्कूल में 90.11 व इंटर में 81.15 फीसदी छात्र पास





■ हॉई स्कूल में यश प्रताप व इंटर में महक ने किया टॉप

**प्रयागराज,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को 10वीं और 12वीं का परिणाम घोषित कर दिया है।

हाई स्कूल में 90.11 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए, वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में 81.15 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सभापति डा. महेंद्र देव और सचिव भगवती सिंह तथा परीक्षा समिति के सदस्यों के साथ परीक्षा परिणाम को घोषित किया गया है। इस वर्ष 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए कुल 54,37,233 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, जिसमें हाईस्कूल के परीक्षार्थियों की संख्या 27,32,216 तथा इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों की संख्या 27,05,017 है। हाईस्कूल में 14,49,736 छात्र तथा 12,82,458 छात्राएं पंजीकृत हैं। इंटरमीडिएट में 14,58,983 छात्र तथा 12,46,024 छात्राएं पंजीकृत थे। 10वीं में यश प्रताप सिंह ने 97.83 फीसदी अंकों के साथ टॉप किया है, जबकि 12वीं में महक जायसवाल ने 97.20 फीसदी अंकों के साथ टॉप किया है।

### द्वितीय स्थान पर अंशी व अभिषेक रहे

कक्षा 10वीं में द्वितीय स्थान पर अंशी 97.67 व अभिषेक कुमार यादव 97.67 अंक पाकर संयुक्त तौर पर दूसरे नंबर पर रहे। इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान पर महक जायसवाल ने 97.20 फीसदी अंक हासिल किए हैं। वह बच्चा राम यादव इंटर कॉलेज भुलई प्रयागराज की छात्रा हैं। द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से चार परीक्षार्थी 96.80 फीसदी अंक हासिल कर रहे हैं। साक्षी, आदर्श यादव, शिवानी सिंह और अनुष्का सिंह दूसरे स्थान पर हैं।

## पुलिस ने मेधा पाटकर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता और सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटेकर को दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी एक डिफेमेशन (मानहानि) मामले में की गई है। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। यह कार्रवाई उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि के मामले में दोषसिद्धि के बाद की गई है। मामला दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 2001 में दर्ज कराया था। साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह ने कहा था कि मेधा पाटकर अदालत में उपस्थित नहीं हुईं और उन्होंने जानबूझकर सजा से जुड़े आदेश का पालन नहीं किया।



- कोर्ट ने जारी किया था गैर-जमानती वारंट
- दिल्ली के उपराज्यपाल दर्ज कराया था मामला

### तीन मई को अगली सुनवाई

अगली तारीख के लिए दोषी मेधा पाटकर के खिलाफ दिल्ली पुलिस आयुक्त के कार्यालय के माध्यम से गैर-जमानती वारंट जारी किया जाए। इस मामले पर अगली सुनवाई तीन मई को होगी। विनय कुमार सक्सेना ने 2001 में यह मामला दर्ज कराया था।

## कुणाल कामरा को कोर्ट से राहत, नहीं होगी गिरफ्तारी

**मुंबई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नाम लिए बगैर उन पर की गई टिप्पणी मामले में स्टैंड-अप कमीडियन कुणाल कामरा को बॉम्बे हाई कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने कामरा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई पुलिस को आदेश दिया कि उनके 'गद्दार' कमेंट को लेकर उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर मामले में गिरफ्तार न किया जाए। इसके साथ ही कोर्ट से मुंबई पुलिस को चेन्नई में कुणाल कामरा से पूछताछ की अनुमति भी मिली है। अब मुंबई पुलिस चेन्नई जाकर स्थानीय पुलिस की मदद से कामरा का बयान दर्ज करेगी। जस्टिस सारंग कोतवाल और एसएम मोदक की बेंच ने ये आदेश सुनाया है।

**पुलिस को पूछताछ की अनुमति मिली**

परेशानी — *धार्मिक स्थलों के आसपास रहने वाले लोगों में ज्यादा डर*

## पहलगाम नरसंहार के बाद से ही सहमा जम्मू कश्मीर

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगांव के ताजा हमले के बाद सारे जम्मू कश्मीर में हाई अलर्ट जारी करने की बात कही गई है पर बावजूद उसके सारा प्रदेश सहमा हुआ है। विशेषकर प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के आसपास रहने वाले और कश्मीर घाटी के वाशिंदे। धार्मिकस्थलों के एरिया में रहने वालों को आतंकी हमलों की पुनरावृत्ति का डर है तो कश्मीर में कार बमों की दहशत चेहरों की हवाईयां उड़ा रही हैं।**

अधिकारियों ने दावा किया है कि पहलगांव के ताजा हमले के बाद सारे प्रदेश में सतर्कता को बढ़ाया तो गया लेकिन खुफिया एजेंसियों की खबरों के कारण दहशत फैल रही है। उनका कहना था कि कुछ लोगों द्वारा खुफिया रिपोर्टों को प्रमुखता दिए जाने के बाद लोग अपने आपको असुरक्षित महसूस करने लगे हैं।

असल में खुफिया रिपोर्टें कहती हैं कि आतंकी जम्मू कश्मीर में भी धार्मिक स्थलों पर हमलों को अंजाम दे सकते हैं। यूं तो रघुनाथ मंदिर पर दो बार आतंकी हमला हो चुका है। वैष्णो देवी गुफा तक आतंकी पहुंचे तो कई बार पर हर बार सुरक्षाबलों को सफलता मिली थी। और अब ताजा रपटों के बकौल, वैष्णो देवी का तीर्थस्थान आतंकी हिट लिस्ट में सबसे ऊपर है। अधिकारी इसे मानते हैं कि बहुत बड़े भूभाग में फैले वैष्णो देवी तीर्थस्थल की सुरक्षा कर पाना संभव भी नहीं है। तभी तो तीर्थस्थान के बेस कैम्प कटड़ा में एक बार हथगोले का हमला सात श्रद्धालुओं की जान लील चुका है। चारों ओर पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण आतंकी कई बार शार्टकट रास्तों का इस्तेमाल कर गुफा से मात्र एक-डेढ़ किमी की दूरी पर घात लगा चुके हैं। 'एक करोड़ से अधिक लोगों को सुरक्षा प्रदान कर पाना कितना कठिन काम है आप बेहतर समझ सकते हैं,'कटड़ा में तैनात एक वरिष्ठ केरिपुब अधिकारी का कहना था। ऐसा ही हाल अन्य धार्मिक स्थानों का भी है। जम्मू का रेलवे स्टेशन भी दो हमलों को झेल चुका है। हालांकि लोगों की आस्था कम तो नहीं हुई मगर दहशत और आतंक का साम्राज्य जरूर पुन: फैल रहा है। ऐसा ही साम्राज्य कश्मीर घाटी में प्रतिदिन उस समय फैलता है जब कारों में बमों को लेकर घूमते आतंकवादियों के प्रति खबरें फैलती हैं।



■ वैष्णो देवी तीर्थस्थान आतंकी हिट लिस्ट में सबसे ऊपर

# देश

**उवाच** “ पहलगाम की घटना भारत को अस्थिर करने की उनकी साजिशों को दर्शाती है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार ने इस हमले के जवाब में सही कदम उठाए हैं। सभी राजनीतिक दलों ने इन कार्रवाइयों का समर्थन किया है, जिससे पता चलता है कि देशहित में सब एकजुट हैं। –चंपई सोरेन, भाजपा विधायक



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 40.0 | 24.0 |
| मुंबई | 33.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 35.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 35.0 | 29.0 |

# पहलगाम हमला याद दिलाता है कि आतंकवाद वैश्विक खतरा : धनखड़

## लोगों से की राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देने की अपील

**चेन्नई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला इस बात की याद दिलाता है कि आतंकवाद वैश्विक खतरा है, जिसका समाधान मानवता को एकजुट होकर करना होगा। उन्होंने लोगों से राजनीतिक, व्यक्तिगत और अन्य हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देने की अपील की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे शांतिप्रिय देश है और इसकी सभ्यता की भावना वसुधैव कुटुम्बकम (दुनिया को एक परिवार के रूप में देखने का सिद्धांत) में परिलक्षित होती है, पूरी दुनिया अब इसे मान रही है। उपराष्ट्रपति ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों की याद में मौन रखा। उपराष्ट्रपति ने तमिलनाडु के राजभवन में आयोजित राज्य, केंद्रीय और निजी विश्वविद्यालयों के दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में

**राज्य, केंद्रीय व निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित**



**मानवता को एकजुट होकर करना होगा आतंकवाद का समाधान : जगदीप धनखड़**

बोलते हुए कहा कि हमने इस सम्मेलन के आरंभ में मौन रखा। मैं पहलगाम में हुए जघन्य हमले पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करने में राष्ट्र के साथ हूं, जिसमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि और कुलपतियों ने भी 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की याद में एक मिनट का मौन रखा। पूर्व आर्मी चीफ शंकर रॉय चौधरी ने पहलगाम की घटना को खुफिया विफलता करार दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की भूमिका है। रिटायर्ड जनरल शंकर रॉय चौधरी ने कहा कि इतनी संख्या में आतंकवादी सीमापार कैसे आ गए, इसकी जांच होनी चाहिए। बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी। घटना में पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा से जुड़े संगठन टीआरएफ का हाथ बताया जा रहा है। भारत सरकार ने भी इस मामले में कड़ा रुख अपनाया है और पाकिस्तान के साथ साल 1960 में हुए सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया है।

## अब आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई का इंतजार : अधीर रंजन



**कोलकाता।** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को पहलगाम हमले के संदर्भ में कहा कि जिस तरह से पर्यटकों को मौत के घाट उतारा गया है, उससे यह साफ जाहिर होता है कि हमला करने वाले लोग हैवान थे। उन्होंने आतंकवादियों पर पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अधीर रंजन चौधरी ने इस बात पर बल दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कह रहे हैं कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों को मौत के घाट उतारने वालों से प्रतिशोध लिया जाएगा। हम भी अब इसी बात का इंतजार कर रहे हैं कि वह दिन कब आएगा। हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि निर्दोष लोगों को मारने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जंग कई वर्षों से चली आ रही है। इस जंग में हमें जीत दर्ज करनी होगी। यह जंग कोई नई नहीं है। यह जंग लंबे समय से चली आ रही है। हर मजहब के लोग आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं।

## पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमला अभी शांत नहीं हुआ कि पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पटना व्यवहार न्यायालय परिसर में आरडीएक्स जैसे शक्तिशाली बम के प्लांट होने की बात वाला ईमेल मिलने के बाद शुक्रवार को प्रशासन ने न्यायालय को पुलिस छावनी में तब्दील कर सघन तलाशी ली। व्यवहार न्यायालय के ईमेल पर शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजकर 46 मिनट पर प्राप्त मैसेज के बाद प्रशासन को सूचना दी गई। न्यायालय प्रशासन ने इस संबंध में बार एसोसिएशन को भी सूचना भेजी। सूचना मिलने के बाद नगर पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी)-2 दीक्षा स्वयं मौके पर पहुंची। साथ ही एन्टी टेरेरिस्ट स्क्वाड और बम निरोधक दस्ता को भी बुलाया गया। भारी संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किए गए। ईमेल मिलने के बाद न्यायालय परिसर के अंदर जाने वाले लोगों को रोक दिया गया और फिर धीरे-धीरे सभी न्यायिक पदाधिकारियों, वकीलों एवं कर्मचारियों को परिसर से बाहर निकाला गया। न्यायालय के तीनों द्वार पर प्रत्येक व्यक्ति की मेटल डिटेक्टर से तलाशी ली गई। पुलिस ने पूरे न्यायालय परिसर की भी बम डिटेक्टर और डॉग स्क्वॉड के द्वारा जांच की। गौरतलब है कि शुक्रवार को न्यायालय प्रशासन को एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें न्यायालय परिसर में शक्तिशाली आरडीएक्स बम प्लांट होने की बात कही गई थी। इससे कुछ दिनों पूर्व पटना उच्च न्यायालय में भी बम प्लांट किए जाने की भी खबर मिली थी, जिसके बाद पटना उच्च न्यायालय की भी सघन तलाशी ली गई थी। बता दें कि पहलगाम हमले के बाद मिली इस धमकी को पुलिस काफी गंभीरता से ले रही है।

## देशभर में की जाए कैबिनेट मंत्रियों की तैनाती : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हाल की घटनाओं के मद्देनजर तथा देश के विभिन्न भागों में रहने वाले यहां के छात्रों और व्यापारियों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के लिए शुक्रवार को भारत भर के प्रमुख शहरों में कैबिनेट मंत्रियों को तैनात करने का निर्देश दिया। पहलगाम के प्रसिद्ध रिसॉर्ट के पास सुरम्य बैसरन घास के मैदान में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद देश के विभिन्न भागों में छात्रों सहित उत्पीड़न और हमलों की कई रिपोर्टें आई हैं। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार के इन वरिष्ठ प्रतिनिधियों को संबंधित राज्य सरकारों में अपने समकक्षों के साथ निकट समन्वय स्थापित करने का काम सौंपा गया है। उनका कार्य जम्मू-कश्मीर के निवासियों की सुरक्षा, सम्मान और भलाई सुनिश्चित करना है, जो हाल की घटनाओं के मद्देनजर संकट, चिंता या असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हमारे छात्रों और व्यापारियों में सुरक्षा की भावना पैदा करने के उद्देश्य से मैंने अपने कैबिनेट मंत्रियों को देश भर के विभिन्न शहरों में भेजा है। इन यात्राओं का उद्देश्य संबंधित राज्य सरकारों के साथ प्रयासों का समन्वय करना और जम्मू-कश्मीर के निवासियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना है।



**■ जम्मू-कश्मीर के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

उन्होंने जम्मू-कश्मीर की क्षेत्रीय सीमाओं से परे अपने नागरिकों के कल्याण के लिए प्रशासन की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार अपने लोगों के साथ हर जगह खड़ी रहेगी। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा गुरुवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें देश भर की विभिन्न राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों से कश्मीरियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ (जेकेएसए) ने देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले क्षेत्र के छात्रों से घर के अंदर रहने, सार्वजनिक टकराव से बचने और ऑनलाइन भड़काऊ या राजनीतिक सामग्री में शामिल होने से बचने का आग्रह किया है।

## सार संक्षेप

### कस्तूरीरंगन के निधन पर राहुल ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष पद्म विभूषण डॉ. के कस्तूरीरंगन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। गांधी ने कहा कि इसरो के पूर्व अध्यक्ष भारत की अंतरिक्ष प्रगति के महत्वपूर्ण स्तंभ कस्तूरीरंगन के निधन से दुखी हूं। उनका दूरदर्शी नेतृत्व विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। उनके परिवार, सहकर्मियों और प्रियजनों के प्रति हार्दिक संवेदना

### प्रशांत किशोर की बिहार बदलाव यात्रा 20 मई से

**जमुई।** जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की बिहार बदलाव यात्रा की शुरुआत लोकनायक जय प्रकाश नारायण की जन्मभूमि सिताबदियारा से 20 मई से शुरू होगी। जन सुराज उद्घोष यात्रा के तहत किशोर शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर जमुई पहुंचे। जमुई में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने बड़ा ऐलान किया कि 20 मई को जय प्रकाश नारायण (जेपी) की जन्मभूमि सिताबदियारा से 'बिहार बदलाव यात्रा' की शुरुआत होगी।

### गुजरात ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में पाई सफलता

**गांधीनगर।** गुजरात ने तेज आर्थिक विकास के साथ मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि दुनियाभर के देशों के लिए जब महंगाई एक बहुत ही बड़ी समस्या बनी हुई है, तब भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात ने तेज आर्थिक विकास के साथ मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है।

### एआईएमआईएम ने हैदराबाद स्थानीय प्राधिकरण एमएलसी चुनाव जीता

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन उम्मीदवार मिर्जा रियाज उल हसन इफेंडी ने हैदराबाद स्थानीय प्राधिकरण एमएलसी चुनाव में भाजपा उम्मीदवार एन गौतम राव को हराया है। शुक्रवार को यहां जीएचएमसी पंवार हॉल में हुई मतगणना में एआईएमआईएम उम्मीदवार ने 63 वोट हासिल किया, जबकि भाजपा उम्मीदवार को 25 वोट मिले। हैदराबाद स्थानीय प्राधिकरण एमएलसी निर्वाचन क्षेत्र के लिए बुधवार को मतदान हुआ, जिसमें कुल 112 मतदाता थे और 78 प्रतिशत मतदान हुआ। इनमें से पदेन सदस्यों, विधायकों और अन्य सहित 88 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। संख्या की कमी के कारण कांग्रेस और बीआरएस चुनाव से दूर रहे। तेलंगाना में इस सीट के लिए पिछला चुनाव सर्वसम्मति से हुआ था।

## 12 जून को सिंचाई के लिए खोला जाएगा मेट्टूर बांध

**चेन्नई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में घोषणा की कि मेट्टूर बांध के स्लुइस गेट 12 जून को सिंचाई के लिए खोले जाएंगे। यह घोषणा कावेरी डेल्टा जिलों में कुरुवई धान की खेती के लिए समय पर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मेट्टूर बांध का पानी डेल्टा क्षेत्र के किसानों के लिए उनकी फसलों की खेती के लिए जीवन रेखा है। मंत्री ने कहा कि तैयारियों के हिस्से के रूप में 12 जिलों में 5,021 किलोमीटर लंबी सिंचाई नहरों से गाद निकालने का काम योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है और यह पहले से ही प्रगति पर है। दुरैमुरगन ने कहा कि विशेष ड्रेजिंग परियोजना के तहत 98 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई है। गाद निकालने का काम जारी है और मई के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। बांध का समय पर खुलना हजारों किसानों के लिए महत्वपूर्ण है, जो अपनी फसलों के लिए कावेरी के पानी पर निर्भर हैं। सरकार की प्रारंभिक तैयारी और धन आबंटन का उद्देश्य बांध के खुलने के बाद नहरों के माध्यम से सुचारू जल प्रवाह सुनिश्चित करना है। कावेरी नदी पर बना मेट्टूर बांध मध्य और दक्षिणी तमिलनाडु में कृषि गतिविधियों के लिए जीवन रेखा है। गाद निकालने का काम जोरों पर है और सरकार ने मई के अंत तक इसे पूरा करने का आश्वासन दिया है। यह घोषणा मौसमी जल छोड़े जाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे किसानों के लिए राहत की बात है।

**बिहार में भूमि सर्वे के बीच नीतीश कैबिनेट का बड़ा फैसला**

# मौखिक सहमति से हुए बदलैन को दी गई मान्यता

**पटना,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार सरकार ने भूमि सर्वेक्षण कार्य को और सरल, पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाने के लिए मौखिक सहमति के आधार पर पहले से जमीन के किए गए बदलैन (अदला-बदली) को भी शुक्रवार को मान्यता दे दी। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) डॉ. एस. सिद्धार्थ ने शुक्रवार संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में यहां मंत्रिपरिषद की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को लागू करने के लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त (संशोधन) नियमावली, 2025 की स्वीकृति दे दी।

डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि राज्य में बिहार विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त अधिनियम, 2011 के तहत रैयती और अन्य प्रकार की जमीन का नया रिकॉर्ड (खतियान) और नक्शा तैयार किया जा रहा है। सर्वेक्षण के दौरान यह महसूस किया गया कि इस कार्य को पूरी तरह से सही, पारदर्शी और तेजी से करने के लिए मौखिक सहमति के आधार पर पहले से किए गए जमीन के बदलैन को भी मान्यता दी जानी चाहिए। एसीएस ने कहा कि इसके आलोक में बिहार विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त नियमावली, 2012 में संशोधन कर इसे शामिल करने के लिए 'बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त (संशोधन) नियमावली, 2025' को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई थी। बैठक में नीतीश कैबिनेट ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। कई विभागों में सरकार ने नए पद सृजित किए हैं। यानि बिहार के नौजवानों के लिए अच्छी खबर है। राज्य सरकार सरकारी नौकरी देने को लेकर नए-नए पद सृजित कर रही है।

नीतीश कैबिनेट की बैठक में कुल 34 एजेंडों पर मुहर लगी है। नगर विकास विभाग में एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन के 71 कार्यालयों के सुचारू रूप से संचालन के लिए 663 विभिन्न कोटि के गैर तकनीकी पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। इस पर प्रतिवर्ष 35 करोड़ 27 लाख 48 344 रुपए खर्च होंगे। महाधिवक्ता कार्यालय में 34 स्थाई पद तथा संविदा आधारित 6 पद कुल 40 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी के 104 पद एवं राजस्व अधिकारी सह कानूनगो (भू अर्जन) के 81



**■ नीतीश कैबिनेट ने प्रस्ताव पर लगाई मुहर**

### बिहार सरकार बिजली बिल पर 15995 करोड़ का देगी अनुदान

पटना। बिहार सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में लोगों को उनके बिजली पर 15995 करोड़ रुपए का अनुदान देगी। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना' के तहत बिजली उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट बिजली पर दी जाने वाली सब्सिडी के लिए कुल 15,995 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। यह राशि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक हर महीने 1,332.92 करोड़ रुपये की दर से दी जाएगी। यह पूरा भुगतान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के माध्यम से सीधे एनटीपीसी लिमिटेड को किया जाएगा।

## अनुच्छेद 370 निरस्त करने से भी आतंकवाद का खात्मा नहीं हो सका : माणिक सरकार

**अगरतला,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए और केंद्र सरकार की आलोचना की है कि अनुच्छेद 370 निरस्त करने के बाद से भी केन्द्रशासित प्रदेश से आतंकवाद का खात्मा नहीं हो सका। सरकार ने कहा कि केंद्र का दुष्प्रचार निर्दोष लोगों की जान जोखिम में डाल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी अपील की 22 अप्रैल के हमले के दौरान स्थानीय खच्चरवाले सैयद आदिल हुसैन शाह के बलिदान को नहीं भुलाया जाना चाहिए। सैयद को आतंकियों का सामना करने और पर्यटकों की रक्षा करने की कोशिश करते समय कथित तौर पर गोली मार दी गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री सरकार ने इस आतंकवादी हमले को वर्ष 2019 के पुलवामा हमले जैसा ही बताते हुए याद दिलाया कि उस समय भी सरकार ने 40 जवानों की मौत के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का खात्मा करने का वायदा किया था।

**निर्दोष लोगों की जान जोखिम में डाल रहा केंद्र का दुष्प्रचार**



**■ पहलगाम हमले को लेकर की केंद्र सरकार की आलोचना**

### घाटी में खुफिया निगरानी तंत्र पर उठाए सवाल

वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने पूछा कि फिर भी हमले होते रहते हैं। अगर आतंकवाद वास्तव में खत्म हो गया है तो ऐसी घटनाएं पुनरावृति कैसे हो रही हैं। उन्होंने घाटी में सुरक्षा और खुफिया निगरानी तंत्र पर भी सवाल उठाए। केन्द्र पर 'राष्ट्रीय सुरक्षा' को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए सरकार ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को 'मास्टरस्ट्रोक' बताया गया, लेकिन स्थिति और खराब ही हुई है। लोग पहले से कहीं ज़्यादा असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## त्रिपुरा में बांग्लादेश के झंडे को लेकर दो लोग हिरासत में

**अगरतला,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। अगरतला के जॉयपुर क्षेत्र में गुरुवार रात को एक ऑटो रिक्शा पर बांग्लादेश का राष्ट्रीय ध्वज देखे जाने के बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। प्रदर्शनकारियों ने ऑटो रिक्शा पर बांग्लादेश के झंडे को देखकर आपत्ति जताई और तुरंत पुलिस को सूचित किया।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में ले लिया और आगे की जांच शुरू कर दी। यह घटना अगरतला में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के प्रयासों के बीच हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बटाला मार्केट के चाय विक्रेता दुलाल मिया (62) के रिक्शा के पिछले हिस्से पर झंडा पेंट किया हुआ था। स्थानीय लोगों ने रिक्शा चालक से इस बारे में पूछा तो उसने स्पष्ट किया कि उसने एक सप्ताह पहले ही वाहन किराए पर लिया था और जब तक आपत्ति नहीं जताई गई, तब तक उसे झंडे के बारे में पता नहीं था।

## ब्राह्मणों पर विवादित बयान देकर बुरे फंसे अनुराग कश्यप

**सूरत,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। ब्राह्मणों पर किए गए विवादित बयान को लेकर फिल्म निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप ने भले ही माफी मांग ली हो, मगर उनकी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। देश भर में विरोध के बाद अब सूरत की ज्युडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास (जेएमएफसी) कोर्ट ने अनुराग के खिलाफ नोटिस जारी कर पेश होने का आदेश दिया है। सूरत की जेएमएफसी कोर्ट ने अनुराग के खिलाफ नोटिस जारी कर 7 मई को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है। यह नोटिस ब्राह्मण समाज की ओर से सूरत के वकील कमलेश रावल की शिकायत के बाद जारी की गई है। कोर्ट में शिकायत करने वाले एडवोकेट कमलेश रावल ने अनुराग कश्यप के सोशल मीडिया पोस्ट और माफीनामे को सबूत के तौर पर कोर्ट में पेश किया। कमलेश रावल ने बताया, हाल ही में अनुराग कश्यप ने सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ भद्दा कमेंट किया था। आदित्य दत्ता नाम के व्यक्ति ने जब कश्यप को यह सब न कहने के लिए कहा तो उन्होंने गाली देकर विवादित टिप्पणी की।

मैंने मामले की शिकायत की है, जिसे लेकर अनुराग कश्यप को सात मई को कोर्ट में हाजिर होने के लिए नोटिस दिया गया है। 7 मई को अनुराग कश्यप या उनके वकील को कोर्ट में हाजिर होना है। यदि वह कोर्ट में हाजिर नहीं होते हैं तो कोर्ट एकतरफा फैसला सुना सकता है।



**सूरत कोर्ट ने जारी किया नोटिस**

**तैयारी** *पहलगाम नरसंहार का बदला लेने की तैयारी में जुटी भारतीय सेना*

# आतंकी प्रशिक्षण शिविरों को तबाह करने के सुझाए जा रहे विकल्प

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 25 अप्रैल (देशबन्धु)।

**पहलगांव नरसंहार का बदला लेने की खातिर भारत, पाकिस्तान पर हमला बोलेगा परंतु सिर्फ आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों पर। हालांकि वह इस हमले के परिणामों से भली-भांति अवगत है जिस कारण वह सीमाओं पर सुरक्षा प्रबंध मजबूत करने के लिए सेना को तैनात करने लगा है।**

वैसे पाकिस्तान द्वारा सीमाओं पर सेना का जमावड़ा करने की पहल की गई है क्योंकि वह जानता है कि भारत पहलगांव में हुए हमले का बदला अवश्य लेगा। उच्च पदस्थ रक्षा सूत्रों के मुताबिक, सीमाओं पर फौजों तथा सैनिक साजों सामान की तैयारी हालांकि किसी जंग की खातिर नहीं है बल्कि हमले का बदला लेने के लिए की जाने वाली जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान की ओर से जिस युद्ध को छेड़े जाने की संभावना है, उसका मुकाबला करने के लिए है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, पाक कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवाद के ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला करने की खातिर भारतीय सेना ने पूरी तैयारी कर ली है।

हालांकि एक सूत्र के अनुसार, ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला करने तथा उसके परिणामों से देश को बचाने की खातिर की जाने वाली तैयारियों के लिए भारतीय सेना ने 20 से 30 दिनों का समय मांगा है और यह संभावना बढ़ती जा रही है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के बाद हमले का आगाज हो सकता है। रक्षाधिकारियों के अनुसार, पाक कब्जे वाले कश्मीर में स्थित ट्रेनिंग कैम्पों पर प्रहार करने की खातिर जो तैयारियां आरंभ की गई हैं उनमें पृथ्वी जैसी मिसाइलों की तैनाती से लेकर बोफोर्स तोपों की तैनाती भी होगी ही सेना की कई कमांडों यूनिटों को भी इसके लिए तैयार रहने को कहा गया है जिन्हें उनके टास्क के बारे में पूरी जानकारी दे दी गई है। फिलहाल यह सुनिश्चित नहीं है कि आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों पर हमले के लिए सभी विकल्पों का एकसाथ इस्तेमाल होगा या फिर बारी-बारी से उनका प्रयोग किया जाएगा। इन ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला कर उन्हें तबाह करने के लिए जो विकल्प सुझाए जा रहे हैं उनमें सबसे प्रमुख जमीन से जमीन पर मार करने वाले मिसाइलों का इस्तेमाल तो है ही कमांडो रेड भी शामिल हैं। हालांकि सेनाधिकारियों का विचार है कि सबसे पहले भारत को बिना एलओसी को लांघे ट्रेनिंग कैम्पों को तबाह करने की कोशिश करनी होगी जिसके लिए मिसाइलों तथा बोफोर्स तोपों का इस्तेमाल ही सबसे बेहतर माना जा रहा है। यही नहीं, मिसाइलों तथा बोफोर्स तोपों के बाद कमांडो रेड तथा हवाई हमलों के विकल्प को भी खुला रखा गया है।

इन दोनों विकल्पों का इस्तेमाल उसी स्थिति में किया जाएगा जब पहले वाले दो विकल्पों से जो ट्रेनिंग शिविर बच जाएंगें उन्हें नष्ट करने की खातिर।



**■ पाक की जवाबी कार्रवाई को रोकने के लिए होगी सेना की तैनाती**

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

गप्पू जब भी कपड़े धोता, तभी बारिश हो जाती!
एक दिन धूप निकली तो वो खुश हुआ और दुकान पर सर्फ लेने चला गया!
वो जैसे ही दुकान पर गया,
बादल जोर-जोर से गरजने लगे!
गप्पू आसमान की तरफ मुंह करके बोला -क्या ? किधर ? मैं तो बिस्कुट लेने आया हूं...

# दिल्ली फायर सर्विस को आधुनिक उपकरणों व नई फायर यूनिट्स से किया जाएगा सुसज्जित : रेखा गुप्ता

## मुख्यमंत्री ने कनॉट प्लेस स्थित दिल्ली फायर सर्विस मुख्यालय का किया दौरा

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कनॉट प्लेस स्थित दिल्ली फायर सर्विस मुख्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अग्निशमन कर्मियों से मुलाकात की और दिल्ली फायर सर्विस को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कई महत्तवपूर्ण घोषणाएं भी कीं।

**फायर सर्विस के लिए शॉर्ट टर्म व लॉन्ग टर्म कार्यों का रोडमैप तैयार**

इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली फायर सर्विस को आधुनिक उपकरणों और नई फायर यूनिट्स से पूरी तरह सुसज्जित किया जाएगा। सरकार ने फायर सर्विस के लिए 504 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है, जिसमें से 110 करोड़ रुपए का बजट नई मशीनरी और अत्याधुनिक उपकरणों की खरीद के लिए निर्धारित किया गया है। तंग गलियों वाले इलाकों के लिए विशेष रूप से 100 छोटी और तकनीकी रूप से सुसज्जित दमकल गाड़ियां तैनात की जाएंगी। फायर कंट्रोल रूम को कंप्यूटर एडेड डिस्पैच (कैड) सिस्टम से लैस किया जाएगा, जिससे सभी दमकल वाहनों की रियल टाइम ट्रैकिंग संभव हो सकेगी। सभी दमकल वाहनों में निगरानी कैमरे लगाए जाएंगे और कंट्रोल रूम को तकनीकी रूप से अपग्रेड किया जाएगा। कंट्रोल रूम के दमकल स्टाफ को आधुनिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। दिल्ली फायर सर्विस मुख्यालय के जर्जर भवन का पुनर्निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए सरकार द्वारा बजट भी स्वीकृत किया जा चुका है।



हमारी सरकार का उद्देश्य है कि फायर सर्विस को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया जाए, ताकि वे हर चुनौती का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें : रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री दिल्ली

मुख्यमंत्री ने बताया कि फायर सर्विस के लिए शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म कार्यों का विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है। शॉर्ट टर्म कार्यों में स्टाफ की भर्ती, उपकरणों की मरम्मत और जन-जागरूकता अभियान शामिल हैं। लॉन्ग टर्म कार्यों के तहत एक जीआईएस आधारित सेंट्रल पोर्टल विकसित किया जाएगा, दमकल वाहनों का आधुनिकीकरण किया जाएगा और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों के माध्यम से अग्निशमन सेवा को वैश्विक स्तर की क्षमताएं प्रदान की जाएंगी।

दिल्ली फायर सर्विस को अत्याधुनिक उपकरणों जैसे एडब्लूटी वाहन, 32 मीटर टर्नटेबल लैडर और मिनी फायर-फाइटिंग रोबोट से सुसज्जित किया गया है, जो न केवल आपातकालीन स्थितियों में दक्षता बढ़ाते हैं, बल्कि फायरफाइटर्स की सुरक्षा को भी सुनिश्चित करते हैं। गुप्ता ने बताया कि दिल्ली फायर सर्विस हमारी राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था की एक मजबूत और अहम कड़ी है। आपातकालीन परिस्थितियों में दिल्ली फायर सर्विस के कर्मी जिस साहस, तत्परता और सेवा-भाव से कार्य करते हैं, वह सराहनीय है। हमारी सरकार का उद्देश्य है कि फायर सर्विस को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया जाए, ताकि वे हर चुनौती का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें। हम दिल्ली को एक सुरक्षित और सतर्क शहर बनाने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह मेरे लिए गौरव का क्षण है कि मैं आज दिल्ली की उस सेवा इकाई के सामने खड़ी हूं, जो साहस, समर्पण और संकल्प का प्रतीक है।

# पहलगाम की घटना को लेकर जाफराबाद के मुसलमानों ने निकाला कैंडल मार्च

## रोष प्रदर्शन कर राक्षसों को सरेआम गोलियों से भून कर सर्वनाश करने की मांग की

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कश्मीर के पहलगाम में नृशंस नरसंहार के विरोध में शमां एजुकेशनल एंड पॉलिटेक्निक सोसायटी व जाफराबाद आर डब्ल्यू ए द्वारा रोष प्रदर्शन और कैंडल मार्च निकालकर अपने गम और गुस्से का प्रदर्शन किया।




संस्था के महासचिव डॉक्टर फहीम बेग ने पहलगाम आतंकी नरसंहार की घोर निंदा करते हुए कहा कि जिस प्रकार आरपीएफ के जवान चेतन सिंह ने नाम पूछ कर ट्रेन में मासूमों को कत्ल किया। इस प्रकार से ही टीआरएफ के आतंकियों के द्वारा नाम पूछ कर नरसंहार करने की घटना एक ही रूप में देखी जानी चाहिए, क्योंकि आतंक का कोई धर्म व जाति नहीं होती। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से निवेदन करते हैं कि मरने वाले शहीदों को 5 करोड़ का मुआवजा और प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए। समाजसेवी जगमोहन शर्मा ने केंद्र सरकार से अपील करते हुए कहा कि कश्मीर और पूरे देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए। समाजसेवी एन एल निगम ने भी शहीदों को इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई। कार्यक्रम में मिर्ज़ा शाहिद चंगेजी, डॉक्टर फ़हीम बेग, मोहम्मद साबिर, जगमोहन शर्मा, एन एल निगम, आसिफ खान, अतीक कुरैशी, नफीसउद्दीन, मोहम्मद आदिल, इरफान सैफी राही, मुस्कान खान, नसरीन बेगम, फाजिल खान, लियाकत इदरीसी, हाफ़िज़ सवालहीन, शकील सैफी, फ़ैज़ान खान, अमश बेग, फरहान, हिफ्जू रहमान, शाहबाज खान, तालिब कससार मोहम्मद अनीस, आसिफ इदरीसी, नौशाद खान, युसूफ मिर्जा, सलीम मलिक हैदर अली, रशीद खान आदि ने रोष प्रकट किया।

# आतंकवादी हमले के विरोध में एनसीपी ने कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी अजीत पवार गुट ने नार्थ एवेन्यू स्थित पार्टी मुख्यालय के पास कैंडल मार्च कर हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। वहीं एनसीपी के प्रमुख महासचिव,प्रवक्ता एवं दिल्ली प्रभारी बृजमोहन श्रीवास्तव ने इस हमले की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए इसे कायराना हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि यह हमारे गणतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है।

इस अवसर पर एनसीपी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, अधिवक्ता सेल के प्रदेश अध्यक्ष टी एस वरुण, प्रदेश मीडिया प्रभारी और प्रवक्ता दीपाली अरोड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष ईमरान सैफ़ी, मनीष सभरवाल सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि हर हिन्दुस्तानी जो भारत से प्यार करता है वह आज गुस्से में हैं और आतंकवादियों ने जो करतूत की है, उसका जवाब जल्द मिलेगा। जाति, धर्म पूछकर मासूम, निर्दोषो की जान लेने वाले आतंकियों को उनकी ही भाषा में जवाब देना है। यह आज का हिन्दुस्तान है, यह श्री नरेन्द्र मोदी का हिन्दुस्तान जो ऊरी हो या फिर पुलवामा हो उसके बाद जवाब दिया है और अब जल्द ही पहलगाम के बाद भी जवाब देगा। अभी तो सिर्फ नदी का पानी बंद किया है, वीज़ा रद्द किया है और एम्बेसी में संख्या कम करवाई है लेकिन जल्द ही हम पहलगाम का बदला उन्हीं की भाषा में लेंगे।




# पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में आक्रोश है। इसी कड़ी में शुक्रवार को दिल्ली देहात के 360 गांवों के लोगों ने पालम 360 गांव के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और कैंडल मार्च निकाला।

यह कैंडल मार्च पालम एक्सटेंशन स्थित अंबेडकर भवन से शुरू होकर रामपाल चौक तक गया। मार्च में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए जिन्होंने हाथों में मोमबत्तियां लेकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई। इस मौके पर चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने केंद्र सरकार से पाकिस्तान और आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अब सहनशीलता की सीमा पार हो चुकी है, देश को निर्णायक कदम उठाना होगा। चौधरी सोलंकी ने यह भी ऐलान किया कि वे जल्द ही पहलगाम हमले में शहीद हुए जवानों के परिवारों से मिलेंगे और उनके दर्द को साझा करेंगे। इसके बाद दिल्ली स्थित पाकिस्तान दूतावास का घेराव कर सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई की ओर आकर्षित करेंगे। कैंडल मार्च के दौरान शहीदों अमर रहें, पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद हाय-हाय जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। लोगों ने साफ कहा कि अब देश को आतंक के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लडऩी होगी। इस शांतिपूर्ण लेकिन दृढ़ प्रदर्शन ने यह संदेश दे दिया कि दिल्ली देहात का हर गांव, हर नागरिक देश की एकता और शहीदों के सम्मान के लिए पूरी तरह एकजुट है।



■ पाकिस्तान दूतावास के घेराव की चेतावनी

# उपराज्यपाल ने पीडब्ल्यूडी में लापरवाही व अनियमितताओं पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके. सक्सेना ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में लापरवाही और अनियमितताओं को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए एक इंजीनियर पर कार्रवाई की है। इंजीनियर के खिलाफ लापरवाही बरतने की शिकायतें मिली थीं।

पीडब्ल्यूडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर रामाशीष को ड्यूटी में लापरवाही बरतने और एनएच-24 के पास नाले की सफाई में गंभीर खामियों के चलते निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई दिल्ली के उपराज्यपाल ने पीडब्ल्यूडी मंत्री परवेश वर्मा की सिफारिश के बाद की। बता दें कि 21 मार्च को पीडब्ल्यूडी मंत्री परवेश वर्मा और विधायक रवि नेगी ने संबंधित स्थल का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान नाले में भारी गाद जमा पाई गई, साथ ही अतिक्रमण के भी प्रमाण मिले। इसके बाद एलजी कार्यालय को विस्तृत रिपोर्ट सौंपी गई थी।



■ पीडब्ल्यूडी इंजीनियर को किया निलंबित

इसके अलावा 6, फ्लैगस्टाफ रोड के निर्माण कार्य में अनियमितताओं को लेकर पीडब्ल्यूडी के एक और इंजीनियर विनय चौधरी का निलंबन 180 दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है। पहले से निलंबित विनय चौधरी पर निर्माण में गंभीर अनियमितताओं के आरोप हैं।

इधर, दिल्ली सरकार के मंत्री परवेश वर्मा ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया है कि 335 असिस्टेंट और जूनियर इंजीनियरों के निलंबन आदेश पहले से तैयार रखे जाएं। ये आदेश उन इलाकों में जलभराव की स्थिति बनने पर लागू किए जाएंगे, जहां इन अधिकारियों को स्थानीय प्रभारी के रूप में तैनात किया गया है।

## सार संक्षेप

### केनरा बैंक ने उधारकर्ताओं को दी राहत आरएलएलआर में की कटौती

**नई दिल्ली।** अपने ग्राहकों पर वित्तीय बोझ को कम करने के उद्देश्य से, केनरा बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति एमपीसी द्वारा रेपो दर को 6.25 फीसदी से घटाकर 6.00 फीसदी करने के निर्णय के बाद, अपने रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट आरएलएलआर में 25 आधार अंकों की कटौती की है। यह दर संशोधन 12 अप्रैल 2025 से प्रभावी है, और ऋण को अधिक किफायती बनाकर उधारकर्ताओं को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाता है। ऐसे होगा ग्राहकों को फायदा आरएलएलआर में कटौती के साथ, सभी ऋणों के लिए ब्याज की न्यूनतम दर कम कर दी गई है, जिनमें से लोकप्रिय ऋण उत्पाद हैं। जैसे आवास ऋण अब 7.90 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू, वाहन ऋण अब 8.20 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू।

### बजाज चेतक का अग्रणी बनने का सिलसिला जारी : एरिक वास

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 की क्यू4 में बजाज चेतक ने भारतीय इलेक्ट्रिक टू-व्हीलरसेगमेंट में वॉल्यूम और वैल्यू दोनों के लिहाज से नंबर 1 पोजिशन हासिल की है। 29 प्रतिशत के प्रभावशाली मार्केट शेयर के साथ चेतक ने यह उपलब्धि दर्ज की है। यह कामयाबी एक बार फिर साबित करती है कि परफॉर्मेंस, भरोसे और स्टाइल का संतुलन देने वाला बजाज चेतक देशभर के ग्राहकों की पहली पसंद बन चुका है। यह कामयाबी बजाज चेतक की उस विरासत की वापसी है, जिसने एक दौर में स्कूटर मार्केट पर राज किया था। बजाज ऑटो लिमिटेड के अर्बनाइट बिजनेस यूनिट के प्रेसिडेंट एरिक वास ने कहा इस खास मुकाम तक पहुंचकर हमें बेहद खुशी है। चेतक एक बार फिर ग्राहकों की पसंद बन चुका है। आयसीईसे लेकर अब इलेक्ट्रिक अवतार तक। बजाज ऑटो ने टू-व्हीलरऔर थ्री-व्हीलरसेगमेंट में अपनी पेशकशों के जरिए ईव्हीक्रांति को आगे बढ़ाया है। यह सफलता हमारे फोकस्ड स्ट्रैटेजी, अलग प्रॉडक्ट्स, बेहतर कस्टमर एक्सपीरियंस और मजबूत सर्विस नेटवर्क का नतीजा है।

### लिवगार्ड ने भावी ऊर्जा समाधानों के लिए नए सीईओ की नियुक्ति की



**नई दिल्ली।** एसएआर समूह के अंतर्गत ऊर्जा भंडारण और सौर समाधानों में भारत के अग्रणी ब्रांड लिवगार्ड ने समीर नागपाल को अपने नए प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है। प्रबंध निदेशक और सीईओ के रूप में, समीर ऊर्जा भंडारण और सौर समाधान उद्योग में कंपनी को गति देने में मदद करेंगे। लिवगार्ड में शामिल होने से पहले, समीर ने डालमिया भारत लिमिटेड, शालीमार पेंट्स, ट्रेन टेक्नोलॉजीज, जीआईईसीओएम इलेक्ट्रॉनिक सिक्योरिटी सिस्टम्स और कैरियर कॉर्पोरेशन जैसे प्रसिद्ध संगठनों में प्रमुख पदों पर कार्य किया है।

# राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए दिल्ली सरकार द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग द्वारा वार्षिक हिंदी प्रतियोगिता में सफल कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सरकारी कर्मियों में हिंदी भाषा में कार्य करने की रुचि बढ़ाना है। कार्यक्रम में हिंदी टिप्पण, टंकण, निबंध, स्टैनो एवं सुलेख जैसी श्रेणियों में विजेताओं को नकद राशि एवं शील्ड प्रदान की गई।

**सरकारी कर्मियों में हिंदी भाषा में कार्य करने की रुचि बढ़ाना है प्रतियोगिता का उद्देश्य**

समारोह में विभाग के मंत्री श्री कपिल मिश्रा ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि भले ही पुरस्कार राशि सीमित है, लेकिन प्रतिभागियों का उत्साह प्रशंसनीय है। उन्होंने अगले वर्ष पुरस्कार राशि बढ़ाने की घोषणा की। मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हिंदी भाषा के प्रति लोगों की रुचि बढ़ी है। पहले जहां हिंदी बोलना पिछड़ेपन का प्रतीक माना जाता था, वहीं अब न्यायपालिका और सेना में भी इसका व्यापक उपयोग हो रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर व्यक्ति को अपनी मातृभाषा हिंदी का सम्मान करना चाहिए और घर के बच्चों को भी अच्छी हिंदी सिखानी चाहिए। समारोह में बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अब नहीं चलेगी बहानेबाजी, भाजपा को करना पड़ेगा काम : भारद्वाज



**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में लगभग दो साल के अंतराल के बाद एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मेयर बना है। शुक्रवार को राजा इकबाल सिंह को नया मेयर चुना गया। उन्हें कुल 133 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार मंजीत सिंह को आठ वोट प्राप्त हुए। एक वोट अमान्य घोषित किया गया। कुल 142 वोट डाले गए थे।

नतीजों के बाद 'आप' नेता सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि तमाम हथकंडे और जोड़तोड़ के बाद भी 250 पार्षदों की एमसीडी में भाजपा के पास सिर्फ 117 पार्षद हैं। 238 पार्षदों के हाउस में बहुमत का आंकड़ा 120 का बनता है। भाजपा जान ले कि अब चार इंजन की सरकार में कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी, कोई बयानबाजी नहीं चलेगी। अब तो काम करके दिखाना पड़ेगा। जनता एक महीने में सब जान जाएगी।

# दिल्ली में 50 और होंगे स्वचालित मौसम स्टेशन

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दिल्ली के लिए 50 अतिरिक्त स्वचालित मौसम स्टेशन (एब्ल्यूएस) लगाने के निर्देश दिए हैं। डॉ सिंह शुक्रवार को यहां मौसम और आपदा की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मंत्रालयों की एक उच्च स्तरीय बैठक ले रहे थे। बैठक में पृथ्वी विज्ञान सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन और आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र जैसे वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार उन्होंने अधिकारियों को दिल्ली में मौसम निगरानी तंत्र को और मजबूत बनाने के लिए 50 अतिरिक्त एडब्ल्यूएस प्रणाली स्थापित करने के निर्देश दिए। दिल्ली में अभी दिल्ली में अभी 18 स्वचालित मौसम स्टेशन चल रहे हैं और दीर्घकाल में राष्ट्रीय राजधानी मौसम स्टेशन की संख्या 100 तक करने का दीर्घकालिक लक्ष्य है।

**देश भर में डाप्लर रडार स्टेशन एक साल में होंगे दो गुने**

# सस्ते सामान व रोजगार निर्माण पर करें फोकस : रविन्द्र इन्द्राज सिंह

## सहकारिता मंत्री ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री श्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने शुक्रवार को दिल्ली कंज्यूमर को-ऑपरेटिव होलसेल स्टोर लिमिटेड डीसीसीडब्ल्यूएस के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। सहकारिता मंत्री ने बैठक के दौरान निर्देश दिए की विभाग का फोकस दिल्ली वासियों को कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता का सामान उपलब्ध कराने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर हो।

रविन्द्र इन्द्राज ने निर्देश दिए की डीसीसीडब्ल्यूएस अपने होल सेल स्टोर और रिटेल ग्रॉसरी स्टोर में उच्च गुणवत्ता का सामान उचित कीमत पर उपलब्ध कराये। विभाग दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं की उपलब्धता बढ़ाकर आमजन को राहत देने के लिए सभी आवश्यक संभावनाओं के लिए प्रयास करे। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के आदेश हैं की 'सहकारिता से आत्मनिर्भरता' संकल्प की दिशा में सहकारिता से जुड़े सभी विभागों में रोजगार निर्माण एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास हों। डीसीसीडब्ल्यूएस का कौशल विकास केंद्रों के जरिए मैनपावर तैयार करने और रोजगार मुहैया कराने पर फोकस होगा।




**उत्तर रेलवे**

**ई-खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्याः 128-डब्लयू/269/निविदा सूचना/25-26/डब्लयू-ई/ टेंडर नं. 08 दिनांक 24.04.2025

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यो के लिए खुली निविदा दिनांक 16.05.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | (ए) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-I. के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/ट्रांजिट कैंप के कार्य क्षेत्र में लेखा भवन, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली का सुधार कार्य, जिससे भवन उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षित और रहने योग्य बन सके हेतु। |
| अनुमानित लागत | (ए) रुपये 18789089.87 |
| धरोहर राशि | (ए) रुपये 244000.00 |
| समापन अवधि | (ए) 06 महीने |

1. निविदा दिनांक 16.05.2025 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

1225/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54 वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम तिरथली में उप जिलाधिकारी, जेवर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या- 889/एस.टी.-एस.डी.एम./2022, दिनांक 22.06.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है –

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से सम्बन्ध | आयु लगभग | विवाहित अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तिरथली | 168 | स्व0 श्रीमती रामढकेली पत्नी राजाराम, नि0 ग्राम तिरथली, नि0 ग्राम तिरथली, पर0 व तह0-जेवर, जनपद-गौतमबुद्धनगर | अजीत | पुत्र | 39 वर्ष | विवाहित |
| | | | | ब्रजेश | पुत्र | 33 वर्ष | विवाहित |
| | | | | हेमलता | पुत्री | 35 वर्ष | विवाहित |
| | | | | करिश्मा | पुत्री | 27 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रबूपुरा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्रसंख्या 971/एस०टी० एस०डी०एम०/2024 दिनांक 24.02.2025 श्री सौदान सिंह पुत्र बहोरी नि० ग्राम नगला पदम सिंह पर० व तह० जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यू दिनांक 19.09.2014, को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है–

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम व पता | वारिसानों का नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रबूपुरा | 1353म | श्री सौदान सिंह पुत्र बहोरी नि0 ग्राम नगला पदम सिंह पर0 व तह0 जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर | महेश | पुत्र | 50 वर्ष | विवाहित |
| | | | सुरेश | पुत्र | 47 वर्ष | विवाहित |
| | | | सुशील | पुत्र | 42 वर्ष | विवाहित |
| | | | मुन्ना | पुत्र | 34 वर्ष | विवाहित |
| | | | रेखा | पुत्रवधु | 32 वर्ष | विधवा |
| | | | नगीना | पौत्री | 22 वर्ष | विवाहित |
| | | | राखी | पौत्री | 18 वर्ष | अविवाहित |
| | | | धीरज | पौत्री | 19 वर्ष | अविवाहित |
| | | | लब्बू | पौत्र | 17 वर्ष | अविवाहित |
| | | | नीरज | पौत्र | 15 वर्ा | अविवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण



**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-01,सैक्टर-नॉलेज पार्क-4,ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-हजरतपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या-एच.ए.जे.031 भूखण्ड संख्या-एच-25, क्षेत्रफल-80 वर्ग मीटर को आवंटित श्री ब्रहम सिंह पुत्र श्री भरत सिंह, निवासी-ग्राम-चमरावली बोडाकी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को आवंटित किया गया था। आवंटी श्री ब्रहम सिंह पुत्र श्री भरत सिंह की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री राम मेहर पुत्र स्व० श्री भरत सिंह भाई स्व० श्री ब्रहम सिंह, सर्वश्री विनोद भाटी, रमेश, मनोज भाटी पुत्रगण स्व० श्री राम किशोर, श्री संतराज, विकल कुमार पुत्रगण स्व० श्री सेलक राम, श्रीमती बाला देवी पत्नी स्व० श्री सेलक राम, श्रीमती शीतल (विवाहित) पुत्री स्व० श्री सेलक राम भतीजागण/भाभी/भतीजी स्व० श्री ब्रहम सिंह, निवासी-ग्राम-चमरावली बोडाकी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्री राम मेहर पुत्र स्व० श्री भरत सिंह भाई स्व० श्री ब्रहम सिंह, निवासी-ग्राम-चमरावली बोडाकी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री राम मेहर पुत्र स्व० श्री भरत सिंह भाई स्व० श्री ब्रहम सिंह, निवासी-ग्राम-चमरावली बोडाकी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत जन समस्याओं के समाधान के साथ-साथ शहर की स्वच्छता को बेहतर करने के लिए कार्य विभाग कर रहा है, जिसके क्रम में निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट निस्तारण का कार्य निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है, जिसके लिए बैठक का आयोजन नगर आयुक्त की अध्यक्षता में हुआ मोहन नगर तथा विजयनगर ज़ोन को कार्य की रफ्तार बढ़ाने की कड़े निर्देश दिए गए: **अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त।**

### यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित

## 10वीं में तनवी व 12वीं में देव ने किया जिला टॉप

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) हाईस्कूल इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे जारी कर दिया गया है। हाईस्कूल में जनपद कि तनवी नागर ने जिला टॉप किया है। तन्वी ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किए। वह नोएडा के यश मेमोरियल स्कूल की छात्रा है। दूसरे नंबर पर शीतल सिंह है। उन्होंने 93.17 प्रतिशत अंक हासिल किए। वो भी यश मेमोरियल स्कूल की है। तीसरे स्थान पर कृष्णा है।

कृष्णा ने 92.83 प्रतिशत अंक हासिल किए। वह एडीएस इंटरकॉलेज नवादा दनकौर के छात्र है। 12वीं में वीआरयसवी इंटर कालेज कलौंदा के देव ने जनपद में इंटर में 90.80 प्रतिशत से टॉप किया है।

सीआरएस गर्ल्स इंटर कॉलेज सदरपुर की अनुष्का कुमारी ने दूसरा अंक प्राप्त किया है। उनके 90.80 अंक प्राप्त किए है। केसीएस गर्ल्स इंटर कॉलेज सूरजपुर के अंशु जायसवाल ने तीसरा स्थान हासिल किया है। उनके 89.80 अंक आए है। बोर्ड परीक्षा परिणाम की जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने दी। इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम में गौतमबुद्ध नगर हाईस्कूल में 28वें पायदान नीचे खिसककर 31वें पर पहुंच गया है। 2024 में प्रदेश में तीसरे पायदान पर जनपद के हाईस्कूल के छात्र थे। वहीं इंटरमीडिएट के छात्र प्रदेश में 14वें स्थान पर आए हैं, जबकि पिछले सत्र में 32वें पायदान पर गौतम बुद्ध नगर के छात्र थे। जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में इस वर्ष हाईस्कूल में 91.15 प्रतिशत छात्र और इंटर में 86.56 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। हाई स्कूल में 22128 में से 200825 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से 18981 में सफलता हासिल की है। वहीं इंटर में 19762 में 19059 छात्र सम्मिलित हुए थे। जिसमें से 16327 में सफलता हासिल की है। 86.56 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं।





**यूपी बोर्ड परीक्षा में जिले के इंटरमीडिएट टॉपर विद्यार्थी**

| स्थान | विद्यार्थियों के नाम | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | देव | 90.80 |
| 2 | अनुष्का कुमारी | 90 |
| 3 | अंशु जायसवाल | 89.80 |
| 4 | रिशु शर्मा | 89.40 |
| 5 | मोहिनी पाल | 88.60 |
| 6 | लक्ष्मी सवल | 88.40 |
| 7 | निधि कुमारी झा | 88 |
| 8 | शिखा | 87.80 |
| 9 | शुभम कुमार | 87.80 |
| 10 | समबुल | 87.80 |
| 11 | नंदनी | 87.80 |
| 12 | चिंटू | 87.60 |
| 13 | खूशबू | 87.60 |
| 14 | नवीन कुमार | 87.20 |

**यूपी बोर्ड हाईस्कूल में जिला के टॉपर विद्यार्थी**

| स्थान | विद्यार्थियों के नाम | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | तनवी | 95.00 |
| 2 | शीतल सिंह | 93.17 |
| 3 | कृष्णा | 92.83 |
| 4 | प्रियंका | 89.40 |
| 5 | गीतांजलि | 92.00 |
| 6 | शुभम कुमार तिवारी | 91.83 |
| 7 | मोहित कुमार | 91.83 |
| 8 | सोनी चौधरी | 91.67 |
| 9 | खनक | 91.00 |
| 10 | संजना | 91.00 |
| 11 | वंशिका | 91.00 |
| 12 | क्रिष कुमार | 90.83 |
| 13 | करन प्रजापति | 90.83 |
| 14 | अलीसा नूर | 90.67 |
| 15 | विशाल | 90.67 |
| 16 | रितिका सिंह | 90.67 |

## बिना ट्यूशन के हाईस्कूल में कृष्णा ने हासिल किया तीसरा स्थान



**दनकौर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के अट्टा गुजरान गांव निवासी छात्रा कृष्णा ने बिना ट्यूशन के हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में 557 अंक 92.83 प्रतिशत के साथ जिले में तीसरा स्थान हासिल किया। छात्रा के पिता गांव में किराना की दुकान करते हैं और मां गृहणी हैं। कृष्णा का सिविल सर्विस में तैयारी कर देश की सेवा करने का सपना है। छात्रा की इस उपलब्धि से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। छात्रा ने बताया कि वह एसडीएस स्कूल नवादा से हाईस्कूल की पढ़ाई की है। शिक्षकों ने बिना ट्यूशन के मुकाम हासिल करने का फॉर्मूला बताया था कि शुरू से ही प्रत्येक विषय पर टॉपिक तैयार करो और एक समय मे एक ही टॉपिक पर होमवर्क करो। शुरू से ही शिक्षकों के बताए गुरुमंत्र पर पढ़ाई कर जिले में पहला स्थान लाने की ठानी थी, लेकिन तीसरा हासिल हुआ। आगे पहले स्थान पर आने की कसर पूरी करूंगी। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के बाद भी माता-पिता ने पढ़ाई के लिए सभी संसाधन समय से पहले उपलब्ध कराए। पिता की सलाह पर सोशल मीडिया से दूर रहकर पढ़ाई करना भी मेरे लिए सही साबित हुआ है। पढ़ाई कर रहे अन्य छात्र छात्राओं के लिए भी मेरा मैसेज है कि टॉपिक बनाकर पढ़ो और मोबाईल का प्रयोग ना करो। गणित उसका पसंदीदा विषय है, जिसमें 99 नंबर आये हैं। आगे की पढ़ाई भी गणित के साथ ही करेगी। पिता राजसिंह ने बताया कि बेटी कृष्णा को बचपन से ही पढ़ाई का शौक रहा है।



## बारहवीं में सफल छात्रा निधि बनना चाहती हैं डॉक्टर



**दनकौर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। बिलासपुर कस्बे की रहने वाली निधि कुमारी झा के हैं जिन्होंने बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 440 (88 प्रतिशत) अंक लाकर गौतमबुद्ध नगर में सातवां स्थान प्राप्त किया है। वह दनकौर कस्बा स्थित किसान आदर्श इंटर कालेज की छात्रा हैं। जिन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने बिजनेसमैन पिता सुशील झा, गृहणी माता सोनी कुमारी और कॉलेज के अध्यापकों एवं प्रधानाचार्य मनोज नागर को दिया है। उन्होंने बताया कि वह तीन बहनें और उनका एक भाई है । निधि ने बताया कि उन्होंने शुरू से ही डॉक्टर बनने का अपना लक्ष्य निर्धारित कर लिया है और उसी को ध्यान में रखकर पढ़ाई कर रही हैं। कालेज की पढ़ाई के साथ साथ वह नीट की भी तैयारी कर रही हैं ताकि उसकी परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की जा सके। इसके लिये उन्होंने कालेज में पढ़ाई करने के साथ साथ लगातार ऑनलाइन कोचिंग भी ली है। निधि का कहना है कि डॉक्टर बनकर वह अपने पिता का सपना पूरा करेंगी। साथ ही अन्य छात्रों को संदेश देते हुए कहा है कि कोई भी लक्ष्य प्राप्त करना मुश्किल नहीं होता है शर्त यह है कि जब आप लक्ष्य निर्धारित कर लें तो उसी के अनुसार स्वयं को ढालकर मेहनत शुरू करनी पड़ती है।

## 12वीं टापर देव बनना चाहते हैं आईएएस, 8 घंटे पढ़ाई की

**नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर में 12वीं की टॉपर देव ने इस मुकाम को हासिल करने के लिए 8 घंटे से ज्यादा पढ़ाई की। कही सवाल फस जाए या समझ नहीं आने पर यू ट्यूब से लिंक निकालकर उसे जरूर देखा। सोशल मीडिया पर एकाउंट तो है। लेकिन 30 से 40 मिनट से ज्यादा कभी एक्टिव नहीं रहे। क्योंकि इससे ज्यादा एक्टिव समय की बरबादी है। वो आईएएस बनना चाहते है। इसके लिए सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे है। उनका मन है वो फर्स्ट अटैंप्ट में इस मुकाम को हासिल करे। उनका लक्ष्य आईएएस बनने का है। इसके लिए वह अभी से अखबार और जीके को मजबूत कर रही है। साइंस स्ट्रीम में उन्होंने 90.80 प्रतिशत अंक हासिल किए। वो वीआरएसबी इंटर कॉलेज कलौंदा के छात्र है। उन्होंने 500 में से 454 अंक मिले। उन्होंने बताया कि उनके सब्जेक्ट पीसीएम के अलावा हिंदी और अंग्रेजी थे। फिजिक्स में 83, केमिस्ट्री में 87, मैथ में 95 हिंदी में 96 और अंग्रेजी में 95 अंक प्राप्त किए। मेहनत के साथ उन्होंने ट्यूशन नहीं लिया। उन्होंने बताया कि उनके पिता जितेंद्र प्रसाद एक प्राइवेट स्कूल में टीचर है। इसलिए उन्हें पता है कि बच्चों को किस तरह से गाइड करना है। उन्हें अपने बेटे पर गर्व है और उसे आगे बढ़ता देखना चाहते है। देव अपने पिता को ही आदर्श मानता है। माता प्रियांशी हाउस वाइफ है। उन्होंने बताया कि एक साथ पढ़ने की बजाए साल भर पढ़ना बेहतर है। उनका लक्ष्य आईएएस है। इसके बाद वे पहले ग्रेजुएशन करेंगी इसके साथ ही आईएएस की तैयारी करेंगी। उन्होंने बताया कि कमेस्ट्री में उनको उम्मीद थी कि ज्यादा नंबर आएंगे। लेकिन नंबर उम्मीद से थोड़े कम रह गए।



- पिता टीचर, दिन में सिर्फ 30 मिनट सोशल मीडिया पर रहते हैं एक्टिव

## 10वीं टॉपर तन्वी डिफेंस में बनाना चाहती हैं करियर

**नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर में 10वीं की टॉपर तन्वी नागर ने पेपर के दिनों में 6 घंटे तक पढ़ाई की। कही सवाल फस जाए या समझ नहीं आने पर यू ट्यूब से लिंक निकालकर उसे जरूर देखती है। उनका कहना है कि इंटरनेट जानकारी का खजाना है। लेकिन सही प्रयोग से ही इसका फायदा लिया जा सकता है। इसलिए जब फंसे तब ही इसका प्रयोग किया। सोशल मीडिया पर बहुत कम एक्टिव रहना चाहिए। उनका कहना है कि ये टाइम किलर मशीन है।


उनका लक्ष्य डिफेंस में जाने का है। इसके लिए वो अभी से तैयारी कर रही है। इसके लिए अखबार और जीके को मजबूत कर रही है। साइंस स्ट्रीम में उन्होंने 95 प्रतिशत अंक हासिल किए। उन्होंने 600 में से 570 अंक मिले। उन्होंने बताया कि उन्होंने हिंदी में 91, अंग्रेजी में 97, मैथमेटिक्स में 100, साइंस में 96, सोशल साइंस 93 और कंप्यूटर 93 अंक हासिल किए।

उन्होंने बताया कि टाइम मैनेजमेंट और टाइम टेबल बनाकर पढ़ने से काफी परेशानी कम हो जाती है। एक साथ पढ़ने की बजाए साल भर पढ़ना बेहतर है। उनका लक्ष्य डिफेंस में जाने का है। उनके पिता दीपक नागर पेशे से प्राइवेट जॉब करते है। वहीं माता सुनीता हाउस वाइफ है। उन्होंने बताया कि टीचरों ने उनका पूरा साथ दिया। पिता को रोल मॉडल मानती है। उनके कहने पर ही चलती हूं।

उन्होंने बताया कि एग्जाम के समय सिर्फ मैथ में परेशानी लग रही थी। पेपर अच्छा गया था लेकिन लग रहा था कही मार्क्स कट न जाए। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। 100 नंबर हासिल किए। उनको नहीं पता था कि वो जिला टॉप कर सकती है। लेकिन ऐसा हुआ।



## अनस ने 10वीं में तो पीयूष ने 12वीं कक्षा में जिला टॉप किया, बधाइयों का लगा तांता



**गाजियाबाद,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिए गए। गाजियाबाद में यूपी बोर्ड की हाई स्कूल की परीक्षा का परिणाम 86.67 प्रतिशत रहा जबकि 12वीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इस बार कक्षा 10 में महर्षि दयानंद विद्यापीठ के छात्र अनस खान ने जिले में टॉप कर गाजियाबाद का नाम रोशन किया। अनस ने 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं महर्षि विद्या मंदिर के पीयूष गौड़ ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में इंटर टॉप की है। वहीं रोज बैल पब्लिक स्कूल के अमित निषाद ने 92.83 प्रतिशत अंक पाकर दसवीं कक्षा में छठी रैंक प्राप्त की है। परिणाम घोषित होते ही अनस के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। उसके माता-पिता की आंखों में खुशी के आंसू थे, और शिक्षकों ने भी अनस की मेहनत और समर्पण की जमकर सराहना की। विद्यालय प्रशासन ने एक छोटा-सा समारोह आयोजित कर अनस को सम्मानित किया, जहां छात्रों ने तालियों की गूंज के साथ उनका स्वागत किया। अनस खान ने बताया कि उसने नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास के साथ इस सफलता को प्राप्त किया है। उसका कहना है, मैंने कभी पढ़ाई को बोझ नहीं समझा। मेरी कोशिश थी कि हर विषय को समझ कर पढ़ूं और जो भी पढ़ूं, उसे मन लगाकर पढ़ूं। अनस भविष्य में अधिवक्ता बनना चाहता है। इस उम्र में इतना स्पष्ट लक्ष्य और समाज के प्रति सोच वास्तव में उसे एक असाधारण छात्र बनाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि अनस जैसे छात्रों पर उन्हें गर्व है और वे आशा करते हैं कि वह भविष्य में न्यायपालिका में जाकर देश का नाम रोशन करेगा अनस के पिता सगीर खान किराना की दुकान संचालित करते हैं। उनका कहना है कि उन्होंने कभी भी अनस को पढ़ाई के लिए दबाव नहीं बनाया, बल्कि उसे प्रोत्साहित किया। रोज बैल पब्लिक स्कूल के अमित निषाद ने 92.83 प्रतिशत अंक पाकर दसवीं कक्षा में



रोज बैल पब्लिक स्कूल के अमित निषाद ने 92.83 अंक प्राप्त कर हासिल की छठी रैंक

## 10वीं की सेंकेंड टॉपर शीतल बनना चाहती हैं चार्टेड अकाउंटेंट

### टाइम मैनेजमेंट से पढ़ना बेहतर, प्रत्येक सब्जेक्ट पर बरामद समय देना चाहिए

**नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर में 10वीं में जिले में दूसरा स्थान हासिल करने वाली शीतल ने 4 घंटे पढ़ाई की। उन्होंने किताबों को अपना सहारा बनाया समझ नहीं आने पर बार बार शिक्षक से प्रश्न का जवाब पूछा। उन्होंने बताया टाइम मैनेजमेंट और टाइम टेबल दोनों ही महत्वपूर्ण है। सोशल मीडिया पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

वो आगे चलकर चार्टेड अकाउंटेंट बनना चाहती है। इसके लिए इकोनोमिक्स पढ़ना चाहती है।

शीतल के पिता संजीत कुमार टेक महिंद्रा कंपनी में सिक्यूरिटी गार्ड है। सुबह से लेकर रात में तो कभी रात भर उनकी ड्यूटी रहती है। इस बीच माता बीना हाउस वाइफ है। वहीं पढ़ाई लिखाई का ध्यान रखती है। प्रेशर तो था लेकिन टाइम मैनेजमेंट से राह काफ्ी आसान हो गई। पढ़ाई के अलावा खेल और फिजिकल मूवमेंट भी काफी जरुरी है। उनका लक्ष्य सीए बनने का है। इसके लिए वो अभी से तैयारी कर रही है। इसके लिए अखबार और जीके को मजबूत कर रही है।

उन्होंने बताया कि टाइम मैनेजमेंट और टाइम टेबल बनाकर पढ़ने से काफी परेशानी कम हो जाती है। एक साथ पढ़ने की बजाए साल भर पढ़ना बेहतर है। पिता को रोल मॉडल मानती है। उनके कहने पर ही चलती हूं।



## 12वीं सेकेंड टापर अनुष्का सिविल सर्विस की करेंगी तैयारी

**नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में 12वीं टॉप करने वाली अनुष्का आईएएस बनना चाहती है। इसके लिए वो काफी समय से तैयारी कर रही है। रोजाना करेंट अफेयर लेकर अखबार हिंदी और अंग्रेजी दोनों पढ़ती है। अनुष्का नोएडा की चेतराम कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा है। उन्होंने 500 में से 450 यानी 90 प्रतिशत अंक हासिल किए। इस मुकाम को हासिल करने के लिए उन्होंने रोजाना करीब 7 से 8 घंटे की स्टडी की।

### सोशल मीडिया से मिली मदद

अनुष्का ने बताया कि उन्होंने कोचिंग का सहारा नहीं लिया। सेल्फ स्टडी की। हालांकि कभी कभार समझ नहीं आने पर सोशल मीडिया यानी यू ट्यूब के जरिए भी पढ़ाई की। समस्या का हल निकलने के बाद उसे बंद कर दिया। सोशल मीडिया पर अकाउंट है। उस पर दोस्तों से पढ़ाई से संबंधित बातचीत भी की। इसके अलावा टाइम वेस्ट नहीं किया।



### परिवार के साथ अनुष्का

वाकिया ऐसा हुआ कि लगा कि सोसियोलॉजी का पेपर टफ था। लगा थोड़ा गड़बड़ हो गया। लेकिन नंबर सही आए। हालांकि उम्मीद नहीं थी जिसे में दूसरा स्थान मिलेगा। ऐसा एक सपने जैसा है। लेकिन अभी और मुकाम हासिल करना है। यूपीएससी की तैयारी करना है।

### पिता इंश्योरेंस कंपनी में पिता

पिता अजय कुमार इंश्योरेंस कंपनी में काम करते है। माता लीलू सिंह डीएलएफ मॉल में सिक्योरिटी गार्ड है। दोनों ही काम पर बाहर रहते है। दोनों को रोल मॉडल माते हुए पढ़ाई की। दोनों ने बहुत सपोर्ट किया और आगे भी करते रहेंगे। अनुष्का ने कंप्यूटर, हिंदी, इंग्लिश, सोशियोलॉजी और होम साइंस लिया था।

## वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर नगर आयुक्त ने अधिकारियों के कसे पेंच

**गाजियाबाद,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय पर वायु गुणवत्ता सुधार हेतु विभागीय अधिकारियों से बैठक की। जिसमें निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा उद्यान विभाग की टीम उपस्थित रही। नगर आयुक्त के समक्ष वायु गुणवत्ता सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों को विभागवार प्रस्तुत किया गया। बैठक में वायु गुणवत्ता सुधार हेतु चल रहे ज़ोनवार कार्यों पर चर्चा हुई, बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव तथा मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत जन समस्याओं के समाधान के साथ-साथ शहर की स्वच्छता को बेहतर करने के लिए कार्य विभाग कर रहा है, जिसके क्रम में निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट निस्तारण का कार्य निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है, जिसके लिए बैठक का आयोजन नगर आयुक्त की अध्यक्षता में हुआ मोहन नगर तथा विजयनगर ज़ोन को कार्य की रफ्तार बढ़ाने की कड़े निर्देश दिए गए तथा कवि नगर जोन द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट निस्तारण के लिए नियम अनुसार कार्यों में तेजी लाने के लिए टीम को निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने शहर की स्वच्छता को बरकरार रखना व सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट निस्तारण की कार्रवाई को 15 दिन के भीतर प्रभावपूर्ण बनाने के लिए टीम को कहा गया जिसमें मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को प्रबल मॉनिटरिंग करते हुए सीएंडडी वेस्ट फैलाने वालों पर जुर्माना वसूल व नियम अनुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित जनों को जन-जन को निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में जागरूक करने के लिए कहा गया, शहर को धूल मुक्त बनाने के क्रम में हर घर को जागरूक होना है अपने घरों से प्रतिष्ठानों से तथा निर्माण कार्यों से निकलने वाले सी एंड डी वेस्ट का निस्तारण सही ढंग से किया जाए नगर आयुक्त द्वारा अपील की गई है।



- सी एंड डी वेस्ट निस्तारण को लेकर निर्माण विभाग के साथ मंथन
- सी एंड डी वेस्ट वेस्ट निस्तारण में कवि नगर सबसे आगे

## जीडीए ने अवैध निर्माणों पर कसा शिकंजा, दो निर्माण सील



**गाजियाबाद,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। अवैध निर्माण के खिलाफ जीडीए का अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा। प्रवर्तन जोन 4 में दो अवैध निर्माण सील किए गए। प्रभारी प्रवर्तन जोन-4 के नेतृत्व में क्षेत्रान्तर्गत हरि कुमार अग्रवाल, दीपक रुहैला व अन्य हितबद्ध व्यक्ति द्वारा भूखंड-एसडी0ल-34, शास्त्रीनगर, गाजियाबाद पर आवासीय भवन में पिलर्स चेंज करते हुए आन्तरिक दीवारों को हटाकर पार्टीशन वाल बनाते हुए दुकान बनाई गई थी तथा सुधीर कुमार, भूखण्ड सं.-एफएच-20, खसरा सं0-795, हरसांव, निकट-अवन्तिका, गाजियाबाद के भूतल पर लगभग 200 वर्गमी क्षेत्र में आरसीसी कालम व दीवार बनाने का कार्य बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण करने पर दोनों अवैध निर्माणों को प्रवर्तन जोन-4 के समस्त स्टॉफ व प्राधिकरण पुलिस बल की सहायता से सील बन्द किया गया।

उवाच “

संज्ञान में आया है कि अधिसूचित क्षेत्र में कालोनाइजरों द्वारा अवैध रूप से बसाई जा रही कालोनियों में बिजली के कनेक्शन दिए जा रहे हैं। साथ ही कुछ लोग चोरी छिपे बिजली का इस्तेमाल कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एनपीसीईएल को पत्र लिख ऐसी कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन न देने के लिए कहा गया है : **एके सिंह, महाप्रबंधक परियोजना।**



# जेपी एसडीजेड के अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए कमेटी गठित

**जेपी एसोसिएट के फंसे खरीदारों को लाभ देने के लिए 15 दिन में आरएफपी निकालकर विकासकर्ता एजेंसी का चयन किया जाएगा। इसके लिए समिति का गठन हो गया है, जल्द ही समिति की बैठक में अधूरे प्रोजेक्ट पूरा करने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी : डॉ. अरुणवीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण।**

- **सात हजार होम बायर्स को छत देने के लिए समिति जल्द बैठक कर तैयार करेगी कार्ययोजना**
- **यमुना प्राधिकरण स्पेशल डेवलपमेंट जोन (एसडीजेड) की खाली पड़ी 600 एकड़ जमीन के जरिए पूरी होगी परियोजना**

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के फंसे करीब सात हजार से अधिक खरीदारों का सपना पूरा करने के लिए यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर दिया गया है। इस समिति में यूपी रेरा के चेयरमैन, प्रमुख सचिव आवास विभाग, यमुना प्राधिकरण के सीईओ के साथ होम बायर्स के प्रतिनिधि को भी शामिल किया गया है। प्रदेश के औद्योगिक विकास विभाग ने इस कमेटी की अधिसूचना भी जारी कर दी है। अब जल्द ही यमुना प्राधिकरण इस प्रोजेक्ट को लेकर रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) भी जारी करेगा। इस कमेटी की पहली बैठक अगले सप्ताह होगी।

कोर्ट के आदेश पर शासन स्तर से गठित यह समिति यमुना प्राधिकरण के एक हजार हेक्टेयर में प्रस्तावित जेपी एसोसिएट्स की योजना के अध्ययन के साथ ही इसको पूरा करने को लेकर भी अपनी रिपोर्ट देगी। गौरतलब है यह कमेटी यीडा के स्पेशल डेवलपमेंट जोन (एसडीजेड) में खाली पड़े 609 एकड़ जमीन का उपयोग कर अधूरी पड़ी परियोजनाओं को पूरा करने की योजना पर विचार करेगी। इसके लिए यीडा 276 एकड़ आवासीय और 291 एकड़ व्यवसायिक उपयोग की जमीन को 80 हजार रुपये वर्गमीटर के हिसाब से आवंटित कर प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए धन अर्जित करेगा। इस तरीके से खरीदारों पर कोई भी आर्थिक बोझ नहीं आएगा तथा पूरी परियोजना तय ले-आउट प्लान के अनुसार ही विकसित होगी।

### पंद्रह साल से फंसे हैं होम बायर्स

गौरतलब है वर्ष 2009-10 में जेएएल की सहायक कंपनी जेपी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स को स्पोर्ट्स सिटी के विकास के लिए विशेष विकास क्षेत्र (एसडीजेड) योजना के तहत 1000 हेक्टेयर भूमि आवंटित हुई थी। परियोजना में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट शामिल है, जिसमें पिछले साल मोटोजीपी बाइक रेस आयोजित हुई थी। इसके साथ ही सात हजार से अधिक फ्लैट खरीदारों से जुड़ी दस आवासीय परियोजनाएं भी शामिल हैं। न्यायालय ने इस मामले में यमुना प्राधिकरण के बकाया भुगतान नहीं करने के कारण जमीन आवंटन रद्द करने के निर्णय को सही मानते हुए प्राधिकरण को खरीदारों के फ्लैट तैयार करने की जिम्मेदारी दी थी।

यीडा की कार्ययोजना पर शासन ने प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर दी है।

कमेटी की पहली बैठक के एक पखवारे के बाद आरएफपी निकालकर फ्लैट तैयार करने के लिए एजेंसी का चयन भी कर लिया जाएगा। खरीदारों को उसी हिसाब के फ्लैट दिए जाएंगे जैसा उनसे जेपी एसोसिएट ने वादा किया था। इन परियोजनाओं के सात हजार से अधिक खरीदारों में से करीब 1800 खरीदार बिल्डर से पूर्व में ही अपनी रकम वापस ले चुके हैं। इसके साथ ही बिल्डर ने शेष खरीदारों से अधिकतम 95 प्रतिशत रकम वसूल कर ली है। ऐसे में अब प्राधिकरण फ्लैट तैयार करने के लिए खरीदारों पर किसी प्रकार का अतिरिक्त बोझ नहीं डालेगा।

### 10 परियोजनाओं की कीमत का 80 फीसदी कर ली वसूली

जेपी एसोसिएट्स ने एसडीजेड की 10 परियोजनाओं को पूरा करने में 2433 करोड़ रुपए का आकलन किया था। इसमें करीब 80 फीसदी धनराशि 19 सौ करोड़ रुपए वह बॉयर्स से पहले ही वसूल चुका है। जबकि कई परियोजनाएं 25 फीसदी तक भी नहीं पहुंची हैं। यही कारण है कि न्यायालय ने इन परियोजनाओं की समय सीमा तय की है। इसमें 75 फीसदी पूरी हुई परियोजनाओं को एक साल में पूरा करना होगा। 50 फीसदी पूरी हुई परियोजनाएं 18 महीने में पूरी होंगी। 25 फीसदी पूरी हुई परियोजनाएं 30 महीने में पूरी होंगी। अन्य परियोजनाएं 36 महीने में पूरी होंगी। इन सभी 10 परियोजनाओं के 2262 बायर्स पर महज 532 करोड़ रुपए ही है।

### खेल सुविधाओं को भी विकसित करेगा प्राधिकरण

यमुना प्राधिकरण ने बिल्डर को यह भूखंड एसडीजेड के तहत आवंटित किया था, इनमें विभिन्न प्रकार की स्पोर्ट्स गतिविधि भी विकसित की जानी थी, जिनमें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, स्पोर्ट एकेडमी, हेल्थ सेंटर, हॉकी स्टेडियम, फुटबॉल ग्राउंड, टेनिस कोर्ट, मल्टी स्पोर्ट स्टेडियम, बासकेट बॉल कोर्ट, बॉक्सिंग, रेसलिंग, आर्चेरी इत्यादि खेलकूद की गतिविधियों को भी प्राधिकरण विकसित कराएगा। इसके लिए प्राधिकरण ओलंपिक संघ और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से संपर्क कर खेल सुविधाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने की योजना में है।

## टी-सीरीज से समझौता हुए बिना ही ग्रेनो प्राधिकरण ने सड़क बनाने के लिए निविदा जारी कर दी

- **एलजी से शारदा गोलचक्कर तक अधूरी पड़ी सड़क का मामला**
- **प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे समझौते के दावे को टी-सीरीज प्रबंधन ने खारिज किया**
- **प्राधिकरण सड़क के लिए लगभग 48 एकड़ भूमि चाह रहा, जबकि कंपनी 10 एकड़ देने को तैयार**
- **जमीन के बदले जमीन चाह रहा कंपनी प्रबंधन**



**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। एलजी गोलचक्कर से शारदा गोलचक्कर तक अधूरी पड़ी डेढ़ किमी लंबी सड़क का काम अभी और अटक सकता है। टी-सीरीज कंपनी प्रबंधन ने 48 एकड़ जमीन देने से मना कर दिया है। जनहित में सिर्फ 10 एकड़ देने को तैयार है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे समझौते के दावे को खारिज करते हुए भ्रामक खबर फैलाने का आरोप लगाया है।

प्राधिकरण ने छह लेन की सड़क, सर्विस रोड व ड्रेन का निर्माण कराने के लिए निविदा जारी कर दी है। इसकी जानकारी होने पर कंपनी प्रबंधन ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता कर पूरे मामले में अपना रुख स्पष्ट किया। कंपनी के डायरेक्टर विनय कुमार मित्तल का कहना है कि प्रबंधन जनहित में सड़क का काम पूरा करने के लिए बाईं तरफ लगभग 10 एकड़ भूमि देने को तैयार है। इसके बदले में आसपास के क्षेत्र में इतनी ही जमीन देने और दाईं तरफ की जमीन को विकसित करने की योजना बनाने का प्रस्ताव अधिकारियों के समक्ष रखा था,लेकिन अधिकारी इस पर राजी नहीं हुए। प्राधिकरण पर भ्रामक खबर फैलाने का आरोप लगाते हुए हमारा कोई समझौता नहीं हुआ है।

प्राधिकरण सड़क बनाने के नाम पर बाईं तरफ की सारी जमीन लेना चाह रहा है,जो लगभग 48 एकड़ है। अधिकारियों से छह बार मिलने का प्रयास किया, लेकिन कोई नहीं मिला। पता चला है कि प्राधिकरण ने विकास कार्य के लिए निविदा भी जारी कर दी है। इस मुद्दे को लेकर हम शासन व प्रशासन के उच्चाधिकारियों से मिलेंगे। मुख्यमंत्री से भी मिलने का प्रयास किया जाएगा। बात न बनने पर सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा। उनका कहना है कि प्राधिकरण ने उनकी जमीन पर अवैध तरीके से सड़क बना रखी है। इस सड़क का निर्माण 2009-10 में किया गया था। बात न बनने पर काम रुकवा दिया गया था। सड़क के अलावा टी-सीरीज कंपनी अपनी जमीन प्राधकरण को नहीं देगा।

वहीं टी-सीरीज समूह के प्रवक्ता की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि ग्रेटर नोएडा के नमोली गांव के पास लगभग 196 एकड़ जमीन वर्ष 1987 से टी सीरीज समूह के स्वामित्व और कब्जे में हैं। यह ग्रेटर नोएडा के गठन से पहले की है। कुछ वर्ष पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एलजी से शारदा विश्वविद्यालय गोलचक्कर तक सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया, वो भी सहमति के बिना। विरोध करने पर कहा गया कि बदले में आसपास की समतुल्य जमीन दी जाएगी, लेकिन प्राधिकरण अपने वायदे से मुकर गया। दाईं तरफ जो सड़क बनी हुई है, उसका मुआवजा भी नहीं दिया गया। कंपनी के प्रवक्ता का कहना है कि यदि प्राधिकरण सड़क में आने वाली जमीन के सापेक्ष में उसी क्षेत्र में बराबर जमीन दिए बिना सड़क बनाने की कोशिश करता है, तो उचित कानूनी कार्रवाई के द्वारा रुकवाने का काम किया जाएगा।

## अवैध रूप से बसाई गई कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन न दिया जाए

- **ग्रेनो प्राधिकरण ने बिजली कंपनी एनपीसीएल को पत्र लिखा**
- **प्राधिकरण द्वारा जारी आवंटन पत्र, रजिस्ट्री, कब्जा प्रमाण पत्र, स्वीकृत मानचित्र के आधार पर ही कनेक्शन दिया जाए**

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में कालोनाइजरों द्वारा अवैध रूप से बसाई जा रही कालोनियों में बिजली कनेक्शन पर रोक लगा दी गई है। किसानों को लीजबैक में दी गई जमीन पर भी लीजबैक पत्र एवं लीज प्लान के कागजातों की अच्छी तरह से जांच के बाद ही कनेक्शन दिया जाए। इस संबंध में प्राधिकरण ने एनपीसीएल को पत्र लिखा है।

दरअसल प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में उसकी अनुमति के बिना किसी तरह का निर्माण मान्य नहीं है। स्वीकृत योजना पर ही निर्माण किया जा सकता है। आवंटन प्रक्रिया के माध्यम से ही भूखंड मिलता है। इसके बाद भी अधिसूचित क्षेत्र के गांवों के आसपास कालोनाइजरों द्वारा धड़ल्ले से अवैध कॉलोनियां बसाई जा रही हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट व डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण की भरमार है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बाद भी अवैध निर्माण जारी है। इस पर अंकुश लगाने के लिए प्राधिकरण ने बिजली कनेक्शन को लेकर अहम निर्णय लिया है। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की जिम्मेदारी संभाल रही नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) को पत्र लिख दिशा निर्देश दिए हैं कि प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए आवंटन पत्र, रजिस्ट्री, कब्जा प्रमाण पत्र व स्वीकृत मानचित्र के आधार पर ही विद्युत कनेक्शन दिया जाए। प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना द्वारा लिखे गए पत्र में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि क्षेत्र के जिन किसानों को प्राधिकरण द्वारा लीजबैक में जमीन दी गई है, उनमें भी प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए लीजबैक पत्र एवं लीज प्लान के प्रपत्रों की जांच के बाद ही कनेक्शन देने पर विचार किया जाए। इससे कालोनाइजरों का मनोबल टूटेगा। पूर्व में भी इस तरह के दिशा निर्देश दिए गए थे।

बता दें कि प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में भूमाफियाओं द्वारा मूल किसानों की जमीन लेकर उस पर छोटे- छोटे भूखंड काटकर रजिस्ट्री की जा रही है। सस्ते के चक्कर में प्राधिकरण के नियमों से अनभिज्ञ लोग कालोनाइजरों के बहकावे में आ रहे हैं। अवैध कालोनियों में भूखंड लेकर अपनी जमा पूंजी गंवा देते हैं। इन क्षेत्रों में प्राधिकरण द्वारा मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की कोई योजना नहीं है। महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह ने बताया कि संज्ञान में आया है कि अधिसूचित क्षेत्र में कालोनाइजरों द्वारा अवैध रूप से बसाई जा रही कालोनियों में बिजली के कनेक्शन दिए जा रहे हैं। साथ ही कुछ लोग चोरी छिपे बिजली का इस्तेमाल कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एनपीसीईएल को पत्र लिख ऐसी कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन न देने के लिए कहा गया है।

## पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि देकर निकाला कैंडल मार्च

- **जगतफार्म पर व्यापारियों व कांग्रेस कार्यालय पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि**



**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल(देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी कैंप कार्यालय बिसरख पर पहलगाम में शहीद हुए देशवासियों को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च निकालकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सुपरटेक इको विलेज वन सोसाइटी तक पैदल कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम में शहीद हुए हमारे अपनों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मार्च में आम जन व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद और देश के गद्दारों को को फांसी दो जैसे नारों का उद्घोष किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर ही नहीं वरन भारत गणराज्य पर हमला हुआ है यह बर्दाश्त के बाहर है हालांकि यह केन्द्र सरकार की नाकामी, बदइंतजामी और बड़बोलेपन का परिणाम है फिर भी कांग्रेस पार्टी संकट की इस घड़ी में सरकार के साथ है कड़ी से कड़ी कार्रवाई का इंतजार पूरा देश कर रहा है। श्रद्धांजलि कैंडल मार्च में मुकेश शर्मा, महाराज सिंह, धर्म सिंह, आदि लोग मौजूद थे। वहीं शुक्रवार शाम 6 बजे पुलिस चौकी जगत फार्म के पास से व्यापारियों ने कैंडिल मार्च निकाला। यह एक बहुत ही दुखद घटना है कि हिन्दुस्तानी भाइयों को धर्म पूछ पूछ कर गोली मारी गयी जिसका सभी व्यापारी पूर्ण रूप से विरोध करते हैं। कैंडल मार्च में अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह, राजू बैसला, मुकुल गोयल, सुकेंद्र यादव, हरेंद्र भाटी, चेतन शर्मा, उमेश उपाध्याय, गर्वित गोयल, तरंग तायल, निखिल गर्ग, अमित कुमार, विकास गर्ग, पीयूष गर्ग, पंकज कुमार दीपक मंडल, पुनीत शर्मा, प्रदीप गुप्ता, सहदेव, जितेंद्र विधूड़ी, नितिन, चिंटू जैन, नीतेश रावल आदि मौजूद रहे।

## पहलगाम में पर्यटकों की हत्या पर वरिष्ठ नागरिक ने जताई नाराजगी



**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर ताबड़तोड़ गोली बरसा कर हत्या करने पर वरिष्ठ नागरिक समाज ने आक्रोश व्यक्त करते हुए एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजंलि दी और भारत सरकार से आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने की मांग रखी। शुक्रवार वरिष्ठ नागरिक के वरिष्ठ सदस्यों ने सेक्टर बीटा-दो स्थित कार्यालय परिसर मे पहलगाम, कश्मीर में आतंकियो द्वारा पर्यटको के किए गए बर्बर नरसंहार के विरोध मे अपना आक्रोश प्रकट करने, घायलों के शीघ्र स्वास्थ लाभ एवं ईश्वर से मृतक आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करते हुए मौन रखकर भारत सरकार से दोषियों के विरुद्ध ऐसी कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई कि भविष्य में कोई भी जाहिल ऐसा दुस्साहस करने की हिमाकत न करे। इस अवसर पर रमनपाल सिंह, गिरीश कुमार राघव,देवेंद्र कुमार सिंघल, महीपाल सिंह, अवधेश कुमार सक्सेना, धर्मचन्द, डीक. सब्बरवाल, ए.बी. त्रिपाठी, शिव सिंह,अमृत गोयल, महेंद्र मेरवाना, ईश्वरचंद शर्मा, आरपी शर्मा, आरपी. कटियार, सरोज सिंह एवं अन्य वरिष्ठ सदस्यग उपस्थित थे।

## बारहवीं कक्षा में शिक्षक की बेटी ने नौवां व शिक्षा मित्र के बेटे ने पाया जिले में दसवां स्थान



**जेवर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में जेवर क्षेत्र के दो विद्यार्थियों द्वारा नौवां व दसवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ग्रामीण क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में प्राइवेट शिक्षक की बेटी व गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा मित्र के बेटे की सफलता पर लोगों ने बधाई दी है। बता दे कि जेवर के मौहल्ला मल्लपाडा के धनेश शर्मा दयानतपुर गांव स्थित सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में केमिस्ट्री के प्राइवेट शिक्षक हैं। उनकी दो बेटी व एक बेटा है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी खुशबू शर्मा ने जेवर स्थित आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में पीसीएम से पढ़ाई करते हुए 87.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में नौवां स्थान हासिल किया है। खुशबू ने बताया कि उसने अपनी पढ़ाई सामान्य तरीके से की थी। वह स्कूल के अलावा रोजाना चार से पांच घंटे घर पर भी पढ़ाई करती थी। जिस विषय में उसे परेशानी होती थी तो वह इंटरनेट के माध्यम से अपनी परेशानी का हल भी ढूंढ लेती थी।


### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या–1, सैक्टर नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 401, Fourth Floor, Madison Tower, Super Area -161.64 Sqm. NRI City Apartment, Sector-Omega-II, Greater Noida जो कि Sh. Dinesh Chandra Uppadhyay & Mrs. Kamla Uppadhyay निवासी Flat No. 401, Fourth Floor, Madison Tower, NRI City Apartment, Sector- Omega-II, Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक–01.10.2014 को पंजीकृत है। Sh. Dinesh Chandra Uppadhyay की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी Mrs. Kamla Uppadhyay ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पति के भाग का नामांतरण प्रस्तुत प्रपत्रों के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों Mrs. Kamla Uppadhyay W/o Late Sh. Dinesh Chandra Uppadhyay का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009


## राष्ट्रीय किसान यूनियन ने लेखपालों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**जेवर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। क्षेत्र के गांव किशोरपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों की क्षेत्रीय समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया तथा लेखपालों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए। समस्याओं पर विचार विमर्श के बाद छह सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग की गई। मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। बैठक की अध्यक्षता महेश शर्मा ने तथा संचालन राजू ठाकुर ने किया। राष्ट्रीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष इकपाल सिंह सिवाच ने बताया कि संगठन द्वारा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके जेवर रबूपुरा मार्ग के बारे में बार बार अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है। इसके बाबजूद भी मार्ग के निर्माण में के लिए कोई कदम नहीं उठाए जाने से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। इस मार्ग पर रोजाना क्षेत्र के हजारों बच्चे स्कूल आते जाते हैं तथा क्षेत्र के दर्जनों गांव के हजारों किसान जेवर व रबूपुरा आना जाना करते हैं। जिन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मार्ग के शीघ्र निर्माण की मांग की। इसके अलावा मच्छरों के प्रकोप से निजात दिलाने के लिए प्रत्येक गांव में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में आने वाले गांवों में विकास कार्य कराने की मांग। कार्यकर्ताओं ने जल्दी से जल्दी मांगों को पूरा करने की मांग की तथा मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर मुशर्रफ छौंकर, रोहताश शर्मा, मुकेश व हरिओम शर्मा आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय व व्यवसायिक सम्पत्ति, ब्रहमपुत्र कॉम्पलैक्स कालाआम, तथा दुकान बाजार अंसारी रोड, बुलन्दशहर सम्पत्ति मदरसा व टंटान जो कि मरहूम इम्तियाज अहमद व उनके परिवार से संम्बन्धित हैं, किसी भी सम्पत्ति को खुर्दबुर्द ना करने, व किसी भी प्रकार का सम्पत्ति का किराये पर देना, हस्तांतरण, बैय या अग्रिम ब्याना, पगड़ी, व नवनिर्माण आदि का संव्यवहार ना करनें, इसकी बाबत, माननीय न्यायालय बुलन्दशहर में वाद विचाराधीन है। यदि कोई भी व्यक्ति बिना परिवारिक सहमति के व न्यायालय की अनुमति के इन संम्पत्तियों से संम्बन्धित कोई संव्यवहार व रूपयों का लेनदेन इरशाद अहमद या वादी व अन्य प्रतिवादीगण से करता है तो वह अवैध होगा। यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो वह उसके किसी भी नुकसान का स्वंय जिम्मेदार होगा। सूचना जन हित में जारी।



### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लाट न0–1 सैक्टर नॉलिज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा सिटी जिला–गौतमबुद्ध नगर।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आर०पी०एस०1 आवासीय योजना के अर्न्तगत भूखण्ड संख्या–डी–245, क्षेत्रफल–162 वर्ग०मी० सैक्टर–02, आवंटन संख्या–आर०पी० एस0196341, श्रीमती विमल बत्रा पत्नी श्री रिशिराज बत्रा एवं श्री मनीष बत्रा पुत्र श्री रिशिराज बत्रा के नाम आवंटित है। जिसमें सह आवंटी श्रीमती विमल बत्रा पत्नी श्री रिशिराज बत्रा की मृत्यु दिनांक 01. 07. 2024 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड के 1/2 भाग को विल के आधार पर उनकी पुत्रवधु SMT. SONIA MANISH BATRA W/O SH. MANISH BATRA R/O.- FLAT NO-1B/301, GURJINDER VIHAR, AWHO TOWNSHIP, POCKET-5, SECTOR-CHI-1, GREATER NOIDA, DISTRICT-GAUTAMBUDH NAGAR, UTTAR PRADESH-201310 द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में उक्त भूखण्ड का नामांतरण आवंटी श्रीमती विमल बत्रा पत्नी श्री रिशिराज बत्रा के स्थान पर उक्त भूखण्ड को उनकी पुत्रवधु SMT. SONIA MANISH BATRA W/O SH. MANISH BATRA R/O.- FLAT NO-1B/301, GURJINDER VIHAR, AWHO TOWNSHIP, POCKET-5, SECTOR-CHI-I, GREATER NOIDA, DISTRICT-GAUTAMBUDH NAGAR, UTTAR PRADESH-201310 के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

डिप्टी कलेक्टर (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण।


## जेवर विधायक ने कई गांवों में किसानों से किया संवाद



**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जेवर विधानसभा से विधायक धीरेंद्र सिंह ने शुक्रवार यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के कई गांवों में जाकर किसानों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान मकसूदपुर, कलूपुरा, आकलपुर, वीरमपुर, जौनचाना आदि गांवों के किसानों ने शिकायत की उनकी पुरानी आबादियों के नंबर अखबार में प्रकाशित किए गए हैं, जो गलत हैं। विधायक ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही इस विषय में यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों संग बैठक कर, किसानों के हित में निर्णय लिए जाएंगे। विधायक धीरेंद्र सिंह ने जौनचाना, मकसूदपुर, कलूपुरा, आकलपुर वीरमपुर आदि कई अन्य गांवों के किसानों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को पूर्ण आश्वस्त करते हुए कहा कि किसानों का हित उत्तर प्रदेश सरकार के लिए सर्वोपरि है। किसी भी किसान की पुरानी आबादियों का अधिग्रहण नहीं किया जाएगा। इसके बाद विधायक ने ग्राम नगला शाहपुर और मूढ़रह के लोगों के साथ भी जन संवाद किया।


### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट न०–01, सेक्टर–के०पी०–04, ग्रेटर नौएडा सिटी जिला–गौतमबुद्ध नगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Prateek Sahkari Awas Samiti Ltd., के माध्यम से आवंटित भूखण्ड संख्या–86, Sector-Phi-03, Greater Noida क्षेत्रफल–179.64 वर्ग मीटर, Mr. Charan Singh S/o Shri Gurshi Singh के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Mr. Charan Singh की मृत्यु दिनांक को हो जाने के उपराना वसीयत के आधार पर उनके पौत्र ने अपने Mr. Tushar Chaudhary S/o Shri Mahram Singh ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Mr. Charan Singh के स्थान पर वसीयत के आधार पर उनके पौत्र Mr. Tushar Chaudhary S/o Shri Mahram Singh के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

द्वितीय तल, शापिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर ओमेगा–1 (P–2), ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर (उ०प्र०) दूरभाष न०: 0120 – 2395151, फैक्स नं०: 0120–2395150

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है ग्राम धनौरी के खाता संख्या–191 खसरा संख्या–778 रकबा 0.4000है० के सापेक्ष 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड 280 वर्गमीटर के आवंटी श्री जगदीश पुत्र श्री हरलाल निवासी ग्राम धनौरी कलां, धनौरी, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर उ०प्र० की मृत्यु के उपरांत सुश्री रिया बहल पुत्री श्री अनिरूद्ध बहल निवासी फ्लैट नंबर एसआर–4, 1101 सुपरटेक एमेरल्ड कोर्ट सेक्टर 93–A नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर के द्वारा वसीयत के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामांतरण अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है।

अतः इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण कार्यालय, पताः प्रथम तल कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लॉक–पी 2, सेक्टर– ओमेगा–1, ग्रेटर नोएडा, जनपद–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी श्री जगदीश पुत्र श्री हरलाल निवासी ग्राम धनौरी कलां, धनौरी, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर उ०प्र० की मृत्यु के उपरांत उक्त भूखण्ड सुश्री रिया बहल पुत्री श्री अनिरूद्ध बहल निवासी फ्लैट नंबर एसआर–4, 1101 सुपरटेक एमेरल्ड कोर्ट सेक्टर 93–A नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655



Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# अभिमत

वर्ष 1985 में ही आदिवासियों, ग्रामीणों व किसानों के साथ मिलकर किसान आदिवासी संगठन का गठन किया गया था। आगे बढ़ने से पहले इस इलाके के बारे में बताना उचित होगा। होशंगाबाद (नर्मदापुरम) जिले का यह इलाका आदिवासी बहुल है। गोंड और कोरकू आदिवासी यहां के बाशिन्दे हैं। इस इलाके में पानी की समस्या तो थी ही, विस्थापितों की आजीविका की समस्या भी थी। यहां कई परियोजनाओं से लोगों का विस्थापन हुआ है।

## सुनील भाई, जिन्होंने गांधी को जिया

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

सुनील भाई का जब स्मरण करता हूं तो बहुत सी छवियां मेरे मानस पटल पर उभरती हैं। कभी यात्राओं में साथ, कभी सभाओं में, कभी बैठकों में कार्यकर्ताओं में जनसाधारण की बातें ध्यान से सुनना और भी बहुत कुछ। आज मैं इस कॉलम में मध्यप्रदेश के होशंगाबाद (अब नर्मदापुरम) जिले के आदर्शवादी समाजवादी कार्यकर्ता सुनील भाई की कहानी बताना चाहूंगा, जिन्होंने करीब तीन दशक गांव में रहकर उनके हक, अधिकार और बराबरी के लिए न केवल लगातार संघर्ष किया, बल्कि रचनात्मक कामों की मिसाल पेश की।

अब जब मैं सुनील भाई पर लिखने बैठा हूं, सोच रहा हूं- क्यों जरूरी है उन पर लिखना। थोड़ी झिझक भी है। यह इसलिए नहीं कि लिखना मुश्किल है। यह तो मेरा काम है। लिखने-पढ़ने का अभ्यास है और इसमें मेरी दिलचस्पी है। झिझक इसलिए है कि उनके बारे में क्या ऊपरी ही बातें दोहराऊं, जो पहले कही जा चुकी हैं।

मसलन, वे एक मध्यवर्गीय परिवार से थे। बहुत मेधावी थे। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्र रह चुके थे। पिछले 30 सालों से होशंगाबाद जिले के आदिवासी गांव में रहते थे। किसान आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़ते थे। इसके लिए उन्होंने कई बार पुलिस के डंडे भी खाए और जेल भी गए। आदिवासियों की मछुआ सहकारिता का सफल प्रयोग किया। समाजवादी जन परिषद के राष्ट्रीय नेता थे।

उनकी सरल सी दिखने वाली जीवनशैली कितनी कठिन थी, यह भी बताऊं। सुबह बहुत जल्दी जागना। पानी भरने से लेकर कपड़े धोने, रोटियां बनाने से लेकर बर्तन साफ करने, झाड़ू लगाने से लेकर सामान को सुघड़ता से रखने और पालथी मारकर सुंदर लिपि में लिखने से लेकर लिफाफे में गोंद लगाना और फिर पोस्ट करना। पहले वे जहां भी फुरसत मिले पोस्टकार्ड और चिट्ठियां भी खूब लिखते थे।

इटारसी के पास केसला से पहले जंगल में बांसलाखेड़ा में जब रहते थे तो नदी पार कर जाना पड़ता था। बारिश में खासी दिक्कत होती थी। वहां से केसला तक पैदल या कभी साइकिल से आना और राशन व सब्जियों का वजन भी साथ होता था। छोटी-मोटी जरूरतों के लिए केसला आना पड़ता था। बारिश में नदी में बाढ़ होती थी, तब बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। वह बहुत रमणीक स्थान था, जंगल और नदी से घिरा हुआ।

वर्ष 1985 में ही आदिवासियों, ग्रामीणों व किसानों के साथ मिलकर किसान आदिवासी संगठन का गठन किया गया था। आगे बढ़ने से पहले इस इलाके के बारे में बताना उचित होगा। होशंगाबाद (नर्मदापुरम) जिले का यह इलाका आदिवासी बहुल है। गोंड और कोरकू आदिवासी यहां के बाशिन्दे हैं। इस इलाके में पानी की समस्या तो थी ही, विस्थापितों की आजीविका की समस्या भी थी। यहां कई परियोजनाओं से लोगों का विस्थापन हुआ है। सुनील भाई, के आने से पूर्व ही इटारसी का समाजवादी युवक राजनारायण केसला में रह रहा था, और संगठन के माध्यम से आदिवासियों की लड़ाई लड़ रहा था। बाद में सड़क हादसे में राजनारायण का 26 अप्रैल 1990 को निधन हो गया।

बाद में राजनारायण की स्मृति में केसला में किसान आदिवासी संगठन का कार्यालय बना। केसला, सुखतवा के साप्ताहिक बाजारों में सुनील भाई और उनके साथियों को पर्चे बांटते देखा जा सकता था। सुनील भाई इन बाजारों में आदिवासियों की समस्याएं सुनते थे और संगठन के माध्यम से उनका क्या हल हो सकता है, सुझाते थे। यह सिलसिला लगातार चलता रहा।

वर्ष 1996 में तवा नदी में मछली का अधिकार मिला और यहां सरकारीकरण और निजीकरण से अलहदा सहकारीकरण का अच्छा, सफल और अनूठा प्रयोग हुआ। लेकिन जब यह मछली का अधिकार ले लिया गया तब इस इलाके के आदिवासियों व ग्रामीणों ने सद्‌बुद्धि सत्याग्रह चलाया था, जिसकी व्यापक चर्चा हुई थी। तो सुनील भाई ने एक तरफ अन्याय के खिलाफ सत्याग्रह को लड़ने का हथियार बनाया, वहीं दूसरी तरफ उनका जीवन सादगीपूर्ण, सरल और श्रम आधारित था। उनका रास्ता गांधी का था। उन्होंने लोहिया के सूत्र वोट, जेल और फावड़ा के साथ संगठन व विचार निर्माण पर जोर दिया था।

लेकिन यहां मैं उनके रचनात्मक व उत्पादक कामों की चर्चा करना चाहूंगा। उन्होंने एक आदिवासी गांव में बहुत ही साधारण जीवनशैली में जीवन व्यतीत किया। एक साधारण ग्रामीण की तरह जीवन जिया। सुबह-शाम उनके घर पर गांव के कई साथी जुटते थे। बाद में फागराम जुड़े और कई बार जनपद, जिला व विधानसभा चुनाव भी लड़ा, हालांकि इसमें उन्हें सफलता नहीं मिली। जनपद और जिला पंचायत में निर्वाचित भी हुए। अब वे ही संगठन की अग्रणी पंक्ति में हैं।

कई बार मैंने सुनील भाई को गांव के लोगों के साथ मिलकर खाना खाते देखा था। जब लम्बे आंदोलन चलते थे तो गांव के लोग घर से मक्के की रोटी, महुआ का भुरका, भुना चून (आटा), मिर्ची की चटनी और कांदा (प्याज) लाते थे। सुनील भाई गांव वालों के साथ ही खाना खाते थे, चाहे वह दो-दिन का बासा भी हो। उन्होंने एक सादगी व आदर्शपूर्ण जीवन जिया। सुनील भाई के ठोस विचार केसला की ठोस जमीन, गहरी खोज और अनुभव से निकले थे। वे लगातार इस नजरिये से लिखते रहे हैं। विचार शून्य में नहीं बनते जीवन की स्थितियों का इसमें योगदान होता है।

जब वर्ष 2012 के आसपास सामयिक वार्ता पत्रिका दिल्ली से इटारसी आई तब हमारा मिलना-जुलना नियमित हो गया। मैं वार्ता के संपादन में उनका सहयोगी था। सामयिक घटनाओं पर लगातार बातचीत होती रही। उनके विचार और स्पष्टता से जानने को मिले। कुछ लोग पूछते हैं कि सुनील भाई होते तो आज की घटनाओं पर क्या कहते, क्या लिखते। देश-दुनिया में हो रहे बदलाव पर वे क्या कहते। कैसे विश्लेषण करते। सवाल कठिन है, और इसका जवाब देना मेरे लिए मुश्किल है।

लेकिन उनके साथ काम करने के दौरान मैंने यह जाना कि सुनील भाई के सोचने का एक ढंग था, घटनाओं को उनका अपना देखने का नजरिया था। वार्ता में वे नए लेखकों से संवाद बनाना पसंद करते थे, उन्हें लिखने के लिए प्रेरित करते थे। अगर अंग्रेजी का कोई लेख आता तो स्वयं उसका अनुवाद करते। कई बार अगर कोई लेख थोड़ा जटिल होता तो वे उसको रीराइट करते। हम लोग हर अंक के लिए योजना बनाते। किस मुद्दे पर अंक केंद्रित करना है, इस पर सोचते। अंक निकलने के बाद सुनील भाई उस पर जगह-जगह गोष्ठियां करते। नए-नए सदस्यों को वार्ता से जोड़ते। इस तरह यह सिलसिला चलता रहता।

सुनील भाई, समाजवादी विचारों से ओत-प्रोत थे। वे द्रष्टा थे, एक नेता थे। लेकिन अपने विचारों पर दृढ़ होते हुए भी दूसरों की राय को तरजीह देते थे। संवाद, चर्चा और विचार-विमर्श को बहुत महत्वपूर्ण मानते थे। समस्याओं का हल सामूहिक निर्णय प्रक्रिया के द्वारा निकालने पर बल देते थे। संगठन के कामों के लिए हमेशा चंदा एकत्र करने पर जोर देते थे और कार्यक्रम होने के तत्काल बाद उसका सार्वजनिक रूप से हिसाब पेश कर देते थे। यानी साध्य और साधन की शुचिता पर जोर देते थे।

किसान आदिवासी संगठन से शुरू होकर यह जिले के पिपरिया-बनखेड़ी क्षेत्र में किसान मजदूर संगठन के माध्यम से आगे बढ़ा। बैतूल, हरदा, खंडवा में श्रमिक आदिवासी संगठन के रूप में फैला। पिपरिया में समाजवादी विचार से प्रेरित युवाओं का समूह काफी सक्रिय हुआ करता था, जिनके अनूठे रचनात्मक कामों को लोग अब भी याद करते हैं। जन सहयोग से समता अध्ययन केन्द्र चलाना भी उनमें से एक है। ये संगठनों की अपनी स्वतंत्र पहचान है, पर आपस में भाईचारा है। समाजवादी जनपरिषद से इनका जुड़ाव है। समाजवादी चिंतक किशन पटनायक व समाजवादी विचार प्रेरणास्रोत रहे हैं।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि सुनील भाई साधारण जीवन जीते हुए भी असाधारण थे। एक बात और उनसे सीखी जा सकती है कि कभी भी अकेले पड़ने से डरना नहीं चाहिए, चाहे जैसी भी कठिन परिस्थितियां आएं। उनके भविष्य के आर-पार देखने की दृष्टि थी, जिससे वे सदैव ही नई परिस्थितियों में नई राह पकड़ते थे। वह पूरी तरह जनता के थे, उनके बीच रहते थे, उनके लिए लड़ते थे।

जब समाज में जीवन मूल्य इतने गिर गए हों, कोई बिना लोभ-लालच के काम न करता हो, तब सुनील भाई के जीवन को देखकर प्रेरणा ली जा सकती है। उनके जीवन को देखकर किसी भी देशप्रेमी का दिल उछल सकता है। अल्बर्ट आइंस्टीन ने गांधी के लिए कहा था कि आनेवाली पीढ़ियां शायद मुश्किल से ही यह विश्वास करेंगी कि गांधी जैसा हाड़-मांस का पुतला कभी इस धरती पर हुआ होगा। सुनील भाई के लिए भी यह वाक्य सटीक बैठता है। अब सुनील भाई नहीं हैं, उनका निधन 21 अप्रैल,2014 को हो गया, पर उनके विचार सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

**समाज में जीवन मूल्य इतने गिर गए हों, कोई बिना लोभ-लालच के काम न करता हो, तब सुनील भाई के जीवन को देखकर प्रेरणा ली जा सकती है। उनके जीवन को देखकर किसी भी देशप्रेमी का दिल उछल सकता है। अल्बर्ट आइंस्टीन ने गांधी के लिए कहा था कि आनेवाली पीढ़ियां शायद मुश्किल से ही यह विश्वास करेंगी कि गांधी जैसा हाड़-मांस का पुतला कभी इस धरती पर हुआ होगा। सुनील भाई के लिए भी यह वाक्य सटीक बैठता है।**

## बीता सप्ताह

**19 अप्रैल**

- गीता और नाट्यशास्त्र यूनेस्को 'मेमोरी ऑफ वर्ना' में शामिल किया गया।
- रूस ने अफगानिस्तान तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटा दिया।
- यमन के ईंधन बंदरगाह पर अमेरिकी हमले में 38 लोगों की मौत हो गई।
- जाम्बिया में एमपॉक्स से दूसरी मौत की पुष्टि हुई, अब मामले बढ़कर 49 हुए।

**20 अप्रैल**

- दिल्ली में 4 मंजिला इमारत गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई।
- छग हाईकोर्ट ने एक तलाक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि पत्नी की दूसरी शादी होने तक देना होगा गुजारा भत्ता।
- नवीन कुमार पटनायक 9वीं बार बीजेडी के अध्यक्ष चुने गए।

**21 अप्रैल**

- जम्मू कश्मीर में बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई
- वरिष्ठ भाकपा नेता और भाकपा ओडीशा के पूर्व सचिव दिवाकर नायक का निधन हो गया।
- कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा कि देश की अदालतों में करीब 7 लाख मामलों में केन्द्र पक्षकार है। इसलिए केन्द्र से जुड़े मुकदमें का कम करने दिए निर्देश।
- मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों के नौ सदस्य गिरफ्तार किए गए।

**22 अप्रैल**

- ईसाई धर्मगुरू पोप फ्रांसिस का निधन हो गया।
- अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस अपनी पत्नी व तीन बच्चों के साथ भारत पहुंचे।
- इसरो ने अंतरिक्ष में स्पैडेक्स मिशन के तहत उपग्रहों की दूसरी डाकिंग पर कामयाबी प्राप्त की।
- रूसी अंतरिक्ष यान सोयुज एमएस-26 चालक दल के साथ पृथ्वी पर लोटा।

**23 अप्रैल**

- जम्मू कश्मीर में पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकियों ने गोली बरसाकर 28 लोगों को मौत के घाट उतारा।
- दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री अतिथि की सुरक्षा घटाई गई। जेड श्रेणी सुरक्षा हटाकर वाय श्रेणी की सुरक्षा दी गई।
- विज्डन क्रिकेटर्स अतयनाक ने भारतीय क्रिकेटर स्मृति और जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना।
- दक्षिण कोरिया ने फ्लोरिड अमेरिकी अंतरिक्ष अड्डे से पांच सैन्य रोही उपग्रहों में से चौथे को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।

**24 अप्रैल**

- पहलगाम आतंकी घटना के मद्देनजर केन्द्र सरकार ने पाकिस्तान के कड़ा संदेश देते हुए सिंधु जल संधि और वीजा रद्द करने का आदेश दिया।
- अमेरिकी ने पहली बार दक्षिण कोरिया में परमाणु हथियार प्रभाव प्रशिक्षण किया आयोजित।
- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की।
- इसरो के स्पैडेक्स मिशन ने सैटेलाइट की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्व पूरी की।

**25 अप्रैल**

- केन्द्र सरकार ने पहलगाम हमले पर सर्वदलीय बैठक आहूत की।
- छग बस्तर में बीजापुर और तेलंगाना बार्डर पर सुरक्षा बलों और नक्सलियों की बीच हुए मुठभेड़ में 5 नक्सली मारे गए।
- मध्यम दूरी से हवा में पार करने वाली मिसाइल नौसेना ने मिसाइल रक्षा प्रणाली का परीक्षण किया।
- चीन में खनचो-20 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण पूर्णत: सफल रहा।

## टैरिफ युद्ध के बीच वियतनाम ने दिखाया व्यापार कूटनीति का रास्ता

■ सात्यकी चक्रवर्ती

वियतनाम ने दिखाया है कि दुनिया की दो सबसे बड़ी आर्थिक और सैन्य शक्तियों अमेरिका और चीन के बीच चल रहे टैरिफ युद्ध के बीच वर्ष 2025 में एक अच्छी तरह से संतुलित व्यापार कूटनीति कैसे संचालित की जा सकती है। दोनों देशों के इस दक्षिण पूर्व एशियाई देश के साथ सबसे अच्छे व्यापारिक संबंध हैं, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं में एक तरह से अग्रणी है।

वियतनाम के उद्योग और व्यापार मंत्री गुएनहोंगडिएन ने बुधवार रात अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमिसेनग्रीयर के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और दोनों पक्षों ने बातचीत के लिए सिद्धांतों और रोडमैप के मुद्दों पर चर्चा की। वियतनाम इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा घोषित 90 दिनों के विराम के भीतर अमेरिका के साथ अपने व्यापार सौदे को समाप्त करने का प्रयास कर रहा है। ट्रम्प की पारस्परिक टैरिफ दरों की घोषणा के तुरंत बाद मेक्सिको और ब्राजील ने अमेरिकी निर्णय के खिलाफ शिकायत की, जबकि वियतनाम ने इसे शांत रखा और आंतरिक रूप से सर्वोत्तम संभव विकल्प के बारे में मूल्यांकन किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस महीने वियतनाम पर 46 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाने की धमकी दी, वाशिंगटन ने वियतनाम पर संयुक्त राज्य अमेरिका को चीनी निर्यात की सुविधा देने और बीजिंग को टैरिफ से बचने की अनुमति देने का आरोप लगाया। यह वियतनाम के खिलाफ एक नाजुक आरोप था क्योंकि कम्युनिस्ट राष्ट्र जिसने लंबे समय तक अमेरिका के खिलाफ, और विडंबना यह है कि अपने बड़े भाई कम्युनिस्ट राष्ट्र चीन के खिलाफ भी, लड़ाई लड़ी, उसके लिए दोनों महाशक्तियों को खुश रखना एक चुनौती थी। वियतनाम अमेरिका के साथ वर्तमान वार्ता में उस चुनौतीपूर्ण कार्य को करने की कोशिश कर रहा है।

2025 के पहले तीन महीनों में संयुक्त राज्य अमेरिका वियतनाम का सबसे बड़ा निर्यात बाजार था। वास्तव में, अमेरिकी विदेशी कंपनियां तेजी से निवेश के लिए सबसे अच्छे गंतव्यों में से एक के रूप में वियतनाम को चुन रही हैं। चीन के साथ वर्तमान व्यापार युद्ध के संदर्भ में, चीन स्थित कुछ अमेरिकी कंपनियां वियतनाम में परिचालन स्थानांतरित कर रही हैं, जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर एक नयी नीति के साथ तैयार है। वियतनाम अमेरिका को नाराज़ नहीं करना चाहता, जो वियतनामी अर्थव्यवस्था के आगे विकास के लिए बड़ी संभावनाएं प्रदान करता है, लेकिन साथ ही, वियतनाम चीन के साथ भी मित्रवत संबंध रख रहा है।

वियतनाम के व्यापार मंत्रालय ने अपने अधिकारियों को अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने के लिए माल के उत्पादन पर नियंत्रण कड़ा करने का आदेश दिया है। पूर्ण प्रतिक्रिया अभी तय नहीं हुई है, लेकिन पिछले सप्ताह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई चर्चाओं के आलोक में ऐसा ही किया जायेगा, जिन्होंने एशिया के सभी व्यापारिक देशों से ट्रम्प द्वारा एकतरफा लगाये गये उच्च टैरिफ का विरोध करने का आह्वान किया था। शी जिनपिंग ने बीजिंग के खर्च पर अमेरिका के साथ व्यापार सौदे करने वाले अन्य देशों के प्रति अपने विरोध को भी जाहिर किया। यह वियतनाम के लिए भी था क्योंकि वियतनाम के निर्माता अमेरिकी बाजार में निर्यात किये जाने वाले उत्पादों में बड़े पैमाने पर चीनी उपकरणों का उपयोग करते हैं।

> **वियतनाम का अमेरिका के साथ चीन और मैक्सिको के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष था। एशियाई राष्ट्र ने बार-बार अमेरिकी आयात पर सभी टैरिफ हटाने की पेशकश करते हुए तरलीकृत प्राकृतिक गैस और विमान जैसे अधिक अमेरिकी सामान खरीदने की कसम खाई है। वास्तव में वियतनाम ने मौजूदा टैरिफ युद्ध से पहले ही अमेरिकी आयात पर टैरिफ कम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।**

वियतनाम 2024 में चीनी वस्तुओं का दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे बड़ा खरीदार था, जिसका बिल 161.9 बिलियन डॉलर था। इसलिए यह मुद्दा वियतनाम के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका को निर्यात किये जाने वाले निर्यात का एक बड़ा हिस्सा चीनी हिस्सा होता है, जिस पर ट्रम्प की वर्तमान स्थिति के अनुसार प्रतिबंध लगा दिया गया है।

पिछले साल वियतनाम का अमेरिका के साथ चीन और मैक्सिको के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष था। एशियाई राष्ट्र ने बार-बार अमेरिकी आयात पर सभी टैरिफ हटाने की पेशकश करते हुए तरलीकृत प्राकृतिक गैस और विमान जैसे अधिक अमेरिकी सामान खरीदने की कसम खाई है। वास्तव में वियतनाम ने मौजूदा टैरिफ युद्ध से पहले ही अमेरिकी आयात पर टैरिफ कम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

वियतनाम एयरलाइंस और वियतकॉम बैंक ने गुरुवार को 50 विमानों की खरीद के वित्तपोषण के लिए एक अंतिम सौदे पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की, जो राष्ट्रीय वाहक के लिए 50 बोइंग 737 मैक्स विमान खरीदने की अपनी 2023 की प्रतिबद्धता को पूरा करने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। यह व्यापार अंतर को कम करने की अमेरिकी मांग को पूरा करने के वियतनाम के प्रयास का एक हिस्सा है। चल रही व्यापार वार्ता के एक हिस्से के रूप में लॉकहीडएफ-16 लड़ाकू विमानों को खरीदने का प्रस्ताव है।

वियतनाम वर्तमान टैरिफ युद्ध का लाभ उठाते हुए और प्रतिस्पर्धी महाशक्तियों अमेरिका और चीन दोनों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखते हुए दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे संपन्न अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार आगे बढ़ रहा है।

## पोप जिन्होंने अमेरिका को आईना दिखाया

रोमन कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस का 88 वर्ष की आयु में ईस्टर सोमवार को निधन हो गया। वे गरीबों के पोप थे जिन्होंने कमजोर और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए आवाज़ उठाई, जिन्होंने शांति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में अंतर-विश्वास संवाद का समर्थन किया और होली सी के सिद्धांत को स्थायी रूप में उकेरा। पोप फ्रांसिस के समय में कई चीजें पहली बार हुई थीं जिनमें से तीखी और चुभने वाली आलोचना हो सकती है जो उन्होंने अमेरिकी प्रशासन के लिए छोड़ दी थी जिसका पूरा ध्यान अब वैश्विक संबंधों को उखाड़ फेंकने, अप्रवासियों को बदनाम करने और भागीदारों को धमकाने पर केंद्रित है।


पोप फ्रांसिस अपने शुरूआती दिनों में एक चौकीदार और नाइट क्लब बाउंसर के रूप में काम करते थे। वे पोप के माध्यम से प्रतिध्वनित हुए, विशेष रुप से अपने अंतिम दिनों में जब डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रपति बने और उनके प्रशासन ने अप्रवासियों को निशाना बनाया एवं इसे आव्रजन पुलिस को दी गई व्यापक शक्तियों के साथ शिकार करने और निर्वासित करने का एक मिशन बनाने के बाद उन्होंने स्वयं को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किया। ईस्टर रविवार, 20 अप्रैल को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात के तुरंत बाद पोप का संदेश स्पष्ट था। सेंट बेसिलिका की बालकनी से पढ़े गए बयान में कहा गया कि 'कमजोर, हाशिए पर रहने वाले और अप्रवासियों की अवमानना कब तक की जाती रहेगी!' यह पोप का आखिरी सार्वजनिक 'दर्शन' था लेकिन यह संदेश अमेरिका को ताना मारता और उस पर दबाव डालता रहेगा।

यह एक संदेश है कि वेंस को व्यक्तिगत रूप से एक कैथोलिक के रूप में (वेंस को छह साल पहले बपतिस्मा दिया गया था) और एक सार्वजनिक नेता के रूप में भी सामने आना होगा, खासकर जब उन्होंने एक जटिल तरीके से अप्रवासियों पर कार्रवाई को सही ठहराने के लिए धार्मिक विचारों और अभिव्यक्तियों को चुनने की कोशिश की है, जैसे आर्डर ऑफ लव (लेटिन शब्द 'ऑर्डो एमोरिस') यानी प्रेम का क्रम मतलब मनुष्य सबसे पहले ईश्वर,उसके बाद खुद से और उसके बाद अपने पड़ोसियों से प्रेम करे। 30 जनवरी को वेंस ने 'एक्स' पर कहा- 'जस्ट गूगल 'ऑर्डो एमोरिस' (गूगल पर 'ऑर्डो एमोरिस' सर्च कीजिये)। वेंस इस विचार को समझते हैं कि दान के लिए एक आदेश है जो दूसरों से पहले परिवार और घर को लाता है। इसके आगे यह तर्क दिया जा रहा था कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अप्रवासियों को बाहर फेंक दिया जाना चाहिए।

पोप फ्रांसिस पर दायित्व था कि वे इस मामले में तुरंत एक स्पष्टीकरण भेजें। 10 दिन बाद सभी अमेरिकी धर्माध्यक्षों को एक पत्र में उन्होंने लिखा- 'ईसाई प्रेम हितों का एक केंद्रित विस्तार नहीं है जो अन्य व्यक्तियों और समूहों के लिए थोड़ा-थोड़ा करके विस्तारित होता है ... मानव, व्यक्ति गरिमा के साथ एक विषय है जो सभी के साथ विधायक संबंध के माध्यम से, विशेष रूप से सबसे गरीब के साथ, धीरे-धीरे अपनी पहचान और ईश्वरीय आह्वान में परिपक्व हो सकता है। सच्चा ऑर्डो एमोरिस वह है जिसे हम लगातार ध्यान करके खोजते हैं, जिसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए.., उस प्रेम पर जो बिना किसी अपवाद के सभी के लिए भाईचारे का निर्माण करता है।

अस्वस्थ और बीमारियों से जूझ रहे 266वें पोप का मजबूत रुख और स्पष्ट संदेश उनकी भावनाओं की गहराई और उस दर्द का संकेत देते हैं जो अमेरिका ने उन जैसे नेता को दिया जिसने गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों की सेवा करने को अपना मिशन बना लिया था। अमेरिकी धर्माध्यक्षों को लिखे 10 फरवरी के पत्र में कहा गया है: 'जिन्होंने अत्यधिक गरीबी, असुरक्षा, शोषण, उत्पीड़न या पर्यावरण की गंभीर गिरावट के कारण अपना देश छोड़ दिया, पुरुषों व महिलाओं और पूरे परिवारों की गरिमा को नुकसान पहुंचाता है व उन्हें विशेष भेद्यता और रक्षाहीनता की स्थिति में रखता है, अधिकांश मामलों में उन लोगों को निर्वासित करने का कार्य कोई मामूली मुद्दा नहीं है। कानून का एक प्रामाणिक शासन तभी सटीक रूप से सत्यापित होता है जब सभी लोग, विशेष रूप से सबसे गरीब और सबसे हाशिए पर रखे गए लोगों से गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाए जिसके वे हकदार हैं'।

जब अमेरिका के लोगों सहित कई अन्य, विशेष रूप से व्यवसायों ने इस मामले में चुप्पी साध ली थी तो पोप एक आवाज के रूप में भी सामने आए। उनके शब्द अनुचित, अन्यायपूर्ण और 'ऑर्डो एमोरिस' की सच्ची भावना के खिलाफ उठाए गए असहमति के स्वरों को प्रोत्साहित करते हैं और उनके समर्थन में खड़े होते हैं।



जगदीश रत्तनानी

> **2015 में आए एन्सिक्लिकल में विविधता, समानता और समावेशन था जिसे वार्षिक रिपोर्ट में पेश किया और दिखाया गया लेकिन उसे वास्तव में उसकी सही भावना में कभी नहीं समझा या लागू नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप ठीक वही हुआ जिसकी एन्सिक्लिकल ने चेतावनी दी थी-'... इसके बाद परस्पर विरोधी हितों, हिंसा और क्रूरता के नए रूपों व पर्यावरण की देखभाल की वास्तविक संस्कृति के विकास में बाधाओं पर संघर्ष होता है।**

आप्रवासियों के समर्थन में लड़ी गई तात्कालिक लड़ाइयों से परे पोप फ्रांसिस को विशेष रूप से उनके 184-पृष्ठ के एन्सिक्लिकल लौदातो सी (प्रेज बी टू यू) के लिए याद किया जाएगा, जो 'हम सबके घर की देखभाल' यानी पृथ्वी के लिए समर्पित है। यह संधारणीयता पर एक ग्रंथ है जो प्रेरणादायक, क्रांतिकारी, समग्र और सिस्टम सोच में आधारित है- देखभाल और प्रेम से भरा दृष्टिकोण बनाम जो व्यवसाय संचालन में निरंतरता का दावा करने के भौतिक मेट्रिक्स से परे है।

यह विजेता के रूप में सामाजिक न्याय, वैश्विक असंतुलन और मानव अहंकार के विचारों की चर्चा की सीमाओं का विस्तार करता है जो अंतत: धरती माता को नष्ट कर देता है। एन्सिक्लिकल जलवायु को एक जटिल प्रणाली कहता है जो सर्वसामान्य के लिए अच्छी है, 'जो बहुत मजबूत वैज्ञानिक सहमति को इंगित करता है कि हम वर्तमान में जलवायु प्रणाली के परेशान वार्मिंग को देख रहे हैं' और 'इसका मुकाबला करने के लिए जीवन शैली, उत्पादन और खपत में परिवर्तन के लिए' कहते हैं। यह बात अधिकांश पश्चिमी आवाजों से परे जा रही है। यह आगे सामाजिक बहिष्कार, असमान वितरण, सामाजिक आक्रामकता के नए रूपों और पहचान के नुकसान की बात करता है। यह तर्क देता है कि 'पिछली दो शताब्दियों के विकास के दौर में हमेशा अभिन्न विकास तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ है'।

2015 में आए एन्सिक्लिकल में विविधता, समानता और समावेशन था जिसे वार्षिक रिपोर्ट में पेश किया और दिखाया गया लेकिन उसे वास्तव में उसकी सही भावना में कभी नहीं समझा या लागू नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप ठीक वही हुआ जिसकी एन्सिक्लिकल ने चेतावनी दी थी-'... इसके बाद परस्पर विरोधी हितों, हिंसा और क्रूरता के नए रूपों व पर्यावरण की देखभाल की वास्तविक संस्कृति के विकास में बाधाओं पर संघर्ष होता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## नेपाल में 987 पर्वतारोहियों को 26 चोटियों पर चढ़ने की अनुमति

**काठमांडू,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। नेपाल में 105 पर्वतारोही समूहों के 987 पर्वतारोहियों को वसंत पर्वतारोहण के मौसम के दौरान 26 पर्वतों पर चढ़ने की अनुमति दी गई है। पर्यटन विभाग के निदेशक लीलाधर अवस्थी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पर्वतारोहियों में 217 महिलाएं शामिल हैं तथा वे 51 देशों और क्षेत्रों से हैं। कुल 328 पुरुषों और 74 महिलाओं को 8,848.86 मीटर ऊंचे माउंट कोमोलांगमा पर चढ़ने की अनुमति दी गयी, जो नेपाल और चीन के बीच स्थित दुनिया की सबसे ऊंची चोटी है। उन्होंने कहा कि परमिट चाहने वालों का प्रवाह बहुत उत्साहजनक है। हमें पिछले साल की तुलना में अधिक पर्वतारोहियों की उम्मीद है।

# देश विदेश


# पाकिस्तान ने सिंध नहर परियोजना पर लगाई रोक

■ सिंध की 72 प्रतिशत आबादी भूजल पर निर्भर ■ सिंधु डेल्टा ने अपना 92 प्रतिशत जा पानी खो दिया

**इस्लामाबाद,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने के बाद सिंध में अपनी विवादास्पद नहर परियोजना पर रोक लगा दी है।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री आवास में सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तन पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) प्रतिनिधिमंडलों के बीच बैठक के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने यह घोषणा की। इस निर्णय ने दोनों राजनीतिक सहयोगियों के बीच कई दिनों से चल रही राजनीतिक खींचतान को समाप्त कर दिया है। श्री शरीफ ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि जब तक काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट्स (सीसीआई) में आम सहमति नहीं बन जाती, तब तक कोई नहर नहीं बनाई जाएगी। उन्होंने पुष्टि की कि दो मई को होने वाली अगली सीसीआई बैठक में पीपीपी के साथ हुए समझौते को औपचारिक रूप से मंजूरी दी जाएगी।

सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह के साथ पीपीपी अध्यक्षर बिलावल भुट्टो ने



अपनी पार्टी की मांगों को स्वीकार करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया और पुष्टि की कि प्रांतीय सहमति के बिना कोई भी परियोजना आगे नहीं बढ़ेगी।

**जब तक काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट्स में आम सहमति नहीं बन जाती, तब तक कोई नहर नहीं बनाई जाएगी : शहबाज शरीफ**

श्री शाह ने समझौते को बड़ी जीत बताते हुए कहा कि पीपीपी ने लगातार कहा है कि यह परियोजना सिंध के हितों के खिलाफ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि परियोजना को औपचारिक रूप से रद्द कर दिया जाएगा। आलोचकों ने चेतावनी दी है कि सिंधु से पानी को मोड़ने से सिंध की अर्थव्यवस्था तबाह हो सकती है, उपजाऊ भूमि सूख सकती है और सिंधु डेल्टा का नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट हो सकता है। सिंध की 72 प्रतिशत आबादी भूजल पर निर्भर है, इसलिए दांव बहुत ऊंचे हैं।

सिंधु डेल्टा ने अपना 92 प्रतिशत जा पानी खो दिया है जिससे पाकिस्तान के पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण मैंग्रोव और मत्स्य पालन खतरे में पड़ गया है। नहरों के खिलाफ सिंध के विरोध ने किसानों, छात्रों, वकीलों और यहां तक कि पीपीपी जैसे राजनीतिक दलों को भी एकजुट किया है। नवंबर 2024 से, रैलियां, धरना और राजमार्ग नाकाबंदी ने प्रांत को अपनी चपेट में ले लिया है। प्रदर्शनकारियों ने इस बात पर जोर दिया है कि सिंध के लोगों ने छह नहर योजना को भारी रूप से खारिज कर दिया है ।

## सिंधु जल संधि को निलंबित करने के लिए भारत के पास बुनियादी ढांचे की कमी



**इस्लामाबाद।** भारत में पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त अब्दुल बासित ने दावा किया कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने का भारत का निर्णय वास्तविक नहीं, बल्कि 'प्रतीकात्मक' है, क्योंकि उसके (भारत के) पश्चिमी नदियों को मोड़ने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचे का अभाव है। ज्ञातव्य है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमलों के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदम उठाये, जिनमें दशकों पुरानी सिंधु जल संधि को निलंबित करना भी शामिल था। सरकार का यह कदम पाकिस्तान को मुसीबत में डाल सकता है, क्योंकि यह देश सिंचाई आदि कामों के लिए सिंधु नदी प्रणाली पर बहुत अधिक निर्भर है। पहलगाम के बैसरन में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गये थे।

## संरा महासचिव ने की भारत व पाकिस्तान से संयम बरतने की अपील



**संयुक्त राष्ट्र।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में बढ़ती कड़वाहट के बीच, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दोनों देशों से अधिकतम संयम बरतने और यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि स्थिति और न बिगड़े। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने गुरुवार को एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हालांकि संयुक्त राष्ट्र महासचिव का दोनों देशों में से किसी के साथ कोई सीधा संपर्क नहीं है, लेकिन मैं पुष्टि कर सकता हूं कि वह स्थिति पर बहुत बारीकी से और बहुत चिंता के साथ नजर रख रहे हैं। श्री दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र 21 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने में बहुत स्पष्ट है जिसमें पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को मार डाला था। उन्होंने कहा कि हम दो दिन पहले जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करने में बहुत स्पष्ट थे, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए।

## सुडोकू 6894

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | | | | | | |
| | 7 | | | 2 | | | | |
| | 1 | | | | | 5 | 2 | |
| | 2 | | 4 | | | | 3 | |
| 4 | | | 8 | | 3 | | | 7 |
| | 9 | | | | 6 | | 4 | |
| | 3 | 5 | | | | | 7 | |
| | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | | | | 6 | 1 | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 26 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 13**

### राशिफल

मेष - आज दिनभर प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। व्यर्थ खर्च की मात्रा भी बढ़ेगी। पूंजी-निवेश मेंध्यान रखें।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। धन वृद्धि तथा पदोन्नति होने के योग हैं। व्यापार के लिए किए गए सौदे में सफलता मिल सकती है। परिजनों तथा मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

मिथुन - आज का दिन अच्छा होने के कारण आपके सभी काम अच्छी तरह संपन्न होंगे। घर और ऑफिस का वातावरण प्रफुल्लित और आनंदमयी बना रहेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कर्क - तन-मन में आनंद की अनुभूति होगी। आपके भाग्य में निखार आ सकता है। विदेश से अच्छे समाचार मिलेंगे। धर्म संबंधी कामकाज या दर्शन के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

सिंह - आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। तबीयत खराब होने के कारण खर्च होने की संभावना है। स्वभाव उग्र बनेगा, ऐसे में वाणी पर संयम रखना आवश्यक है। आपको नकारात्मक विचार बहुत परेशान करेंगे।

कन्या - आप समाज में यश, प्रतिष्ठा और ख्याति प्राप्त कर सकेंगे। महिलाओं से लाभ हो सकता है। सामाजिक जीवन में आनंद की अनुभूति होगी। नए परिधान तथा अलंकार खरीद सकेंगे। नए मित्रों से मिलने की संभावना है।

तुला - आज नौकरी में लाभ तथा प्रगति का योग है। पारिवारिक वातावरण सुख-शांति से भरपूर रहेगा। विरोधियों को पराजित कर सकेंगे। सहकर्मी आपकी मदद करेंगे। ननिहाल से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृश्चिक - साहित्य तथा कला से संबंधित प्रवृत्तियों में विशेष रुचि बढ़ेगी। आप बौद्धिक चर्चा में भाग ले सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए भी समय अनुकूल है। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी करेंगे।

धनु - आज मन में उदासीनता छाई रहेगी। शरीर में ताजगी तथा मन में खुशी का अभाव रहेगा। परिजनों के साथ बातचीत में तनाव हो सकता है। आपका स्वभिमान भंग न हो, इसका ध्यान रखें। धन हानि का योग है।

मकर - आपका आज का दिन आनंद में व्यतीत होगा। परिस्थितियां अनुकूल होने के कारण सभी काम सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। मानसिक खुशी का भी अनुभव होगा। व्यापार में आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कुंभ - आपके मन में उलझन के कारण आप उचित निर्णय नहीं ले सकेंगे। स्वास्थ्य बिगड़ेगा। वाणी पर नियंत्रण न रहने के कारण व्यर्थ की चर्चा से मतभेद या संघर्ष के अवसर उत्पन्न होंगे। इच्छित सफलता नहीं मिल सकेगी।

मीन - आज आपको आनंद और उत्साह अनुभव होगा। नए काम की शुरुआत करने से लाभ हो सकता है। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मिलकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेने की संभावना है। आय का स्रोत जारी रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# गाजा पर इजरायली हमलों में 50 से अधिक लोगों की मौत



**गाजा,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। गाजा पट्टी पर गुरुवार सुबह से इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 52 हो गई है, जिनमें से 39 गाजा शहर और एन्क्लेव के उत्तरी इलाकों में हुए हमलों में मारे गए हैं। अल जजीरा प्रसारक ने फिलिस्तीनी चिकित्सा स्रोतों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।

गुरुवार को रिपोर्ट में कहा गया कि हमले जबालिया, देइर अल बलाह और खान यूनिस शहरों पर भी किए गए, जिनमें वे घर भी शामिल हैं जहां शरणार्थियों को ठहराया गया था। रिपोर्ट में कहा गया कि एन्क्लेव के उत्तर में कुछ इलाकों में तोपखाने की गोलाबारी की गई। गाजा पट्टी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 18 मार्च को शत्रुता फिर से शुरू होने के बाद से 1,900 से अधिक लोग मारे गए हैं और 5,000 से अधिक घायल हुए हैं।

गौरतलब है कि 18 मार्च को इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमले फिर से शुरू कर दिए, जिसका कारण फिलिस्तीनी आंदोलन हमास द्वारा युद्ध विराम को आगे बढ़ाने की अमेरिकी योजना को स्वीकार करने से इनकार करना था, जो एक मार्च को समाप्त हो गया था। इजरायल ने गाजा पट्टी में एक विलवणीकरण संयंत्र की बिजली आपूर्ति भी काट दी और मानवीय सहायता ले जाने वाले ट्रकों के प्रवेश को बंद कर दिया।

### गाजा में इजरायली सैनिक की मौत, 2 अन्य घायल

इजरायली सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि गाजा पट्टी में स्नाइपर की गोली से एक इजरायली टैंक चालक की मौत हो गई। सेना कहा कि सैनिक मचैट्ज़ बख्तरबंद ब्रिगेड की 79वीं बटालियन में सेवारत था, उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान मारा गया, साथ ही कहा कि उसके परिवार को उसकी मौत की सूचना दे दी गई है। मारे गए सैनिक का नाम अभी तक प्रकाशन के लिए मंजूरी नहीं दी गई है। इसके अलावा, बयान के अनुसार, याहलोम यूनिट का एक अधिकारी और उसी बटालियन का एक रिजर्विस्ट घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया।

## रूस यूक्रेन समझौते पर पहुंचने के लिए तैयार है : लावरोव

**मास्को,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। रूस यूक्रेन के साथ संघर्ष के समाधान पर एक समझौते पर पहुंचने को तैयार है, लेकिन सौदे के कुछ प्रावधानों को अभी भी ठीक करने की आवश्यकता है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को एक साक्षात्कार में यह बात कही।

श्री लावरोव ने अमेरिकी प्रसारक 'सीबीएस' न्यूज़ के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान में एक समझौते का उल्लेख है, और हम एक समझौते पर पहुंचने के लिए तैयार हैं, लेकिन अभी भी कुछ विशिष्ट बिंदु हैं - इस सौदे के तत्व जिन्हें ठीक करने की आवश्यकता है। गुरुवार रात को साक्षात्कार के अंश प्रकाशित किए गए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार रविवार को पूरा संस्करण प्रसारित किया जाएगा।

इससे पहले श्री ट्रम्प ने उम्मीद जताई थी कि रूस और यूक्रेन इस सप्ताह एक समझौता करेंगे।

## थाईलैंड में पुलिस विमान दुर्घटनाग्रस्त, छह की मौत



**बैंकॉक,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। थाईलैंड के फेत्चाबुरी प्रांत के रिसॉर्ट शहर हुआ हिन के तट के पास शुक्रवार सुबह एक छोटा पुलिस विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। थाई पुलिस ने यह जानकारी दी। थाई राष्ट्रीय पुलिस ने अपने सोशल मीडिया पेज पर कहा कि पुलिस विमानन प्रभाग का विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब विमान पैराशूट प्रशिक्षण के लिए परीक्षण उड़ान भर रहा था। दुर्घटना के कारणों की जांच की जाएगी। वीडियो फुटेज में विमान को समुद्र में गिरते हुए दिखाया गया है। शुरुआती जांच से पता चलता है कि उड़ान भरने के तुरंत बाद इंजन में खराबी आ गई।

## ब्रिटेन का यूक्रेन में सेना भेजने की योजना त्यागने की संभावना


**मॉस्को,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। ब्रिटेन अब यूक्रेन में हजारों सैनिक भेजने के विचार को त्यागने की योजना बना रहा है क्योंकि वहां सेना को भेजने में जोखिम बहुत अधिक है। टाइम्स अखबार ने ब्रिटिश सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।

इच्छुक गठबंधन के बारे में चर्चा में शामिल एक सूत्र ने कहा कि जोखिम बहुत अधिक है और इस तरह के कार्य के लिए सेना अपर्याप्त है। यह हमेशा ब्रिटेन का विचार था। फ्रांस ही अधिक सशक्त दृष्टिकोण चाहता था। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूक्रेन के लिए सुरक्षा प्रतिबद्धता यूक्रेन के सशस्त्र बलों के पुनर्गठन और पुन: शस्त्रीकरण पर केंद्रित होगी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 27 मार्च को पेरिस में इच्छुक गठबंधन के शिखर सम्मेलन की मेजबानी के बाद कहा कि कई देश निवारक बलों के रूप में यूक्रेन में सेना भेजना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन-फ्रांस की पहल न तो यूक्रेनी सैनिकों का प्रतिस्थापन होगी और न ही शांति सेना। इसका लक्ष्य रणनीतिक स्थानों पर सैनिकों को तैनात करके रूस को रोकना होगा। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने कहा है कि यूक्रेन में किसी भी विदेशी सैन्य उपस्थिति को रूस के लिए खतरे के रूप में देखा जाएगा।



**यूक्रेन के लिए सुरक्षा प्रतिबद्धता यूक्रेन के सशस्त्र बलों के पुनर्गठन और पुन: शस्त्रीकरण पर केंद्रित होगी : रिपोर्ट**

## वर्ग पहेली 6894



**बायें से दायें:-**

१. प्यार भरी बातचीत
३. निछावर
५. अस्तित्व (उर्दू)
६. गाने वाला
७. शाक, सब्जी
८. चंद्रमा
१३.मेहनत
१५. आईना
१६. लुंगी
१७. प्रण
१८. जुड़ा, मिला हुआ, सहित
२०. प्रार्थना के योग्य
२२. मामूली
२३. सूर्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. दर्शक दीर्घा
२. फायदेमंद
३. बहुत ही बुरा (उर्दू)
४. भय, दुख या पीड़ा से पीड़ित होकर जोर से रोना, चिल्लाना
५. भारी (उर्दू)
९. तकलीफ, झंझट (उर्दू)
१०. अंत, अवसान, नतीजा
११. लज्जत, जायका
१२. उऋण, जिसने कर्ज से छुटकारा पा लिया हो
१४. आय (उर्दू)
१७. तारीफ
१९. जवान, तरुण
२०. जान,जी, दम
२१. अगर

### वर्ग पहेली-6893



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1654- यहूदियों को ब्राजील से निकाला गया।
1755- रूस का पहला विश्वविद्यालय राजधानी मॉस्को में खोला गया।
1828- यूनान की आजादी के समर्थन में रूस की तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा।
1903 - गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में वकालत शुरू की और वहां ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना की।
1920- महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम का निधन।
1959- क्यूबा ने पनामा पर आक्रमण किया।
1962 - अंतरिक्ष यान रेंजर-4 ने चांद की सतह पर कदम रखा। चांद तक पहुंचने वाला यह पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान था। तकनीकी गड़बड़ी के कारण इसका संपर्क पृथ्वी से टूट गया और यह चांद की सतह के चित्र नहीं भेज सका।
1964 - तंगांयिका और जंजीबार के विलय के बाद तंजानिया संयुक्त गणराज्य की स्थापना हुई और जूलियस न्येरेरे इसके प्रथम राष्ट्रपति बने।
1975- सिक्किम भारत का 22वां राज्य बना।
1986 - तत्कालीन सोवियत संघ के यूक्रेन प्रांत के चेरनोबिल में परमाणु हादसा हुआ, जिससे बड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी विकीरण हुआ।
1990 - वीआरपी मेनन ने 463 घंटे तक लगातार डिस्को डांस करने का विश्व रिकार्ड अपने नाम किया।
2020 - देश में कोविड महामारी से संक्रमित लोगों की संख्या 26 हजार के पार पहुंची। राज्यों ने कुछ दुकानें खोलने की अनुमति देकर लॉकडाउन की शर्तों में ढील देने की शुरुआत की।

**मामला** *पहलगाम हमला इजरायल में हुए हमास के हमले जैसा था*

# मुस्लिम जगत को भारत व इजरायल के खिलाफ एकजुट करना था उद्देश्य

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम में हाल ही में हुआ आतंकी हमला, हमास की रणनीतियों से प्रेरित था। पहलगाम हमला हमास द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली रणनीतियों जैसा ही था। हमले में चार आतंकी शामिल थे, जिनमें दो पाकिस्तानी थे और दो स्थानीय। इन सभी ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में ट्रेनिंग ली थी। वहां लश्कर और जैश के कैंपों में हमास ने ट्रेनिंग देने का इंतजाम किया है और इसे आईएसआई का भी समर्थन मिला हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, 5 फरवरी 2025 को, कुछ हमास नेताओं को इजरायल ने रिहा किया और वे पाकिस्तान सरकार के बुलावे पर पाकिस्तान आए।**

उन्हें पीओके ले जाया गया, जहां उनकी मुलाकात लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों से करवाई गई। हमास के नेताओं को रावलकोट की सड़कों पर घोड़ों पर सवारी करके आजादी दिलाने वालों की तरह घुमाया गया।

इस रैली में हमास के प्रवक्ता डॉ. खालिद कद्मी और डॉ. नाजी जहीर, साथ ही हमास के नेता मुफ्ती आजम और बिलाल अलसल्लत शामिल हुए थे। इस रैली में जैश-ए-मोहम्मद के नेता मसूद अजहर का भाई तल्हा सैफ, लॉन्चिंग कमांडर असगर खान कश्मीरी, मसूद इलियास और लश्कर-ए-तैयबा के बड़े आतंकवादी कमांडर भी मौजूद थे। इस कॉन्फ्रेंस का नाम कश्मीर एकजुटता और हमास का ऑपरेशन अल अक्सा फ्लड था और यह



इसलिए रखा गया था ताकि यह बताया जा सके कि कश्मीर और फिलिस्तीन दोनों ही इस्लामी जिहाद के विषय हैं। इसका मकसद यह भी था कि पूरा मुस्लिम जगत मिलकर भारत और इजरायल के खिलाफ पीड़ितों के तौर पर एकजुट हो। 7 अक्टूबर 2024 को पाकिस्तान की आईएसआई ने हमास नेताओं को बांग्लादेश की राजधानी ढाका ले जाकर वहां एक चरमपंथी कार्यक्रम में शामिल करवाया। इस कार्यक्रम का मकसद भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में आतंक फैलाना था।

इस कार्यक्रम का आयोजन अल मरकजुल इस्लामी नाम के संगठन ने किया था, जिसका संस्थापक मुफ्ती शाहिदुल इस्लाम अल-कायदा से जुड़ा हुआ था। इस कार्यक्रम में हमास के बड़े नेता और पाकिस्तान के इस्लामी नेता भी शामिल हुए थे। मुफ्ती शाहिदुल इस्लाम, जिनकी 2023 में मृत्यु हो गई, के अल-कायदा से सीधे रिश्ते थे। आतंकवाद में उसकी लंबी भागीदारी के कारण इस कार्यक्रम के पीछे के इरादों को लेकर चिंता बढ़ गई है। मुफ्ती शाहिदुल इस्लाम बांग्लादेश में इस्लामी आतंकवाद फैलाने वालों में एक जाना-माना नाम था। उसे पहले 1999 में गिरफ्तार किया गया था। उस पर खुलना में अहमदिया मस्जिद पर बम हमले की साजिश रचने का आरोप था।

## दुनिया को जानें

### टीकाकरण दरों में गिरावट से अमेरिका में फिर से बढ़ सकते हैं खसरे के मामले : अध्ययन

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका में खसरा बीमारी दोबारा बड़ी संख्या में फैल सकती है, क्योंकि वहां बच्चों को टीके लगवाने की दर कई राज्यों में घटती जा रही है।

अमेरिका की स्टैनफोर्ड, बायलर, राइस और टेक्सास यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक मॉडल के जरिए यह अध्ययन किया। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, इस मॉडल ने अलग-अलग टीकाकरण दरों के साथ 25 सालों के अलग-अलग हालातों का अध्ययन किया। जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन में प्रकाशित इस अध्ययन में बताया गया कि अगर अभी जैसी ही टीकाकरण की स्थिति बनी रही, तो खसरा बीमारी अमेरिका में फिर से आम हो सकती है और अगले 25 साल में करीब 8.5 लाख से ज़्यादा खसरे के मामले सामने आ सकते हैं। अगर टीकाकरण की दर 10 प्रतिशत कम हो गई, तो करीब 1.1 करोड़ लोग खसरे की चपेट में आ सकते हैं। और अगर यह दर 50 प्रतिशत तक गिर गई, तो हालात और भी ज़्यादा गंभीर हो जाएंगे जिसमें 5.1 करोड़ खसरे के मामले, 99 लाख रूबेला, 43 लाख पोलियो, 197 डिप्थीरिया के मामले, 10.3 लाख अस्पताल में भर्ती मामले और करीब 1.6 लाख मौतें हो सकती हैं।

# प्रादेशिकी

## पहलगाम हमले से सबक लेकर उत्तराखण्ड को भी सतर्क रहने की जरूरत: हरीश रावत

**देहरादून।** उत्तराखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दो में निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों का सज्ञान लेकर उत्तराण्ड को सतर्क रहने की जरूरत है। हरीश रावत ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा अब समय कुछ कर गुजरने का है। पूरा देश इस समय आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सरकार के साथ है। पार्टी के शीर्ष नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने भी इस बात को कहा कि देश आतंकवाद से लड़ने के लिए एकजुट है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवाद पर प्रहार होना चाहिए। यहां तक पीओके की दास्तां समाप्त करने का भी समय आ गया है। कांग्रेस की ओर से यह सवाल नहीं उठाया जा रहा है कि सूचनाएं क्यों नहीं मिली? यहां कैसे सुरक्षा व्यवस्था में चूक हुई? वह सारे सवाल अब गौण हो गए हैं।अब एक ही सवाल है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को खत्म करने के लिए काम होना चाहिए।

### सीएम ने किया ऋषिकेश स्थित चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप का किया औचक निरीक्षण

# यात्रियों का सहयोगी बनकर यात्रा को सफल बनाना है : धामी

### चारधाम यात्रा से पहले ट्रांजिट कैंप में रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था को 24 घंटे चालू रखने के दिए आदेश

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से यात्रियों के लिए भजन, रामायण, महाभारत, चारधाम यात्रा संबंधी कहानियों एवं आरतियों को दिखाया जाएगा तथा मौसम संबंधित जानकारियां उपलब्ध करायी जायेगी। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को ऋषिकेश में चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप (यात्रा रजिस्ट्रेशन कार्यालय) के औचक निरीक्षण के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने आगामी चारधाम यात्रा को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय में पंजीकरण कक्ष, यात्रा पूछताछ एवं सहायता केंद्र, चिकित्सालय, पुलिस सहायता व खोया पाया केन्द्र जैसी विभिन्न व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा से पहले ट्रांजिट कैंप में रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था को 24 घंटे चालू रखी जाए। उन्होंने कहा ट्रांजिट कैंप में पुलिस, परिवहन, नगर निगम, स्वास्थ्य, जल, पर्यटन, विद्युत, आदि विभागों का संयुक्त हेल्पडेस्क सिंगल विंडो सिस्टम के रूप में बनाया जाए, जिससे लोगों को एक ही स्थान पर सारी सुविधाएं उपलब्ध हो। उन्होंने कहा हमने श्रद्धालुओं का सहयोगी बनकर यात्रा को सफल बनाना है, जिससे हर श्रद्धालु की यात्रा सकुशल सम्पन्न हो एवं वे उत्तराखंड से यात्रा के अच्छे अनुभव लेकर जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रांजिट कैंप में श्रद्धालुओं के ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था हो एवं गर्मी से बचाव के लिए कूलर, स्वच्छ पेयजल, टीन शेड, कुर्सियों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा ट्रांजिट कैंप स्थित अस्पताल में सभी प्रकार की दवाइयों की व्यवस्था और चिकित्सकों की तैनाती हो। उन्होंने कहा भीड़ प्रबंधन एवं ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष तौर पर एक्शन प्लान बनाकर प्राथमिकता से कार्य हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ट्रजिट कैंप में स्थापित रिसेप्शन में चारधाम यात्रा प्रचार सामग्री उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा श्रद्धालुओं को चारधाम के साथ ही अन्य स्थलों के बारे में भी जानकारी दी जाए। उन्होंने ट्रांजिट परिसर में स्थापित खोया-पाया केन्द्र को संपूर्ण यात्रा मार्गो से समन्वय बनाने के भी निर्देश दिए।



■ आगामी चारधाम यात्रा को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं का लिया जायजा

#### ट्रांजिट कैंप में 24 काउन्टर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई: कमिश्नर

आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडे ने बताया कि चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप में 24 काउन्टर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त रिर्जव टीम की तैनाती भी की गई है। यात्रा चिकित्सालय में 24 घंटे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही पुलिस सहायता केन्द्र में पुलिस द्वारा पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किया गया है। आयुक्त गढ़वाल ने बताया कि यात्रा ट्रांजिट कैंप में मीडिया सेंटर की व्यवस्था की गई है। केन्द्र में यात्री मित्र तैनात किये जायेगें, जो यात्रियों को विभिन्न सुविधाओं व जानकारियां प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न एन.जी.ओ एवं संगठनों द्वारा यात्रियों को निशुल्क भोजन, जलपान एवं खाद्य सामग्री की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी एवं कैंटीन की व्यवस्था भी उपलब्ध होगी। पीने के पानी की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध करवाई गई है साथ ही जल संस्थान द्वारा टेंकर उपलब्ध कराये जायेगे। उन्होंने बताया इसके अतिरिक्त 4 डोरमेट्री सुविधा मय 80 बेड भी उपलब्ध है।

## गंगा कॉरिडोर का किया शुभारंभ: पार्किंग व राफ्टिंग सेंटर का हुआ शिलान्यास

**ऋषिकेश,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर के प्रथम चरण के कार्यों का शुभारंभ शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कर दिया है। नगर निगम ऋषिकेश में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने यहां बनने वाली मल्टी स्टोरी पार्किंग का शिलान्यास किया। राफ्टिंग बेसिक स्टेशन की आधारशिला भी उन्होंने रखी गई।

उल्लेखनीय है कि हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर केंद्र सरकार की योजना है जिसके तहत यह काम किए जाने हैं। केंद्र सरकार इस कॉरिडोर निर्माण के होने वाले कामों के लिए पहली किस्त जारी कर चुकी है तथा इस योजना के तहत किए जाने वाले अन्य कार्यों के लिए डीपीआर तैयार करने का काम जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि हरिद्वार और ऋषिकेश चार धाम यात्रा की पहले प्रवेश द्वार है। इन स्थानों पर बाहर से आने वाले यात्रियों को पार्किंग की सुविधा मिलना पहली जरूरत थी। अब तक देखा गया था कि पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ती थी। यही नहीं यात्रा के दौरान सड़कों पर वाहनों के भारी दबाव और लोगों के द्वारा सड़कों के दोनों ओर अवैध तरीके से बेहतरतीब गाड़ियों को खड़ी करने के कारण कई-कई घंटे लंबे जाम लग जाते थे।



■ पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों को उठानी पड़ती थी भारी दिक्कतें

### धामी ने हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति पर किया माल्यार्पण

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती के अवसर पर घण्टाघर स्थित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा ने राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित किए। उनका जीवन बहुत संघर्षमय था, लेकिन वे हिमालय की तरह अडिग थे। उनका पर्वतीय क्षेत्रों के समग्र विकास का एक स्पष्ट विजन और चिंतन था। उन्हें अपनी संस्कृति और सभ्यता से गहरा लगाव था। विलक्षण प्रतिभा और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता के बल पर उन्होंने भारतीय राजनीति में एक विशिष्ट पहचान बनाई। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक उमेश शर्मा काऊ, सविता कपूर, मेयर सौरभ थपलियाल ने भी स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया।



**सार संक्षेप**

### पंजाब के हाइडल प्रोजेक्टों में रिकॉर्ड तोड़ बिजली उत्पादन : सिंह

**चंडीगढ़।** पंजाब के बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने शुक्रवार को यहां बताया कि पंजाब राज्य पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के अधीन तीन बड़े पन-बिजली प्रोजेक्टों ने अपने वार्षिक उत्पादन लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने के साथ-साथ पिछले तीन वर्षों में अपना सबसे अधिक उत्पादन भी दर्ज किया है।
कैबिनेट मंत्री ने बताया कि राज्य के पन-बिजली क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कई महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल किए हैं, जिससे बिजली उत्पादन संबंधी अनेक नए मानदंड स्थापित किए गए हैं। उन्होने बताया कि जोगिंदर नगर में स्थापित शानन पावर हाउस में 512.656 लाख यूनिट (एम.यू.) बिजली उत्पादन के साथ बेमिसाल उपलब्धि हासिल की गई है, जो कि इसके वार्षिक लक्ष्य 480 एम.यू. से 6.80 प्रतिशत अधिक है।

### किसानों को 438 करोड़ रुपए का भुगतान : पंचाल

**कपूरथला।** पंजाब में कपूरथला के ज़िला उपायुक्त अमित कुमार पंचाल ने शुक्रवार को बताया कि ज़िले में 361,250 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 222,525 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। उपायुक्त ने बताया कि ज़िले की अनाज मंडियों में रोजाना करीब 30,000 से 35,000 मीट्रिक टन गेहूं आ रहा है और साथ ही खरीद भी हो रही है। उन्होंने कहा कि मार्कफेड सबसे बड़ी खरीद एजेंसी बनकर उभरी है, जिसकी अब तक कुल गेहूं खरीद में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसके बाद पनसप 26 प्रतिशत, पनग्रेन 23 प्रतिशत और पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 17 प्रतिशत खरीद की है। श्री पंचाल ने बताया कि 24 अप्रैल तक किसानों को 438 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जा चुके हैं। इसके अलावा, खरीदे गए गेहूं का 65 प्रतिशत हिस्सा मंडियों से उठा लिया गया है।

### रेडक्रॉस सोसायटी ने महिलाओं को नशामुक्ति के प्रति किया जागरूक

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा शुक्रवार को पीएनबी ग्रामीण स्व-रोजगार एवं प्रशिक्षण संस्थान में सिलाई का प्रशिक्षण ले रही महिला प्रशिक्षणार्थियों को 'नशामुक्ति' के प्रति जागरूक किया गया। रेडक्रॉस के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा आज के युवाओं को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है। विभिन्न प्रकार के नशे न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं।

### सुडोकू 6894 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 | 8 | 4 | 5 |
| 1 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 4 |

## सुक्खू ने ठेकेदारों की लंबित देनदारियां जारी करने के दिए निर्देश

**शिमला,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को यहां वित्त विभाग की बैठक में 30 अप्रैल से पहले लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के ठेकेदारों की लंबित सभी देनदारियों को जारी करने के निर्देश दिए। श्री सुक्खू ने कहा कि लंबित देनदारियों की पहली किस्त 28 अप्रैल से पहले और शेष राशि इस महीने की 30 अप्रैल तक जारी कर दी जाएगी। उन्होंने दोनों विभागों को बिल तैयार कर उन्हें भुगतान के लिए समय पर कोषागार में प्रस्तुत करने के लिए शीघ्रता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को विभागीय बिल हर महीने की 10 तारीख के बाद ही प्रस्तुत करने के निर्देश दिए क्योंकि राज्य को हर महीने की 10 तारीख को केंद्रीय कर प्राप्त होते हैं। विधायक सुंदर सिंह ठाकुर, मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान, अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा, प्रधान सचिव, वित्त देवेश कुमार, सचिव वित्त डॉ. अभिषेक जैन, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग एन.पी. सिंह, प्रमुख अभियंता जल शक्ति विभाग अंजू शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।



## मजिस्ट्रेट न्यायालयों में अभियोजन वादों की पैरवी के लिए उपस्थित रहे सहायक अभियोजन अधिकारी : एडीएम

**देहरादून,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। अपर जिलाधिकारी (प्रशा) जय भारत सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मजिस्ट्रेट न्यायालयों में अभियोजन से संबंधित लंबित वादों को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने नामित सहायक अभियोजन अधिकारियों को मजिस्ट्रेट न्यायालयों से समन्वय रखते हुए अभियोजन संबंधी वादों का त्वरित निस्तारण करने पर जोर दिया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि मजिस्ट्रेट न्यायालयों में वादों की पैरवी के लिए नामित सहायक अभियोजन अधिकारी उपस्थित नही रहते है। जिसके कारण मजिस्ट्रेट कोर्ट में अनावश्यक रूप से वाद लंबित हो रहे है और सुगम न्यायिक प्रक्रिया में रूकावट आ रही हैं। जिससे सरकार को राजस्व का भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने निर्देशित किया कि मजिस्ट्रेट न्यायालयों के लिए नामित सहायक अभियोजन अधिकारी प्रत्येक सप्ताह अपने से संबंधित मजिस्ट्रेट न्यायालयों में उपस्थित होकर अभियोजन वादों के निस्तारण में सहयोग करें। ताकि न्यायिक प्रक्रिया में सुगमता बनी रहे। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम के साथ उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम की धारा 154 के उल्लंघन के प्रकरणों में गतिमान धारा 166 व 167 की कार्यवाही और अंश निर्धारण की अद्यतन प्रगति समीक्षा भी की और अंश निर्धारण कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि किसान योजना के तहत शत प्रतिशत किसानों का सत्यापन कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। संयुक्त निदेशक विधि ने बताया कि अभियोजन वादों के निस्तारण में पूरा सहयोग किया जा रहा है। मजिस्ट्रेट न्यायालयों में वादों के निस्तारण में सहायक अभियोजन अधिकारियों का रोस्टर तैयार किया जाएगा और आपसी समन्वय बनाकर वादों का त्वरित निस्तारण कराने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (एफआर) केके मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, ओसी कलेक्ट्रेट अपूर्वा, एसडीएम हरिगिरि, एसडीएम कुमकुम जोशी, एसडीएम विनोद कुमार, एसडीएम अपर्णा ढौंडियाल, तहसीलदार सोहन सिंह रांगड, सुरेन्द्र देव, विवेक राजौरी, संयुक्त निदेशक विधि जीसी पंचोली सहित मजिस्ट्रेट कोर्ट के लिए नामित समस्त सहायक अभियोजन अधिकारी उपस्थित थे।



■ किसान योजना के तहत शत प्रतिशत किसानों का सत्यापन कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए

## कश्मीरी छात्रों पर बयान के बाद देहरादून में अलर्ट

**देहरादून,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। हिंदू रक्षा दल की ओर से कश्मीरी छात्रों पर दिए गए बयान के बाद बृहस्पतिवार को पुलिस अलर्ट रही। पुलिस ने हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही सुबह से दोपहर तक दल के नेताओं को घर पर ही नजरबंद किया। हिंदू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने बुधवार को कश्मीरी छात्रों पर विवादित बयान दिया था। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आई। अलर्ट जारी करने के साथ ही कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई। बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे से ही पुलिस हिंदू रक्षा दल के लोगों के घरों पर पहुंच गई और उन्हें घरों से निकलने नहीं दिया। दोपहर तक उनके घरों पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि कश्मीरी छात्रों पर दिए गए बयान के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा के लिए पुलिस गंभीर है। यदि कोई शांतिभंग का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। देहरादून के शिक्षण संस्थानों में 1201 कश्मीरी छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। इनकी सुरक्षा को लेकर एसएसपी अजय सिंह ने बृहस्पतिवार को बैठक की। जिन जगहों पर कश्मीरी छात्र रह रहे हैं, वहां के संचालकों को एसएसपी ने सुरक्षा के निर्देश दिए। साथ ही ऐसे क्षेत्रों में पीएसी तैनात की गई है।



■ हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पर हुआ मुकदमा दर्ज

## वन विभाग ने मारा छापा कई प्रतिबंधित पक्षी बरामद



**रुड़की,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर में वन विभाग की टीम ने पिंजरों में कैद बेजुबान प्रतिबंधित पक्षियों को कब्जे में लिया है। साथ ही शहर में इन पक्षियों का कारोबार करने वाले दो लोगों को भी वन विभाग की टीम अपने साथ ले गई। टीम ने दोनों कारोबारियों से बंद कमरे में लंबी पूछताछ की गई। टीम को आशंका है कि इस कारोबार में अन्य लोग भी जुड़े हो सकते हैं। रुड़की शहर के मछली मोहल्ले में पिछले काफी समय से प्रतिबंधित बेजुबान पक्षियों को पिंजरे में बंद करके कड़ाके की धूप में छत पर रखा गया था। बताया जा रहा है कि पक्षियों में तोते शामिल हैं। इसी बीच वन विभाग के वन दारोगा आशुतोष को सूचना मिली कि मछली मोहल्ला में बिल्डिंग की छत पर बड़ी संख्या में प्रतिबंधित पक्षियों को पिंजरे में बंद कर छुपाकर रखा गया है। इस सूचना पर तत्काल वन दारोगा आशुतोष टीम के साथ मौके पर पहुंचे। छत पर पहुंचकर देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने देखा कि बड़ी संख्या में प्रतिबंधित पक्षियों को पिंजरों में कैद किया हुआ था। इसके बाद उन्होंने सभी पिंजरों को कब्जे में ले लिया। इसी के साथ दो कारोबारियों को भी हिरासत में लिया गया।

■ टीम ने दोनों कारोबारियों से बंद कमरे में लंबी पूछताछ की गई

### पहलगाम आतंकी हमला

## अंबाला में उबाल, हिंदू संगठनों का रोष प्रदर्शन

**अंबाला,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में गुस्से का माहौल है। इस घटना के खिलाफ हरियाणा के अंबाला में भी लोग सड़कों पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

हिंदू संगठनों ने गुरुवार को अंबाला में हनुमान चालीसा का पाठ किया और रोष मार्च किया। इस दौरान प्रशासन को रोहिंग्या मुसलमानों और पाकिस्तानियों को देश से बाहर निकालने की चेतावनी दी गई। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाते हुए प्रशासन को सख्त चेतावनी दी कि यदि रोहिंग्या मुसलमानों और पाकिस्तानियों को देश से नहीं निकाला गया, तो वे पाकिस्तान को वैसा ही जवाब देंगे, जैसा पहलगाम में हिंदुओं के साथ किया गया। प्रदर्शन के दौरान महामंडलेश्वर स्वामी विश्वमित्रानंद ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह हिंदू समाज का विरोध प्रदर्शन है, जो हिंदुओं के मन में उठे आक्रोश को दर्शाता है। पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं को गोली मारी। हमारी मांग है रि रोहिंग्या और पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल पाकिस्तान भेजा जाए। कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद अंबाला में लगातार लोगों का गुस्सा फूटता हुआ दिखाई दे रहा है। बीती रात भी जहां पर अंबाला छावनी में हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया और मुस्लिम समुदाय की दो दुकानों में तोड़फोड़ करने के साथ-साथ उन्हें बंद करवा दिया। वहीं आज अंबाला शहर के बलदेव नगर में भी सुबह भारी संख्या में हिंदू संगठन इकट्ठे हुए और तलवारें लहराते हुए रोष मार्च निकाला।



यह हिंदू समाज का विरोध प्रदर्शन है, जो हिंदुओं के मन में उठे आक्रोश को दर्शाता है। पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं को गोली मारी। हमारी मांग है रि रोहिंग्या और पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल पाकिस्तान भेजा जाए : महामंडलेश्वर स्वामी विश्वमित्रानंद

## नशे के खिलाफ साइक्लोथॉन यात्रा में पंचायतों का विशेष योगदान : सरीन

**सिरसा,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा के अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा में ग्रामीण बढ़-चढ़ कर भाग लें और यात्रा का भव्य स्वागत करें। डिंग रोड के पास यात्रा 26 अप्रैल को जिले में प्रवेश करेगी। सिरसा की ओर से डिंग सीमा के साथ ही विभिन्न स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत होगा।

स्थानीय पंचायत भवन में शुक्रवार को श्री सरीन द्वारा सरपंच व ग्राम सचिवों की बैठक में साइक्लोथॉन यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस बैठक में नगराधीश यश मलिक, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. सुभाष चंद्र, बीडीपीओ सिरसा तरुण कुमार, बीडीपीओ ओढां अमन कुमार, बीडीपीओ रानियां सार्थक श्रीवास्तव, बीडीपीओ ऐलनाबाद रोशन लाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि नशे के विरुद्ध जागरूकता पैदा करने के लिए प्रदेश में साइक्लोथॉन यात्रा निकाली जा रही है जो पांच अप्रैल को हिसार से शुरू हुई थी और इसका समापन 27 अप्रैल को सिरसा जिला में होगा। इस यात्रा को 27 अप्रैल की सुबह छह बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शहीद भगत सिंह स्टेडियम से झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।



### अवैध नशा मुक्ति केंद्र से 103 लोगों को बचाया, पांच संचालक गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर के जिला पुलिस और सिविल प्रशासन ने जिले के गांव समराय में अवैध ढंग से चलाए जा रहे नशा मुक्ति केंद्र के 103 लोगों को छुड़वा कर इसके पांच संचालकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने केन्द्र से बड़ी मात्रा में नशीली गोलियां भी बरामद की हैं। जिला उपायुक्त डॉ हिमांशु अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि इस अवैध नशा मुक्ति केंद्र में नशा मुक्ति के नाम पर 103 लोगों को अवैध तरीके से रखा गया था। उन्होंने बताया कि इन व्यक्तियों को नशा मुक्ति केंद्र से बचाया गया है। इस संयुक्त अभियान के दौरान 67 पैकेट अल्प्राजोलम टैबलेट और 100 पैकेट पैनाडोल सहित 2005 नशीली गोलियां बड़ी मात्रा में जब्त की गई।

## जंगल में लगी भीषण आग सैकड़ों पेड़ जलकर राख

**अल्मोड़ा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। द्वाराहाट तहसील स्थित तल्ली मिरई और किरौली के बीच के जंगलों में भीषण आग लगने की घटना से हड़कंप मच गया है। आग इतनी विकराल है कि इसकी लपटें दूर-दूर से दिखाई दे रही हैं। जिसे बुझाने के लिए वन विभाग हर संभव कोशिश करने में जुटा है। जानकारी के अनुसार, अब तक सैकड़ों पेड़ इस आग की चपेट में आकर राख हो चुके हैं और अभी भी जंगल धधक रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग को कई घंटे बीत चुके हैं, लेकिन इसे बुझाने के प्रयास शुरुआती तौर पर दिखाई नहीं दिए। गर्मियों की शुरुआत के साथ ही एक बार फिर पहाड़ी इलाकों में चीड़ के जंगल धधकने लगे हैं। हर साल की तरह इस बार भी लाखों की वन संपदा और वन्य जीवन को भारी नुकसान हुआ है। वहीं वन विभाग और प्रशासन की ओर से आग पर नियंत्रण को लेकर किए जा रहे दावों पर सवाल उठने लगे हैं। हर साल वन विभाग को आग बुझाने के लिए करोड़ों की धनराशि दी जाती है, लेकिन फिर भी आग की घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है। डीएफओ अल्मोड़ा द्वारा जारी बयान के अनुसार आग नाप खेत में लगी है, और यह क्षेत्र आरक्षित वन क्षेत्र के अंतर्गत नहीं आता है उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग को तुरंत जानकारी दी गई।



■ अब तक सैकड़ों पेड़ इस आग की चपेट में आकर हो चुके हैं राख

# प्रादेशिकी

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में बाजार बंदी रही सफल

**फर्रुखाबाद,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटक को जाति धर्म पूछकर आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी इसके विरोध में उद्योग व्यापार मंडल द्वारा 12:00 बजे तक बाजार बंदी का आह्वान किया गया था। उद्योग व्यापार मंडल के आभार पर व्यापारियों ने 12:00 बजे तक अपनी दुकानों को बंद रखा पहली बार पल्ला बाजार भी बंद रहा रेलवे रोड चौक नेहरू रोड घूमना बाजार सुतहटटी बाजार किराना बाजार पक्का पुल लोह ई बाजार नित गंज। बाजार आदि बाजार बंद रहे। उद्योग व्यापार मंडल ने घूम-घूम कर दुकानों को बंद कराया। उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला नगर अध्यक्ष इकलाख अहमद राजू गौतम मनोज मिश्रा लालू कनौजिया महिला जिला अध्यक्ष सोनी शुक्ला आदि व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने घूम-घूम कर दुकानों को बंद कराया गया।

# टॉप-10 में शामिल हुईं वैष्णवी सिंगल

- यूपी बोर्ड परीक्षा में ए.एस.इंटर कॉलेज मवाना की शान बनी
- विद्यालय में उनके नाम पर बनेगा एक विशेष कक्ष

**मवाना,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। ए.एस. इंटर कॉलेज की कक्षा 10 (अंग्रेजी माध्यम) की मेधावी छात्रा वैष्णवी सिंगल ने यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तर प्रदेश की टॉप 10 सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। साथ ही जनपद मेरठ की टॉपर सूची में भी वैष्णवी ने पहला स्थान हासिल कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वैष्णवी के पिता मणिकांत सिंगल मवाना शुगर मिल में कॉन्ट्रैक्टर का कार्य करते हैं और शाम के समय फास्ट फूड की दुकान भी चलाते हैं। वे अक्सर रात 12 बजे के बाद घर लौटते हैं, जहां उन्हें उनकी बेटी पढ़ाई में लीन मिलती है। उनका सपना है कि वैष्णवी एक दिन आईपीएस अधिकारी बने। वैष्णवी की मां मोनिका एक गृहणी हैं। उनके तीन बेटियां हैं, जिन्हें वे बेटों की तरह पालती हैं। वैष्णवी की इस सफलता को वे अपने सपनों की उड़ान मानती हैं। अपनी सफलता का श्रेय वैष्णवी ने अपने माता-पिता, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मेघराज सिंह, कोऑर्डिनेटर अंजू सिंह, चीफ प्रॉक्टर विभा जैन, शिक्षिका कुमारी कीर्ति शर्मा, निकिता शर्मा सहित समस्त विद्यालय परिवार को दिया है। विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी, उप प्रबंधक शैवाल दुबलिश तथा प्रधानाचार्य डॉ. मेघराज सिंह ने वैष्णवी को मिठाई खिलाकर चांदी का सिक्का भेंट किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक, प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी तथा प्रधानाचार्य डॉ. मेघराज सिंह ने घोषणा की है कि जिस कक्षा में वैष्णवी अध्ययनरत थी, उस कक्षा को ष्वैष्णवी सिंगल कक्षा नाम दिया जाएगा। इस वर्ष विद्यालय का हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा जबकि इंटरमीडिएट का परिणाम लगभग 98 प्रतिशत रहा, जो विद्यालय की उत्कृष्टता का परिचायक है।



### यह है टॉप-10

वैष्णवी सिंघल, शैली, मानसी, जैद, अनंत पांडेय, आराध्या, आयशा परवीन, शिवम यादव, जानवी, निशांत राघव शर्मा, तनिष्क, गीत वर्मा, प्रणय गोयल, अभिनव विकल, वंशिका, नीव मुंडल, अरुणव प्रताप सिंह सोम, अमीक्षा शर्मा टॉप 10 में आए हैं। मेरठ जिले का रिजल्ट 93.47 प्रतिशत रहा है। 44 छात्रों की कंपार्टमेंट आई है। मेरठ में हाईस्कूल में चौधरी चरण सिंह जिला कारागार से 2 बंदियों ने परीक्षा दी थी। दोनों ही पास हो गए, जेल बंदियों ने 100 प्रतिशत रिजल्ट हासिल किया है।

### बोर्ड की वेबसाइट पर देखें रिजल्ट

छात्र बोर्ड वेबसाइट पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। अपनी मार्कशीट भी अपलोड कर सकते हैं। रिजल्ट चेक करने के लिए छात्र-छात्राओं को अपना एडमिट कार्ड अपने पास रखना होगा। रोल नंबर और डेट ऑफ बर्थ और रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ ऑफिशियल वेबसाइट पर रिजल्ट चेक सकते हैं। बोर्ड के मुताबिक, बोर्ड परीक्षा में पास होने के लिए कम से कम 30 फीसदी स्कोर करना जरूरी है। इसके साथ ही छात्रों को पहली बार ऑनलाइन डुप्लीकेट मार्कशीट की सुविधा मिलेगी। वे अपनी मार्कशीट को डिजी लॉकर में सुरक्षित रख सकेंगे।

**102 केंद्रों पर हुआ था पेपर**

मेरठ में 102 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल का बोर्ड एग्जाम हुआ था। जिसमें 39,432 परीक्षार्थियों ने पेपर दिए थे। 24 फरवरी 2025 से 17 मार्च 2025 तक परीक्षाएं चली थीं। मेरठ जिले में 79,674 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें 39,432 ने दसवीं के और 40,242 इंटरमीडिएट के पेपर दिए थे। मेरठ मंडल में 3 लाख 17 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिसमें 1 लाख 62 हजार 535 दसवीं और 1 लाख 54 हजार 626 इंटर के रहे। मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय में हाईस्कूल में 228661 लड़कों और 217549 लड़कियों ने परीक्षा पास की है। इसमें लड़कियों का पासिंग प्रतिशत 95.43 और लड़कों का पासिंग प्रतिशत 87.29 है। वहीं 2023 में मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय में 497410, 2024 में 4,82,634 परीक्षार्थियों ने हाईस्कूल का एग्जाम पास किया था। मेरठ जिले में दसवीं में तीनों टॉपर लड़कियां ही हैं। टॉप 10 में कुल 19 परीक्षार्थी हैं, इसमें 10 लड़कियां हैं। फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड तीनों टॉपर लड़कियां हैं।

## जीनियस अलफलाह इंटर कॉलेज का 100 प्रतिशत रहा रिजल्ट

**किठौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 का परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें जीनियस अल फलाह इण्टर कॉलेज किठौर के छात्र-छात्राओं ने सफलता के झण्डे गाड़े। हाईस्कूल में आस्था ने 91.16 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान, इफ्फत ने 89.16 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, इलमा इफ्तेखार अली ने 89 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जैनुल शकील ने 85 प्रतिशत अंक लाकर छात्रों में नंबर वन पोजीशन हासिल की वही उजैर जाहिद ने 83 प्रतिशत अंक लाकर मां-बाप का नाम रोशन किया इंटरमीडिएट में आलिया ने 81.40 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, नमरा परवीन ने 79.60 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, बुशरा ने 79.40 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों की सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक जावेद अली, उप प्रबंधक जाहिदउल इस्लाम व प्रधानाचार्य फुरकान अली, मशकूर अहमद ने सफल होने वाले छात्रों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय का दोनों कक्षाओं का बोर्ड परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा। इस मौके पर हैदर अली, दिलशाद अहमद, सलीम अहमद, टिंकू कुमार, शाहजेब अहमद, मौ. राशिद, नरेश शर्मा, रवि कुमार, फरहाना, तेजिंदर सिंह तोमर, शाह आलम, असजद अली, नितिन कुमार, दिनेश कुमार, मुगीस अहमद आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



## स्टार अल फलाह का शत प्रतिशत रहा बोर्ड का रिजल्ट



- लगातार 13 वर्षों से सर्वश्रेष्ठ दे रहा स्टार अल-फलाह
- मेरठ की टॉप-10 सूची में स्टार अल-फलाह पांचवें पायदान पर काबिज

**मेरठ,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। फिर एक बार किसान परिवार में पली बढ़ी छात्रा ने हाई स्कूल की परीक्षा में मेरठ जिले की टॉप टेन सूची में पांचवा स्थान 93,67 रोल नंबर 1250410706 अंक हासिल किया। छात्रा की इस उपलब्धि ने अपने परिवार और कॉलेज का नाम रोशन किया। कस्बा किठौर स्थित स्टार अल-फलाह ने अपना शत-प्रतिशत रिजल्ट दिया। परीक्षाफल घोषित होने पर छात्र-छात्राओं ने अपनी परिवार के साथ-साथ कॉलेज और क्षेत्र का नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज कर दिया। स्टार अल-फलाह की छात्रा आयशा ने मेरठ जिले की टॉप 10 सूची में 93.5 प्रतिशत के साथ पांचवा स्थान हासिल किया। छात्रा किसान परिवार से वास्ता रखती है इसके पिता एडवोकेट है माता ग्रह स्वामिनी है परिवार में सात बहन भाइयों में आयशा सबसे बड़ी है। द्वतीय टॉपर साद रोल नंबर 12504106338 ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। तृतीय टॉपर पर आयशा रोल नंबर 1250 41 0727 है जिसने हाई स्कूल परीक्षा में 87.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार और कॉलेज का नाम रोशन किया जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रशांत वर्मा ने क्षेत्र में 84 प्रतिशत अंक द्वितीय स्थान पर अनस रोल नंबर 225540 5315 में 82.80 प्रतिशत अंक हासिल किए। मेरठ जिले की टॉप 10 सूची में 5 व स्थान हासिल करने वाली आयशा परवीन से जब पत्रकारों ने बात की तो उनका कहना था कि उनकी यह कामयाबी उनके माता-पिता गुरुजनों की दुआओं का नतीजा है। इस इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर नुसरत अली, विरासत अली, अध्यापक गण मास्टर इकराम अली, डा. शादाब, बब्लू चौधरी विनोद कुमार, दया, तनसीर अली, वसीम, अब्दुल रब, आदि मौजूद थे।

### छात्रा का लक्ष्या यूपीएससी पास कर आईएएस बनना

आयशा का लक्ष्य आईएएस बनना है जिससे वो गरीब मजलूम लोगों की मदद कर सके वि वो मुल्क की सेवा मैं अपना योगदान देना चाहती है उसकी इस कामयाबी से छात्र-छात्रा की परिजन में खुशी का का माहौल है इसके साथ ही कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किया आयशा अपने परिवार में सबसे बड़ी है जिनमें सात भाई वह दो बहने हैं वह अपने परिवार और स्कूल का नाम आईएएस बनाकर रोशन करना चाहती है । उसकी जिंदगी का मकसद गरीब मजलूम लोगों की मदद करना है।

## 10वीं की बोर्ड परीक्षा में आराध्या और अनंत विद्यालय टॉपर, जिले में पांचवां स्थान पाया

**मवाना।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हस्तिनापुर रोड, मवाना का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। छात्रा आराध्या ने 562 अंक (93.67 प्रतिशत) प्राप्त करते हुए मेरठ जिले की टॉप टेन टॉपर लिस्ट में 5वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। आराध्या ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। छात्र अनंत पांडेय ने भी मेरठ जिले में 5वां स्थान प्राप्त किया। अनंत पांडेय ने 562 (93.67 प्रतिशत) अंक प्राप्त किए। छात्र राघव शर्मा ने 560 (93.33) अंक प्राप्त करते हुए मेरठ जिले की टॉप टेन टॉपर लिस्ट में 7वां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय स्तर पर छात्रा पलक ने 550 (91.66 प्रतिशत) अंक प्राप्त तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रा अपूर्वा ने 542 अंक 90.33: अंक प्राप्त विद्यालय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रबंधक अमित रस्तोगी, प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा एवं समस्त स्टाफ ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए मिष्ठान खिलाकर सफलता प्राप्त करने पर बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के अध्यक्ष श्रीराम मालिक एवं समस्त विद्यालय समिति ने विद्यालय के उत्कृष्ठ परीक्षा फल पर छात्रों को शुभाशीष एवं समस्त स्टाफ को बहुत बहुत बधाई दी।



- सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मवाना का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

## सार संक्षेप

### अच्छी प्रतिरोधकता क्षमता से कम होता है मलेरिया होने का खतरा



**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में विश्व मलेरिया दिवस को मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की जीव विज्ञान की विभागाध्यक्ष अंजलि ने बताया कि यदि व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता अच्छी होती है तो परजीवी संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने पर मलेरिया होने का खतरा काफी हद तक काम होता है। नियमित व्यायाम, हरी सब्जी व फलों के प्रयोग से प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। स्कूल में विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर कक्षा 12 के जीव विज्ञान के बच्चों ने एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जिसका संचालन जीव विज्ञान की शिक्षिका रीता शर्मा ने किया। नाटक में मलेरिया के फैलने के कारण, लक्षण एवं रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर स्कूल के अध्यक्ष डॉ. ओमपाल सिंह व प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा उपस्थित रहे।

### पहलगाम घटना के विरोध में मेरठ बंद आज

**मेरठ।** पहलगाम घटना को लेकर देशभर में गुस्सा और गम का माहौल है। यह आक्रोश मेरठ में भी देखने को मिल रहा है। व्यापारियों ने शनिवार को मेरठ बंद करने का निर्णय लिया है। रामनगर गोला कुआं व्यापार संघ, चौक हापुड़ स्टैंड के अध्यक्ष शाहिद खान ने सभी व्यापारियों को समर्थन देने की बात कही। इस संबंध में शुक्रवार को बैठक हुई, जिसमें अशोक कुमार रस्तोगी, बॉबी कुमार, विकास मल्होत्रा, उमेश महेश्वरी, अजय कंसल, प्रदीप कंसल, चरणजीत धवन काका, शारिक खान, राधेलाल मावे वाले, जगन्नाथ साहू, फरोग सागर, राजकुमार गिरधर, अजय सैनी, हाजी सत्तार कुरैशी, हाजी दिलशाद कुरैशी, हाजी अयाज कुरैशी से विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया।

### आरोपियों के खिलाफ शांति भंग में की कार्रवाई

**मवाना।** पुलिस ने शुक्रवार को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में 10 लोगों के खिलाफबीएनएसएस की धारा 170ए126ए135 के अंतर्गत कार्रवाई की है। सभी आरोपी मवाना क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों व गांवों के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, जिन अभियुक्तों पर कार्यवाही की गई है, मंगल पुत्र ओमप्रकाश, निवासी वीरनगर नगला गोसाई आदि हैं।

## मेरठ कॉलेज में कटवाए गए पेड़ों का विरोध जारी रखेंगे छात्र

**मेरठ,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। मेरठ कॉलेज के शताब्दी द्वार पर सैकड़ों छात्र, छात्र नेता विजित तालियान के नेतृत्व मे एकत्रित हुए और मेरठ कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव विवेक गर्ग द्वारा कॉलेज कैंपस के अंदर कटवाए गए सैकड़ों हरे पेड़ो को लेकर चर्चा की, और कॉलेज कैंपस मे घूम सभी छात्रों को जागरूक कर एक बड़ी छात्र पंचायत कर सचिव के खिलाफ मोर्चा खोलने की बात पर सहमती बनाई। विजित ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया की सचिव विवेक गर्ग ने कैंट के अंदर जाफरा की जमीन जो मेरठ कॉलेज की है वहां भी रातो रात हजारों पेड़ कटवा कर बेच दिए, यह सुन छात्रों का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और सभी छात्र कॉलेज में घूम नारेबाजी करते हुए सचिव दफ्तर



की और चल दिए, छात्रों के आने की खबर मिलने पर सचिव दफ्तर छोड़ भाग खड़ा हुआ व प्रोक्टर टीम छात्रों को रोकने व मनाने में लग गई लेकिन छात्र नहीं माने व पेड़ की जड़, टेहनयां, व सुखे पत्तों से सचिव दफ्तर को भर दिया, करीब एक घंटे चले हंगामे में छात्रों का इतनी बड़ी संख्या में पेड़ कटवाने को लेकर सचिव के खिलाफ बड़ा शख्त रुख नजर आया। जिसके बाद प्रोक्टर टीम द्वारा छात्रों को समझाने व जफरा वाली बात का पता नहीं होने व उसकी सोमवार तक जांच कराने के ठोस आश्वासन पर छात्र शांत हुए। विजित तालियान ने कहा की मामले की जांच नहीं होने तक सचिव को कॉलेज के किसी भी कार्यकर्म में हिस्सा नहीं लेने देंगे। इस दौरान तरुण सेहरावत, यश प्रजापति, यश भटनागर, अमन बिष्ट, दक्ष चौधरी, ध्रुव, रोहन ढाका आदि मौजूद रहे।



## उद्योग व्यापार मिश्रा गुट ने पाक का पुतला जलाया

**फर्रुखाबाद,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुटने पहलगाम में हिंदू पर्यटकों की जाति धर्म पूछकर आतंकवादियों ने निर्मम हत्या कर दी थी इसके विरोध में उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट के जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला के नेतृत्व में व्यापारियों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाकर पुतला दहन कर दिया।

व्यापारी नेता जिला अधिकारी को ज्ञापन देने के लिए चौक पर बुला रहे थे लेकिन नगर कोतवाल ने जिला अधिकारी के नआने की जानकारी दी तो व्यापारी नेता चौक पर धरने पर बैठ गए इसकी सूचना जैसे ही जिला प्रशासन को हुई तो उन्होंने प्रशासन को जानकारी दी। जानकारी मिलने पर नगर मजिस्ट्रेट बंसल मौके पर पहुंचे और व्यापारियों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। एक दौरान जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला उपाध्यक्ष राजू गौतम लाल कनौजिया फेडरेशन के जिला अध्यक्ष मनोज मिश्रा युवा अध्यक्ष सुंदर गुप्ता युवा पटेल उपाध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव महिला जिला अध्यक्ष सोनी शुक्ला नगर अध्यक्षा इकलाख अहमद मुन्ना गुप्ता राकेश सक्सेना आदि सैकड़ों की संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## गब्बर बोला आतंकवाद मुर्दाबाद, रामनगरी अयोध्या से उठी आवाज

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। अयोध्या जनपद के मुस्लिम समुदाय ने सपा नेता हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर के नेतृत्व में पाकिस्तान मुर्दाबाद के गगन भेदी नारे लगाए। कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर पाकिस्तान की ओर से किए गए हमले के विरोध में शुक्रवार को सोहावल स्थित पड़ाव पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने इकट्ठा होकर राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। लोगों के अंदर इस आतंकवादी हमले को लेकर काफी गुस्सा देखा गया, पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के गगनभेदी नारों के साथ लोगों ने अपने गुस्से का इज़हार किया। इस मौके पर हाजी फिरोज़ खान गब्बर ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार पहलगाम आतंकी हमले में शामिल लोगों पर करे ठोस कार्यवाही। महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सोहावल तहसीलदार को सौंपते हुए मांग की है कि, हम भारत के नागरिकगण, कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए हालिया आतंकी हमले की घोर निंदा करते हैं, जिसमें हमारे देश के निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया गया। यह कायरतापूर्ण कृत्य न केवल मानवीय मूल्यों के विरुद्ध है, बल्कि हमारे देश की अखंडता और संप्रभुता पर सीधा आघात है। मांग किया कि हमले में शामिल दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। आतंकी गतिविधियों की जड़ तक पहुँचने हेतु उच्च स्तरीय जांच सुनिश्चित की जाए। कश्मीर घाटी में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए। शहीदों के परिजनों को सम्मानपूर्वक उचित मुआवज़ा और सहायता प्रदान की जाए। हम सभी देशवासी शांति, सुरक्षा और सौहार्द में विश्वास रखते हैं और ऐसे किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो हमारे राष्ट्र की सुरक्षा को चुनौती दे। इस मौके पर कारी जलालुद्दीन क़ादरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख फिरदौस अहमद खान, सपा ज़िला उपाध्यक्ष एजाज़ अहमद, पूर्व प्रमुख मेराज खान, रौनाही प्रधान खुर्शीद खान, ज़िला पंचायत सदस्य अजय रावत, शोएब खान, अशोक चौधरी, एसात खान, हाजी फहीम, मुकीम, सभासद अबरार खान, शफीक अहमद, मौलाना सलमान रज़ा, मौलाना मोहम्मद शरिक, मौलाना रेहान, मौलाना जमशेद अहमद, कारी तौहीद रज़ा, फ़रीद अहमद, साबिर खान बाबा, दानिश खान, दिनेश चौधरी, प्रधान आज़ाद सिद्दीकी, नफ़ीस खान, निज़ाम खान, रेहान खान, इसरार अहमद, अरशद आलम मोनू, खालिद, असगर खान, रफी खान, सऊद खान, जावेद खान, सलमान खान, इमरान खान, नईम खान, पप्पू खान, रमज़ान इदरीश, अमृत लाल, अवधेश गोस्वामी, आमिल खान, अफ़ज़ल हुसैन राजा, राम दास, मोहम्मद आसिफ, इसरार अहमद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




सरकार पहलगाम आतंकी हमले में शामिल लोगों पर करे ठोस कारवाई

**आयोजन** *डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी आयोजित*

## अंबेडकर ने सभी शोषित वंचित लोगों तक पहुंचाया शिक्षा का अधिकार : अरुण

**मेरठ,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय संविधान के रचयिता भारत रत्न परम श्रद्धये डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी के मुख्य अतिथि व वक्ता भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जेएनयू प्रोफेसर अभिनव प्रकाश उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष शिवाल खास से पूर्व विधायक रणवीर राणा रहे।

■ पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

कार्यक्रम का संचालन जिले के यशस्वी जिला अध्यक्ष ठाकुर शिवकुमार राणा ने किया। कार्यक्रम में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। और 2 मिनट का मौन रखा गया। इसके पश्चात मुख्य वक्ता ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

मुख्य वक्ता से पहले जिनका संबोधन हुआ मनिंदर पाल सिंह हरेंद्र जाटव पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी संजय त्यागी रहे। कार्यक्रम के वक्ता भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेएनयू प्रोफेसर अभिनव प्रकाश ने कहा बाबा साहब ने बताया था कि नेहरू दलित को नरेंद्र राज कर मुसलमानों को प्राथमिकता देते हैं




कांग्रेस ने बाबा साहब को सम्मान कभी नहीं दिया कांग्रेस ने 1936 में कांग्रेस पार्टी ने प्रेसीडेंसी चुनाव में डॉक्टर अंबेडकर को हराने के लिए उनके सामने अपना प्रतिद्वंद्वी खड़ा किया आजादी के बाद जब संविधान सभा का गठन हुआ।

तो उन्हें बाबा साहब को इससे इसमें नहीं लिया गया। बाबा साहब का योगदान भारत की आजादी में नेहरू समेत कई बड़े नेताओं से ज्यादा था। लेकिन कांग्रेस ने उन्हें कभी सही स्थान और सम्मान नहीं दिया। बाबासाहेब ने नेहरू से कहा था कि हिंदू कोड भी लागू करना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने उनकी बात नहीं, सुनी वास्तव में बाबा साहब सामाजिक न्याय और समरसता के देवता कहे जाएंगे। उनकी भारतीय मूल्य में गहरी आस्था थी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने कहा कांग्रेस ने 57 वर्षों में सभी नेताओं का जन्मदिन मनाया। किंतु संविधान दिवस कभी नहीं मनाया। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा का अधिकार सभी शोषित वंचित लोगों तक पहुंचा। सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने कभी भी किसी बलिदानी दलित वंचित को याद नहीं किया, केवल नेहरू को याद किया। मोदी ने कहा संविधान हमारे लिए कोई पन्नों की किताब नहीं है, यह हमारे लिए निज आस्था का केंद्र है।

संविधान हमारा राष्ट्रीय कवच है, बाबा साहेब द्वारा रचित भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान दिवस पूरे धूमधाम से मनाया गया। विगत 2015 से भारतीय जनता पार्टी संविधान दिवस को मनाने का काम कर रही है। बाबा साहब ने भारतीय संविधान में कभी अपनी पीड़ा नहीं लिखी, उन्होंने भारतीय एकता का परिचय दिया। भारतीय संविधान भारत की आत्मा है, और कांग्रेस ने संविधान के साथ छेड़छाड़ करके भारत की आत्मा को निकालने का काम किया है। कांग्रेस के द्वारा लगाया गया आपातकाल, भारतीय संविधान और भारतीय इतिहास में काला धब्बा है। डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर से प्रेरित होकर भाजपा सरकार ने एससी और एसटी समुदाय के जीवन में सकारात्मक, बदलाव के लिए कई प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारी सरकार दलितों पर वंचितों को मुख्य आधार से जोड़ने संवैधानिक अधिकार, सामाजिक न्याय व सभी को सम्मान, अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस की सरकारों द्वारा बाबासाहेब डॉक्टर अंबेडकर का तिरस्कार किया गया।

## मैं दूसरे कलाकारों से अलग, मेरे संगीत में सच्चाई, प्यार और इमोशन : अखिल सचदेवा

**मुंबई।** मशहूर सिंगर और कंपोजर अखिल सचदेवा के गानों के लोग दीवाने हैं। उनकी आवाज लोगों के दिलों को छू जाती है। उन्होंने बताया कि उनके संगीत में सच्चाई, प्यार और जिंदगी से जुड़ी खास भावनाएं होती हैं, जो उन्हें दूसरे कलाकारों से अलग बनाती हैं। वह अपनी कला को दिल से जीते हैं और हर पल उसमें अपने जज्बात और एहसास डालते हैं। यही कारण है कि वह अपने अलग म्यूजिक के लिए जाने जाते हैं। अखिल सचदेवा से जब सवाल पूछा गया कि अगर सालों बाद लोग उनकी म्यूजिक प्लेलिस्ट सुनें, तो वह किस तरह का इमोशनल अनुभव चाहेंगे, आजकल लोग जो गाने सुनते हैं, जैसे 'हमसफर', जो 2017 में आया था, उसके बाद 'तेरा बन जाऊंगा', 'चन्ना वे', 'ओ साजन' और मेरे सारे सिंगल्स इन गानों में एक सच्चाई है।

# औषधीय गुणों से भरपूर है मुलेठी

- हार्ट ब्लॉकेज रोकने में मददगार
- मुलेठी में एंटीऑक्सिडेंट और प्रोटीन जैसे तत्व



**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। मुलेठी एक औषधीय जड़ी-बूटी है, जो औषधीय गुणों से भरपूर है। आयुर्वेद में मुलेठी का उपयोग विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से निजात पाने के लिए किया जाता है। मुलेठी का सेवन हार्ट ब्लॉकेज को रोकने में मददगार साबित हो सकता है।


मुलेठी का सेवन रक्त संचार को बेहतर बनाता है, जिससे हृदय तक रक्त (खून) का प्रवाह सुचारू रहता है और हार्ट ब्लॉकेज की आशंका कम हो जाती है। मुलेठी में एंटीऑक्सिडेंट और प्रोटीन जैसे तत्व हृदय की मांसपेशियों को मजबूत करते हैं और हृदय संबंधी सूजन को कम करते हैं, जिससे हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है। मुलेठी का सेवन कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी नियंत्रित करता है, जो हार्ट ब्लॉकेज से बचाव में सहायक होता है।

आयुर्वेद में हृदय रोग के मरीजों को तीन से पांच ग्राम मुलेठी के चूर्ण को 15 से 20 ग्राम मिश्री वाले पानी के साथ रोजाना सेवन करने की सलाह दी जाती है, जिससे हृदय की सेहत में सुधार होता है और हार्ट ब्लॉकेज का खतरा भी कम होता है। मुलेठी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण हृदय की सूजन और तनाव को कम करने में कारगर होते हैं, जो हृदय रोगों की रोकथाम में अहम भूमिका निभाते हैं।

हार्ट ब्लॉकेज के अलावा मुलेठी का सेवन मुंह के छाले, गला बैठना, गले की खराश और खांसी के लिए भी किया जाता है। हालांकि, रोग के हिसाब से मुलेठी का सेवन अलग-अलग तरीकों से किया जा सकता है।

मुलेठी की तासीर ठंडी होती है। आयुर्वेद के अनुसार, इसका सेवन कोई भी कर सकता है। पित्त प्रकृति के लोग भी इसका सेवन कर सकते हैं। हालांकि, संतुलित मात्रा में ही इसका इस्तेमाल करना चाहिए। अधिक मात्रा में इसके सेवन से मांसपेशियों में कमजोरी और अन्य दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इसलिए, इसका सेवन करने से पहले वैद्य से परामर्श जरूर करें। गर्भवती महिलाओं को डॉक्टर की सलाह के बिना मुलेठी का सेवन कतई नहीं करना चाहिए।

# रील वाली दुनिया में 'फील' नहीं, फोटो की फ्रेम से भी नहीं सज रही घरों की दीवारें



- डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल से बढ़ती आंखों की बीमारी की महामारी
- 2050 तक विश्व की 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या निकट दृष्टिदोष से ग्रस्त होगी

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। तकनीक का विकास जिस तेजी से हो रहा है, उतनी तेजी से मानव के दिमाग का विकास भी हो यह संभव नहीं है। दिमाग के विकास की एक सतत प्रक्रिया है। लेकिन, आज के जमाने में तकनीकी विकास की अंधी दौड़ में शिशु कितनी तेजी से अपनी उम्र से ज्यादा मैच्योर हो जा रहे हैं। यह समझते-समझते देर हो चुकी होती है। दरअसल, हम जिस कालखंड में जी रहे हैं, यहां जितनी तेजी से तकनीक बदल रही है। उससे ज्यादा तेजी से उसे स्वीकार करने वालों की संख्या बढ़ रही है, जिसमें ज्यादातर शिशु हैं या फिर युवा। लेकिन, उनको पता ही नहीं होता कि कब यही तकनीकी विकास उनके लिए अभिशाप बन जाता है।

मानसिक स्वास्थ्य पर इन शॉर्ट-फॉर्म वीडियो (जिसको रील कहते हैं) के प्रभाव के बारे में चिंताओं के बाद, डॉक्टर अब एक नए बढ़ते संकट से होने वाली 'आंखों की क्षति' को लेकर चिंतित हैं।

आपके और आपके बच्चों के द्वारा बिताया गया अत्यधिक स्क्रीन टाइम, विशेष रूप से इंस्टाग्राम, टिकटॉक, फेसबुक और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रील देखने से नेत्र विकारों में वृद्धि हो रही है।

इसके बारे में कई नेत्र रोग विशेषज्ञों ने समय-समय पर अपनी राय दी है। इससे पहले चिकित्सक एक-दो मिनट की रील (वीडियो) देखने की लत से दिमाग पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को लेकर चिंता जता चुके हैं। वह पहले ही कह चुके हैं कि यह आपकी मेमोरी को खत्म कर रहा है। इसका दुष्प्रभाव आपकी याददाश्त पर साफ नजर आ रहा है।

नेत्र चिकित्सक तो इसे 'साइलेंट एपिडेमिक ऑफ डिजिटल आई स्ट्रेन' (डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल से बढ़ती आंखों की बीमारी की महामारी) तक बता रहे हैं। नेत्र चिकित्सकों ने तो यहां तक स्पष्ट कर दिया है कि इसकी वजह से आंखों में खुश्की, निकट दृष्टि दोष, आंखों में दबाव और भेंगापन जैसे मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह चिकित्सकों के अनुसार रील देखने की वजह से पलकें झपकने की दर में 50 प्रतिशत की कमी को माना गया है। वयस्कों में तो यह नीली रोशनी के कारण अक्सर सिरदर्द, माइग्रेन और नींद संबंधी विकार उत्पन्न कर रहा है।

चिकित्सकों का मानना तो यहां तक है कि 2050 तक विश्व की 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या निकट दृष्टिदोष से ग्रस्त होगी।

इसके साथ ही मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि यह रील देखने की लत सामाजिक अलगाव, मानसिक थकान और 'संज्ञानात्मक अधिभार' यानी जरूरत से अधिक सूचना का संग्रह जैसी चिंताजनक प्रवृत्ति को जन्म दे रहा है। लोगों का संबंध भी वास्तविक दुनिया से कटता जा रहा है और वे आभासी दुनिया के गुलाम बनते जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पारिवारिक रिश्ते खराब हो रहे हैं। साथ ही बच्चों का ध्यान शिक्षा के प्रति कम होता जा रहा है।

वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ तो यहां तक कह रहे हैं कि शॉर्ट वीडियो देखने की यह लत आपकी बॉडी क्लॉक को बिगाड़ रही है।

इसका परिणाम यह हो रहा है कि रील के जरिए फील लेने की कोशिश में अत्यधिक डिजिटल उपभोग अक्सर खालीपन की भावना की ओर ले जाता है। इसके बाद भी हम संतुष्ट महसूस करने के बजाय, अक्सर खुद को और अपने आसपास की दुनिया से अधिक अलग पाते हैं। यह मानसिक प्रदूषण का प्रकार है, जो स्पष्ट रूप से सोचने और इरादे से जीने की क्षमता को धुंधला करता है। इसकी वजह से हो यह रहा है कि कोई भी जीवन के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने के बजाय, सूचना का निष्क्रिय प्राप्तकर्ता बन जाता है और अपने स्वयं के विचारों और भावनाओं से संपर्क खो देता है।

चीन के तियानजिन नॉर्मल यूनिवर्सिटी और अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स के वैज्ञानिकों की मानें तो रील एडिक्शन वाले लोग न सिर्फ दूसरों की तुलना में एक अलग ब्रेन मॉर्फोलॉजी या स्ट्रक्चर डेवलप करते हुए दिखाई देते हैं। बल्कि इस लत वाले लोग पर्सनलाइज्ड कंटेंट को हद से ज्यादा कंज्यूम करते हैं, यह इस हद तक होता है कि ये इनकी दूसरी एक्टिविटीज में निगेटिव तरीके से दखल देने लगता है।

# मलेरिया मुक्त भारत की ओर लगातार प्रयास कर रही है सरकार



**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। हर साल 25 अप्रैल को 'विश्व मलेरिया दिवस' मनाया जाता है ताकि मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक किया जा सके। इस वर्ष की थीम है - 'मलेरिया एंड विद अस रीइनवेस्ट, रीइमेजिन, रीइग्नाइट', जिसका मकसद है मलेरिया को जड़ से मिटाने के लिए दुनियाभर से लेकर गांव-शहरों तक नए उत्साह से काम करना। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया सिंह पटेल ने कहा कि सरकार 'मलेरिया मुक्त भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर अनुप्रिया पटेल ने कहा कि विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर हम सभी की जिम्मेदारी है कि मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाएं और इसे समाप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करें। उन्होंने आगे कहा कि भारत सरकार 'मलेरिया मुक्त भारत' के लक्ष्य की दिशा में लगातार काम कर रही है। आइए, हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं।

मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है।

# दीप्ति नवल ने दिखाई कश्मीर की पहली यात्रा की झलक, बोलीं, 'आतंकी हमले से दुखी हूं'



**मुंबई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। बीते जमाने की अभिनेत्री दीप्ति नवल सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपने जज्बात वहां शेयर करती रहती हैं। लेटेस्ट पोस्ट में अभिनेत्री ने बताया कि वह कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले से दुखी हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपनी पहली कश्मीर यात्रा की झलक भी दिखाई। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा कि बैसरन, 1977 - कश्मीर की मेरी पहली यात्रा। मैं पहलगाम की स्थिति, समाचार देखकर, दर्द से तड़पते हमारे भाइयों और बहनों की क्लिप देखकर बहुत दुखी हूं। मैंने घाटी का कई बार दौरा किया है, लेकिन घाटी में निर्दोष पर्यटकों की हत्याओं से इतनी व्यथित कभी नहीं हुई। धर्म के नाम पर शहीद हुए सभी लोगों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदना। यह शर्मनाक है। शेयर की गई तस्वीर में दीप्ति नवल कश्मीर की खूबसूरत वादियों में बैठी नजर आईं। उनके पास कश्मीर के एक स्थानीय नागरिक भी बैठे नजर आए।

दीप्ति की पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर्स भी कमेंट करते नजर आए। एक यूजर ने लिखा, इस घिनौने और निंदनीय कृत्य से हम भी सदमे में हैं। दूसरे यूजर ने लिखा कि आपके जमाने में कश्मीर जन्नत था दीप्ति, मगर अब लोगों ने क्या ही बना दिया है। एक अन्य ने लिखा कि यह दिल तोड़ने वाला है। दर्द के साए में ऐसी खूबसूरती को देखना दिल दहला देने वाला है। इस याद को साझा करने के लिए धन्यवाद - घाटी और उसके लोगों में शांति लौट आए। इस बार अपराधियों को जीवन भर का सबक सिखाया जाएगा। एक यूजर ने लिखा कि वह गोल्डन टाइम था और मौत का डर नहीं होता था। इस भय से मुक्त होकर प्रकृति का आनंद लेते थे। बता दें, अभिनेत्री का कश्मीर से गहरा रिश्ता है। नवल ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि जब वह 13 साल की थीं, तब अपने जन्म स्थान अमृतसर से भागकर कश्मीर चली गई थीं।

# इस पोकेमॉन गो कम्यूनिटी डे पर वनीलफ़्र को पकड़ें

नई दिल्ली। हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पोकेमॉन गो अप्रैल 2025 कम्युनिटी डे, रविवार, 27 अप्रैल, 2025 को आयोजित किया जाएगा। इस कम्युनिटी डे के दौरान, अपने आस-पास के ट्रेनर के साथ रेड, ट्रेड और एक्सप्लोर करें, जिसमें वनीलफ़्र, फ़्रेश स्नो पोकेमॉन, को विशेष रुप से फीचर किया जाएगा। यह एक दिवसीय सामुदायिक दिवस मीटअप दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक 31 शहरों में आयोजित किया जाएगा, जिनमें शामिल हैं नई दिल्ली के टैगोर गार्डन में पैसिफिक मॉल, लोधी गार्डन, गाजियाबाद के इंदिरापुरम में स्वर्ण जयंती पार्क, गुरुग्राम का लेजर वैली पार्क, मुंबई का काला घोड़ा किला में हॉर्निमन सर्कल, वीर सावरकर उद्यान और जॉगर्स पार्क, (बांद्रा), नवी मुंबई के वाशी में इनऑर्बिट मॉल और ऐरोली में राजीव गांधी गार्डन, पुणे के सारसबाग और विमान नगर में फीनिक्स मार्केटसिटी मॉल, सारासबाग, फरीदाबाद के सेक्टर-12 में टाउन पार्क, देहरादून का गांधी पार्क, गुवाहाटी का लतासिल खेल का मैदान, जयपुर का वर्ल्ड ट्रेड पार्क मॉल, भुवनेश्वर का खारवेला पार्क, पटना का विज्ञान केंद्र, बेंगलुरु का जॉगर्स पार्क, कब्बन पार्क, हनुमान पार्क, पूर्वा फाउंटेन स्क्वायर, श्रीमती लक्ष्मी देवी उद्यानवन और केम्प फोर्ट मॉल, कानपुर का कारगिल पार्क, अगरतला का चिल्ड्रन पार्क, बर्दवान का मालिर मठ, वडोदरा का कामती बाग, इंदौर का लाल बाग गार्डन, कोलकाता का लायलका मठ, लायंस सफारी पार्क, रवींद्र सरोवर झील, वाराणसी का शहीद उद्यान पार्क, चेन्नई का अन्ना नगर स्थित टावर पार्क, वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एसआरएम टेक पार्क और क्लॉक कोर्ट, कोयंबटूर का वीओसी पार्क, मैसूर का संजीवनी पार्क, मंगलुरु का कादरी पार्क, हैदराबाद का टीएनआर नॉर्थ सिटी मॉल, इंदिरापार्क और शिल्परामम आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज, माधापुर, शांतिपुर का शांतिपुर पब्लिक लाइब्रेरी खेल का मैदान, अहमदाबाद का नेक्सस अहमदाबाद वन, रांची का मेकॉन ग्राउंड, वडोदरा का कामती बाग पार्क, वाराणसी का शहीद उद्यान पार्क, लखनऊ का लोहिया पार्क, गोमती नगर और लुधियाना का नेहरू रोज गार्डन।




# धूप से बचने के लिए मॉइश्चराइजर फायदेमंद



- चेहरे पर आएगा निखार
- त्वचा को ठंडक पहुंचाने के लिए करें गुलाब जल का प्रयोग

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। गर्मी का आगाज होते ही स्वास्थ्य से जुड़ी कई चुनौतियाँ भी सामने आने लगती हैं। ऐसे में हर कोई गर्मी के इस सीजन में खुद को चुस्त-दुरुस्त रखना चाहता है, क्योंकि गर्मी का मौसम त्वचा के लिए चुनौतीपूर्ण तो होता ही है। इसके साथ ही, तेज धूप, पसीना और उमस चेहरे की चमक को फीका करने का भी काम करते हैं। हालांकि, इन सब से बचने के लिए सुबह के समय कुछ खास चीज़ों का इस्तेमाल करके आप अपनी त्वचा को तरोताजा और निखरा हुआ बनाए रख सकते हैं। गर्मी के दौरान लोग घर से बाहर निकलने के लिए काफी बचते हैं। उन्हें डर रहता है कि कहीं गर्मी की मार का असर उनके चेहरे पर न पड़ जाए। हालांकि, वर्किंग लोगों के लिए धूप में निकलना मजबूरी होता है और वे घर से बाहर निकलते समय जरूरी बातों की अनदेखी कर देते हैं, जिस वजह से उनके चेहरे का रंग भी फीका पड़ जाता है। नई दिल्ली स्थित एम्स की डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. अदिति झा (एमडी) ने इंस्टाग्राम पोस्ट में चेहरे को कड़क धूप से बचाने का उपाय सुझाया है। इसमें नंबर एक पर मॉइश्चराइजर है। अगर आप भीषण गर्मी के बीच भी घर से बाहर निकलते हैं तो धूप से बचने के लिए मॉइश्चराइजर एक अच्छा ऑप्शन माना जा सकता है। कहते हैं कि गर्मियों के दौरान सुबह के समय घर से बाहर निकलते समय भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है, जो त्वचा को नमी प्रदान करता है। साथ ही, इसे चेहरे पर लगाने से चेहरे पर निखार भी आता है। हालांकि, गर्मी के दौरान उन्हीं मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए, जो केमिकल से लैस न हों।

डॉ. झा की लिस्ट में दूसरे नंबर पर सनस्क्रीन आता है। गर्मियों के दौरान चेहरे पर सनस्क्रीन जरूर अप्लाई करना चाहिए, क्योंकि इसे लगाने से चेहरे को सूरज की हानिकारक किरणों से लड़ने में ताकत मिलती है, बल्कि ये टैनिंग और सनबर्न जैसी समस्याओं से भी बचाने का काम करती है। एक्सपर्ट्स की सलाह है कि सनस्क्रीन की पीएच वैल्यू को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

सबसे अंत में एम्स की ये एक्सपर्ट आहार में एंटीऑक्सीडेंट्स बढ़ाने की सलाह देती हैं। उनके मुताबिक ये भीतर और बाहर दोनों से हमारे शरीर को निखारने-संवारने में मदद करता है। फ्री रेडिकल्स से लड़ने और त्वचा की मरम्मत में मदद करने के लिए फलों, सब्जियों और ग्रीन टी के सेवन की सलाह देती है। ये तो हुई एक्सपर्ट की सलाह लेकिन दशकों से हमारे घर में कुछ ऐसे बेसिक प्रोडक्ट्स हैं जो बड़े बुजुर्गों ने बड़े प्यार से सुझाए हैं। एक है गुलाब जल और दूसरा है कच्चा दूध। गुलाब जल को भी चेहरे का निखार बरकरार रखने के लिए अच्छा माना जाता है। त्वचा को ठंडक पहुंचाने के लिए गुलाब जल किसी रामबाण से कम नहीं है। इसे लगाने से त्वचा पर जलन नहीं होती है और पसीने के कारण होने वाली खुजली से भी निजात मिलती है। वहीं, गर्मी में सुबह के समय कच्चा दूध चेहरे पर लगाने से निखार आता है, जो एक क्लींजर का काम करता है। इससे चेहरा और भी अधिक ग्लो करने लगता है।

# महिला के पेट से निकला आधा मीटर कपड़ा



**नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र स्थित निजी हॉस्पिटल में डॉक्टर की लापरवाही का एक गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां डिलीवरी के लिए भर्ती कराई गई एक महिला के ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही से आधा मीटर लंबा कपड़ा उसके पेट में ही छूट गया। हैरानी की बात यह है कि यह लापरवाही डेढ़ साल तक पकड़ में नहीं आई, और इस दौरान महिला लगातार पेट दर्द से जूझती रही। जानकारी के मुताबिक, यह मामला 14 नवम्बर 2023 का है, जब पीड़ित महिला को डिलीवरी के लिए ग्रेटर नोएडा के बेकसन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों ने बताया कि शुरुआत में नॉर्मल डिलीवरी की बात कही गई। लेकिन बाद में डॉक्टरों ने ऑपरेशन करने का फैसला लिया। ऑपरेशन के बाद महिला को स्वस्थ बताकर नवजात बच्चे के साथ डिस्चार्ज कर दिया गया।

**डिस्चार्ज के बाद पेट में दर्द की शिकायत**

डिस्चार्ज के कुछ दिनों बाद से ही महिला को पेट में लगातार तेज दर्द की शिकायत होने लगी। परिजनों के अनुसार, उन्होंने कई बार बेकसन हॉस्पिटल जाकर डॉक्टरों से शिकायत की, लेकिन हर बार दर्द को मामूली बताकर टाल दिया गया। दर्द बढ़ता गया, लेकिन किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

**दूसरे अस्पताल में सर्जरी**

लगातार बिगड़ती तबीयत को देखकर महिला के परिजन उसे ग्रेटर नोएडा के एक अन्य प्राइवेट अस्पताल ले गए। वहां विस्तृत जांच के बाद डॉक्टरों ने महिला के पेट में सर्जरी कराने की सलाह दी। ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने जब महिला के पेट से आधा मीटर लंबा कपड़ा निकाला, तो हर कोई हैरान रह गया। डॉक्टरों का कहना है कि यह कपड़ा ऑपरेशन के दौरान शरीर में ही छूट गया था और अगर समय रहते यह सर्जरी नहीं होती, तो महिला की जान भी जा सकती थी।

# द्वितीय विश्व युद्ध के इतिहास का पुनर्लेखन-एक खतरनाक मंशा

- विजय की 80वीं वर्षगांठ के निकट, यूरोप और रूस को तथ्यों पर आधारित संवाद की आवश्यकता
- बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच, उस नाजुक शांति की याद दिलाती है वार्ता




**मास्को,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। लंदन में यूक्रेन, यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका और अन्य देशों के राजनयिकों ने यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने और शांति बहाली के उपायों पर चर्चा की। यह वार्ता, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच, उस नाजुक शांति की याद दिलाती है जो आज से 80 वर्ष पहले तब स्थापित हुई थी जब सोवियत संघ और उसके सहयोगियों ने नाजी जर्मनी को निर्णायक रूप से पराजित किया था। मॉस्को के लिए, विजय दिवस से पहले महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध की स्मृति - जिसने 2.7 करोड़ सोवियत नागरिकों की जान ली - अब राजनीतिक संघर्ष का केंद्र बन गई है। वहीं यूरोप में सोवियत संघ की भूमिका को कमतर आंका जा रहा है, जबकि रूस इसे आंतरिक लामबंदी के लिए उपयोग कर रहा है। ऐसे विरोधाभासों के बीच, 1945 की सच्चाई खो जाने का खतरा है।

नाजीवाद की हार में सोवियत संघ की भूमिका निर्विवाद है। पूर्वी मोर्चा, जहां रेड आर्मी ने वेहरमाख़्ट की 80 प्रतिशत ताकत से मुकाबला किया, युद्ध का निर्णायक क्षेत्र बन गया। स्टालिनग्राद (1942-1943) और कुर्स्क (1943) की लड़ाइयों में मिली जीत ने 1944 में नॉर्मंडी में द्वितीय मोर्चा खुलने से पहले ही जर्मनी की सैन्य शक्ति को गहरे रूप से कमजोर कर दिया था। एंटी-हिटलर गठबंधन के नेता, जैसे कि विंस्टन चर्चिल, सोवियत संघ की निर्णायक भूमिका को स्वीकार करते थे - चर्चिल के शब्दों में, 'रेड आर्मी ने नाजी युद्ध मशीन की अंतड़ियां निकाल दी थीं।' युद्ध के बाद सोवियत संघ ने उदारता दिखाई- फिनलैंड, रोमानिया और बुल्गारिया के प्रति कठोर रुख नहीं अपनाया और फ्रांस को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विजेता राष्ट्र के रूप में शामिल करने का समर्थन किया। हालांकि, इतिहास की परछाइयां आज भी कायम हैं मोलोटोव-रिबेंट्रॉप संधि और पूर्वी यूरोप में सोवियत कार्रवाइयां आज भी तीखी बहसों का विषय बनी हुई हैं। इन तथ्यों की आवश्यकता है निष्पक्ष और ईमानदार चर्चा की - न कि राजनीतिक सुविधानुसार चयनित विश्लेषण की। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद पश्चिम में युद्ध के इतिहास की पुनर्व्याख्या की लहर उठी। हालांकि, साम्यवाद और नाजीवाद को समान 'सत्तावादी' विचारधाराओं के रूप में प्रस्तुत करने के प्रयास कोई नई बात नहीं है। यह प्रयास द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत बाद ही शुरू हो गए थे, जब अमेरिकी और ब्रिटिश प्रचार मशीनों ने आम जनता को यह विश्वास दिलाना शुरू किया कि जो कल तक मित्र थे, अब दुश्मन बन चुके हैं। इसी मुहिम में सोवियत संघ को नाजी जर्मनी के साथ मिलकर युद्ध शुरू करने का दोषी ठहराना एक राजनीतिक हथियार बन गया, जो ऐतिहासिक सच्चाइयों की अनदेखी करता है - जैसे कि फासीवाद का उदय, लंदन और पेरिस का एंटी-हिटलर गठबंधन से इनकार, और म्यूनिख में चेकोस्लोवाकिया के साथ हुआ विश्वासघात। मॉस्को ने जर्मनी से संधि तब की, जब पश्चिम के साथ कूटनीति असफल हो चुकी थी। पश्चिम नाजियों का खुला पुनर्वास नहीं कर सकता था - विशेषकर होलोकॉस्ट की भयावहता और मानवाधिकारों की नई आशाओं के चलते। फिर भी, आज लातविया और रिगा में वाफेन एसएस के पूर्व सैनिक मार्च करते देखे जाते हैं। 2019 में यूरोपीय संसद ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें साम्यवाद और नाजीवाद को बराबर ठहराया गया - यह न केवल ऐतिहासिक विकृति थी, बल्कि ऑशविट्ज़ और अन्य मृत्यु शिविरों को मुक्त कराने वाले सैनिकों, लाखों सोवियत नागरिकों, फ्रांस, इटली, ग्रीस और नॉर्मंडी द्वीपों के साम्यवादी विद्रोहियों का भी अपमान था। 2014 से, और विशेष रूप से 2022 के बाद, पश्चिमी देशों ने ऐतिहासिक पुनर्लेखन की प्रक्रिया को तेज़ कर दिया है। पूर्वी मोर्चे की भूमिका को हाशिए पर डाला जा रहा है, जबकि नॉर्मंडी की लैंडिंग को युद्ध का निर्णायक क्षण बताया जा रहा है। पोलैंड और बाल्टिक देशों में सोवियत सैनिकों की प्रतिमाएं तोड़ी जा रही हैं, जबकि कुछ स्थानीय सहयोगियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' के रूप में महिमामंडित किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, 2023 में लिथुआनिया में जोनास नोरेइका की प्रतिमा स्थापित की गई, बावजूद इसके कि उन्होंने नाजियों के साथ सहयोग किया था। यह एक खतरनाक झूठ है। ऐसा इतिहास केवल अतीत को तोड़ता-मरोड़ता नहीं है, बल्कि वर्तमान राजनीतिक विमर्शों को भी बल देता है - चाहे वह यूक्रेन को 'दुष्ट साम्राज्य' का शिकार दिखाना हो या रूस में युद्ध की स्मृति को वर्तमान नीतियों का औचित्य साबित करने के लिए इस्तेमाल करना हो। हालांकि, पूरा पश्चिम इस प्रवृत्ति में शामिल नहीं है।

रिचर्ड ओवेरी जैसे सम्मानित इतिहासकार अब भी पूर्वी मोर्चे की निर्णायक भूमिका पर बल देते हैं। अकादमिक ईमानदारी आज भी मौजूद है - भले ही सीमित दायरे में। द्वितीय विश्व युद्ध का इतिहास कोई हथियार नहीं होना चाहिए। नाजीवाद की पराजय में सोवियत संघ की भूमिका निर्विवाद है, ठीक वैसे ही जैसे उसकी गलतियां भी मौजूद थीं। सोवियत योगदान को स्वीकार करना मोलोटोव-रिबेंट्रॉप संधि को भुलाना नहीं है - लेकिन इस संधि को नाजी आक्रामकता के बराबर ठहराना ऐतिहासिक रूप से बेमानी है। विजय की 80वीं वर्षगांठ के निकट, यूरोप और रूस को तथ्यों पर आधारित संवाद की आवश्यकता है। ऐसा संवाद ही 1945 के सबकों को संरक्षित रख सकता है - विभाजन के लिए नहीं, बल्कि एकजुट करने वाली स्मृति के लिए।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]



**पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित**

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.60 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.36 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 0.60 प्रतिशत |
| अल्ट्रा टेक | 0.46 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.32 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 3.61 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 3.48 प्रतिशत |
| इटरनल | 3.41 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.85 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 2.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,00,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,00,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

# सीएनजी स्टेशनों की संख्या में 930 प्रतिशत की वृद्धि : हरदीप पुरी

- 10 वर्षों में पीएनजी का इस्तेमाल 5 गुना बढ़ा
- एलपीजी कनेक्शन दोगुने से अधिक हो गए



**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को बताया कि पिछले 10 वर्षों में देश में वाहनों के लिए ग्रीन फ्यूल उपलब्ध कराने वाले सीएनजी स्टेशनों की संख्या में 930 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी के साथ पाइप से रसोई गैस का इस्तेमाल करने वाले घरों की संख्या में 5 गुना वृद्धि दर्ज की गई है और एलपीजी कनेक्शन दोगुने से अधिक हो गए हैं। यह न केवल लोगों की जीवनशैली में सुधार को दर्शाता है, बल्कि स्वच्छ ईंधन के साथ स्वस्थ भारत की यात्रा में तेजी को भी दर्शाता है।

केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 10 वर्षों में सीएनजी स्टेशनों में 930 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, पीएनजी कनेक्शन में 467 प्रतिशत की वृद्धि और एलपीजी कनेक्शन में 128 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने आगे लिखा कि ये केवल आंकड़े नहीं हैं, ये हमारे संकल्प के मार्ग में उपलब्धि को दर्शाते हैं। ये बताते हैं कि नई सोच, सच्चे इरादे और कड़ी मेहनत से बड़े बदलाव संभव हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोगों को सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ ये आंकड़े स्वच्छ ईंधन से स्वस्थ भारत की यात्रा को गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियों ने विकसित भारत की नींव को मजबूत किया है, जिस पर विकसित भारत की भव्य इमारत का निर्माण शुरू हो गया है। पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (पीएनजीआरबी) की इस महीने की शुरुआत में जारी एक स्टडी के अनुसार, भारत की प्राकृतिक गैस की खपत 2030 तक लगभग 60 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है, क्योंकि देश, तेल आयात पर निर्भरता कम करना चाहता है और वाहन चलाने, घरेलू रसोई में खाना पकाने और औद्योगिक इस्तेमाल के लिए स्वच्छ ईंधन पर स्विच करना चाहता है। पीएनजीआरबी ने पहले ही 307 भौगोलिक क्षेत्रों में गैस इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया है, जो द्वीपों को छोड़कर पूरे देश को कवर करता है।

रिपोर्ट के अनुसार सिटी गैस डिस्ट्रिब्यूशन (सीजीडी) सेक्टर के सबसे आगे बने रहने की उम्मीद है।

## केयर्न ने केजी बेसिन में अन्वेषण के लिए ईएमजीएस के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** तेल एवं गैस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी केयर्न ऑयल एंड गैस ने कृष्णा-गोदावरी (केजी) बेसिन में गहरे पानी में हाइड्रोकार्बन की खोज के लिए नॉर्वे की इलेक्ट्रोमैग्नेटिक जियोसर्विसेज़ (ईएमजीएस) के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि यह साझेदारी केयर्न के पूर्वी तट स्थित अपतटीय ब्लॉक केजीडीडब्ल्यूएचपी-2017/1 में 3डी कंट्रोल्ड सोर्स इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सर्वेक्षण कराने के लिए की गई है। यह तकनीक उपसतही प्रतिरोधकता को मैप करके हाइड्रोकार्बन की पहचान की सटीकता बढ़ाने में मदद करती है। ईएमजीएस का पोत 'अटलांटिक गार्जियन' इस समय डीप ब्लू स्रोत प्रणाली का उपयोग करके सर्वेक्षण के लिए डेटा एकत्र कर रहा है। यह डेटा हाल ही में पुन: संसाधित 3डी भूकंपीय (सीस्मिक) डेटा के साथ मिलाकर केजी ब्लॉक में संभावनाओं की पहचान करने, उन्हें प्राथमिकता देने और उपसतही मॉडल को और अधिक सटीक बनाने में मदद करेगा। यह प्रक्रिया अन्वेषण जोखिम को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## गुजरात ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में पाई सफलता




- मार्च, 2025 के लिए राज्य की मुद्रास्फीति दर 2.63 फीसदी रही

**गांधीनगर,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात ने तेज आर्थिक विकास के साथ मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है।

सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि दुनियाभर के देशों के लिए जब महंगाई एक बहुत ही बड़ी समस्या बनी हुई है, तब भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात ने तेज आर्थिक विकास के साथ मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। केन्द्र सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार मार्च 2025 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित गुजरात की वार्षिक खुदरा मुद्रास्फीति दर केवल 2.63 प्रतिशत रही है, जो राष्ट्रीय औसत 3.34 प्रतिशत की तुलना में उल्लेखनीय रूप से लगभग 0.71 प्रतिशत कम है। यह दर कई बड़े और विकसित राज्यों की तुलना में भी कम है। उन्होंने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में राज्य सरकार 'विजन विकसित गुजरात का, मिशन जन कल्याण का' की प्रतिबद्धता के साथ राज्य के आधुनिक विकास के साथ ही, लोगों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में भी कार्य कर रही है। एक ओर जहां सरकार विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नए उभरते क्षेत्रों के लिए नई नीतियां बना रही है, वहीं दूसरी ओर नागरिकों के रोजमर्रा के जीवन की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को स्थिर करने के लिए भी विशेष प्रयास कर रही है।

## अमेजन इंडिया ने मेक इंडिया रीड मोर मिशन को किया और मजबूत

**गुरुग्राम** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। इस वर्ल्ड बुक डे पर अमेजन इंडिया अपने 'मेक इंडिया रीड मोर' मिशन को आगे बढ़ा रहा है - ये एक व्यापक कोशिश है, जो भारत के रीडिंग कल्चर को बढ़ावा देने के लिए डेमोक्रेटाइज्ड एक्सेस, इनोवेटिव डिस्कवरी और कम्युनिटी एनगेजमेंट के जरिए काम करती है। ये प्रतिबद्धता देश भर के पाठकों तक किताबों की पहुंच को आसान बनाने के लिए अमेजन द्वारा किए जा रहे काम का हिस्सा है। अमेजन इंडिया के हाल के ट्रेंड्स से पता चलता है कि पूरे देश में किताबों की मांग बढ़ रही है, जिसमें नए कस्टमर्स और कैटेगरी सेल्स दोनों में डबल-डिजिट ग्रोथ देखी गई है। टियर 2 शहर इस विस्तार को खास तौर पर बढ़ा रहे हैं, जहां नए बुक कस्टमर्स की ग्रोथ मेट्रो शहरों की तुलना में दोगुनी रफ्तार से बढ़ रही है। इस डिमांड को सपोर्ट करने के लिए कंपनी ने अपनी सेम-डे डिलीवरी क्षमता को काफी बढ़ा दिया है, और अब टॉप 20 शहरों में पिछले साल की तुलना में दोगुने कस्टमर्स तक पहुंच रही है। राजर्षि गुइन, डायरेक्टर, बुक्स एंड टॉयज, अमेजन इंडिया ने कहा, 'किताबें अमेजन की पहचान का केंद्र बिंदु हैं, और भारत के पाठकों के लिए हमारी प्रतिबद्धता पहले से कहीं ज्यादा गहरी हुई है, भारत की सांस्कृतिक और शैक्षणिक विविधता को प्रदर्शित करने वाला साहित्य संग्रह से लेकर, तेज डिलीवरी और डिस्कवरी में निवेश करने तक, हमारा पूरा ध्यान रीडिंग को ज्यादा फायदेमंद और ज्यादा सुविधाजनक बनाने पर है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में इस्पात क्षेत्र की भूमिका' पर चर्चा अयोजित




- इंडिया स्टील 2025 भारतीय इस्पात क्षेत्र में संभावनाओं व चुनौतियों का पता लगाएगा

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। इस्पात मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम 'इंडिया स्टील 2025' में विभिन्न हितधारकों को भारतीय इस्पात क्षेत्र में मौजूद संभावनाओं, चुनौतियों और अवसरों का पता लगाने के लिए एक मंच पर लाया गया है। यह कार्यक्रम मुंबई में 24 - 26 अप्रैल तक आयोजित किया गया है।

उद्घाटन सत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एक वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया, जिसमें उन्होंने घरेलू इस्पात उत्पादन को बढ़ाने, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए भारत की रणनीतिक दृष्टि पर जोर दिया। मंत्रालय के अनुसार, दिन के दौरान कई महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। 'विकसित भारत भारतीय अर्थव्यवस्था में इस्पात क्षेत्र की भूमिका' पर सत्र में वरिष्ठ नीति निर्माताओं, अर्थशास्त्रियों और उद्योग जगत के नेताओं के एक उच्च स्तरीय पैनल ने भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को साकार करने में इस्पात की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। सीईओ राउंड टेबल की अध्यक्षता इस्पात और भारी उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने की, जिसमें भारतीय इस्पात क्षेत्र के लिए मौजूदा चुनौतियों और विकास पर चर्चा की गई। इंडिया-रूस राउंडटेबल दोनों देशों के प्रमुख हितधारकों के बीच द्विपक्षीय जुड़ाव के लिए एक रणनीतिक मंच रहा। यह चर्चा, इस्पात और खनन क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने, संयुक्त उद्यमों को बढ़ावा देने और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और व्यापार सुविधा के लिए नए रास्ते तलाशने पर केंद्रित थी।

# बाजार में लगातार दूसरे दिन बिकवाली का दबाव

- सेंसेक्स 588.90 अंक टूटकर 79212.53 अंक पर रहा
- निफ्टी 207.35 अंक फिसलकर 24039.35 अंक पर बंद




**मुंबई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुये आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच बने तनावपूर्ण स्थिति के बीच शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बिकवाली का दबाव देखा गया। इस दौरान बीएसई का सेंसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी लाल निशान में बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 588.90 अंक टूटकर 79212.53 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 207.35 अंक फिसलकर 24039.35 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में दिग्गज कंपनियों की तुलना में अधिक बिकवाली देखी गयी जिससे बीएसई का मिडकैप 2.44 प्रतिशत लुढ़ककर 42528.71 अंक पर और स्मॉलकैप 2.56 प्रतिशत उतरकर 48005.62 अंक पर रहा।

बीएसई में शामिल समूहों में आईटी 0.22 प्रतिशत और आईटी फोक्सड 0.63 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर सभी समूहों में बिकवाली देखी गई। इस दौरान सर्विसेज में सबसे अधिक 3.11 प्रतिशत की गिरावट रही। बीएसई में शामिल कंपनियों में से 4084 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 3241 लाल निशान में और 723 हरे निशान में रही जबकि 120 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर उतार चढ़ाव के बीच चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.07 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख सूचकांक हरे निशान में रहे।

इस दौरान जापान का निक्केई 1.90 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.82 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.32 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 29 अंकों की बढ़त के साथ 79830.15 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में यह 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करते हुए 80130.66 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसी दौरान बिकवाली शुरू होने के कारण यह 78605.81 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 79801.43 अंक की तुलना में 0.74 प्रतिशत अर्थात 588.90अंक गिरकर 79212.53 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से मात्र 7 कंपनियां ही हरे निशान में रह पायी जबकि शेष 23 कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ा।

एनएसई का निफ्टी 43 अंकों की बढ़त के साथ 24289 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 24365.45 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसी दौरान बिकवाली शुरू होने से यह 23847.85 अंक के निचले स्तर तक उतरा।

अंत में यह पिछले दिवस के 24246.70 अंक की तुलना में 0.86 प्रतिशत अर्थात 207.35 अंक गिरकर 24039.35 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 41 को नुकसान हुआ जबकि उतार चढ़ाव के बाद नौ कंपनियां हरे निशान में रही।

## एयरटेल ने लांच की भारत की पहली अनलिमिटेड इंटरनेशनल रोमिंग प्लान

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर संचार समाधान प्रदाता कंपनी भारती एयरटेल ने अंतरराष्ट्रीय यात्राओं को पहले से कहीं अधिक सरल, किफायती और निर्बाध बनाने के लिए इंटरनेशनल रोमिंग (आईआर) से जुड़ी नई योजनाओं की घोषणा की है।

कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने भारत की पहली ऐसी आईआर योजनाएं पेश की हैं जो 189 देशों में असीमित डेटा उपलब्ध कराती हैं। उसका दावा है कि यह कदम अंतरराष्ट्रीय रोमिंग को लेकर ग्राहकों के अनुभव में जबरदस्त बदलाव लाएगा।

इन नई योजनाओं में सबसे खास है एक साल की वैधता वाला 4000 रुपए का रिचार्ज प्लान, जिसे विशेष रूप से प्रवासी भारतीय (एनआरआई) और बार-बार यात्रा करने वालों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस प्लान में विदेश में पांच गीगाबाइट (जीबी) डेटा और 100 वॉयस मिनट शामिल हैं जबकि भारत में रहते हुए ग्राहक उसी प्लान के तहत 1.5 जीबी प्रतिदिन डेटा और अनलिमिटेड कॉल का लाभ उठा सकते हैं। इस सुविधा के जरिए ग्राहक बिना अलग-अलग रिचार्ज किए एक ही नंबर का उपयोग भारत और विदेश दोनों जगह कर सकते हैं।

सिद्धार्थ शर्मा ने इस मौके पर कहा कि हम अपने ग्राहकों के जीवन को सरल बनाने और उन्हें अधिक मूल्य प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। नए इंटरनेशनल रोमिंग प्लान न केवल पारदर्शी हैं बल्कि यात्रा के दौरान डेटा और वॉयस के इस्तेमाल की पूरी स्वतंत्रता भी देते हैं।

### सार संक्षेप

### एर्गन लैब्स व ओएसपीएल ने की रणनीतिक साझेदारी

**नई दिल्ली।** हल्के इलेक्ट्रिक व्हीकल पावरट्रेन टेक्नोलॉजी क्षेत्र की कंपनी एर्गन लैब्स ने आज ओमेगा सिकी प्राइवेट लिमिटेड (ओएसपीएल) के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। दोनों कंपनियों ने यहां जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत ओएसपीएल एर्गन की अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड पावर कन्वर्टर (आईपीसी) टेक्नोलॉजी को अपनाने वाला पहला ओईएम होगा, जिसकी शुरुआत एल5 सेगमेंट के इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स से की जाएगी। इस सहयोग को और मजबूत करते हुए, ओमेगा सिकी ने एर्गन की आईपीसी टेक्नोलॉजी के लिए 50 करोड़ रुपए का ऑर्डर दिया है। आईपीसी ऑन-बोर्ड चार्जर और मोटर कंट्रोलर को एक कॉम्पैक्ट यूनिट में एकीकृत करती है, जिससे इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स के लिए अभूतपूर्व प्रदर्शन, विश्वसनीयता और चार्जिंग सुविधा मिलती है।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ोतरी लेकर 686.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.3 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 686.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 677.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.52 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 578.5 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 4.6 अरब डॉलर उछलकर 84.6 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 21.2 करोड़ डॉलर की तेजी लेकर 18.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 70 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले बढ़कर 4.5 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

### मारुति का मुनाफा 1.04 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 3952.3 करोड़ रुपये के मुकाबले 1.04 प्रतिशत की गिरावट लेकर 3911.1 करोड़ रुपए रह गया। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि यहां बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसे 3911.1 करोड़ रुपए का सकल शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के 3952.3 करोड़ रुपए से 1.04 प्रतिशत कम है। वहीं, आलोच्य अवधि में उसकी कुल आय में सात प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों के भाव रहे स्थिर



**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 10 रिंगिट बढ़कर 4145 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.96 सेंट की बढ़त लेकर 51.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

# टीटागढ़-भेल ने शुरू की वंदे भारत स्लीपर का उत्पादन




- परियोजना में 35 वर्षों का दीर्घकालिक रखरखाव भी शामिल

**कोलकाता,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। देश की सेमी हाई-स्पीड ट्रेन वंदे भारत के स्लीपर संस्करण के निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) और भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने शुक्रवार को उत्तरपारा स्थित टीआरएसएल की अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा में समर्पित उत्पादन लाइन का शुभारंभ किया।

इस उत्पादन लाइन का उद्घाटन टीआरएसएल और भेल के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ, जिनमें टीआरएसएल के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक उमेश चौधरी तथा भेल की निदेशक बानी वर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

यह परियोजना टीआरएसएल और भेल के संयुक्त उपक्रम को भारतीय रेलवे द्वारा सौंपे गए उस अनुबंध का हिस्सा है, जिसके तहत 80 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेटों का डिज़ाइन और निर्माण किया जाना है। करीब 24 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना में 35 वर्षों का दीर्घकालिक रखरखाव भी शामिल है। यह पहल प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियानों के अंतर्गत रेलवे क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है।

वंदे भारत स्लीपर संस्करण न केवल भारत की पहली लंबी दूरी की सेमी हाई-स्पीड ट्रेन होगी बल्कि यह पूरी तरह से स्वदेशी डिज़ाइन, अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं और उन्नत सुरक्षा मानकों से लैस होगी। स्मार्ट ऑनबोर्ड सिस्टम, ऊर्जा कुशल संचालन और आधुनिक कोच लेआउट के साथ यह ट्रेन देशभर के यात्रियों को इंटरसिटी यात्रा का एक नया अनुभव देने के लिए तैयार की जा रही है। टीआरएसएल के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक उमेश चौधरी ने कहा कि यह क्षण टीटागढ़ रेल सिस्टम और भेल दोनों के लिए गर्व का है। यह परियोजना दर्शाती है कि जब सार्वजनिक और निजी क्षेत्र एक साझा विजन के साथ मिलकर काम करते हैं तो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति संभव है। उल्लेखनीय है कि उत्तरपारा स्थित यह उत्पादन सुविधा देश में एकमात्र ऐसी साइट है, जहां एक ही छत के नीचे स्टेनलेस इस्पात और एल्यूमीनियम दोनों प्रकार के कोच बनाए जा सकते हैं। वर्तमान में इसकी वार्षिक निर्माण क्षमता 300 कोच है, जिसे बढ़ाकर 850 तक ले जाने की योजना है ताकि बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। यह सुविधा इंडस्ट्री 4.0 तकनीकों और रोबोटिक उत्पादन लाइनों से सुसज्जित है, जिससे भारत की रेल निर्माण क्षमताओं को वैश्विक मानकों के अनुरूप विस्तार मिलेगा।

# खेल जगत

## हेजलवुड अपने प्रदर्शन में ऐसी निरंतरता लाते हैं : बांगर

**नई दिल्ली।** जोश हेजलवुड के 4-33 विकेट लेने और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल 2025 में अपनी पहली घरेलू जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद, पूर्व मुख्य कोच संजय बांगर ने कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज की निरंतरता कुछ ऐसी चीज है जो हर कप्तान प्रतियोगिता में चाहता है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में, राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को अपने चार मैचों की हार के सिलसिले को तोड़ने के लिए आखिरी दो ओवरों में सिर्फ 18 रन चाहिए थे। लेकिन हेजलवुड ने एक यादगार ओवर फेंका, जिसमें उन्होंने सिर्फ एक रन दिया और दो विकेट लिए, जिससे आरसीबी की जीत लगभग पक्की हो गई। हेजलवुड ने अपने आखिरी दो ओवरों में सिर्फ सात रन देते हुए तीन विकेट चटकाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी मिला। जोश हेजलवुड हर कप्तान के सपनों की तरह निरंतरता लाते हैं।



# पंजाब किंग्स अब केकेआर को उसके घर में भी हराने के इरादे से उतरेगी

■ केकेआर के लिए उसके कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आठ मैचों में तीन अर्द्धशतक जड़े हैं

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। शानदार आगाज करने के बाद राह भटक कर पिछले लगातार तीन मैच में अपने नए कप्तान श्रेयस अय्यर के नाकाम रहने के बावजूद अपने घर में मात्र 111 रन पर सिमटने के बाद पंजाब किंग्स लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के स्पिन का जाल बुन कर चटकाए चार विकेट की बदौलत केकेआर को 95 रन पर ढेर कर 16 रन से जीत के बाद 2025 आईपीएल में अब उसे उसके घर कोलकाता में भी शनिवार को ईडन गार्डन मैदान पर हरा कर पिछले छह मैचों लगातार तीसरी और कुल चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। केकेआर की कोशिश अपने घर में पंजाब किंग्स पर शनिवार को रिटर्न मैच में जीत दर्ज कर हिसाब चुकता करने के साथ लगातार तीसरी हार से बचने की होगी। केकेआर के लिए उसके कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आठ मैचों में तीन अर्द्धशतक जड़े हैं और कुल 271 रन बनाने के साथ उसके लिए रन बनाने में शीर्ष पर चल रहे है। कोलकाता के उप कप्तान वेंकटेश अय्यर एक अर्द्धशतक को छोड़, सुनील नारायण व क्विंटन डी कॉक एक की सलामी जोड़ी जिस तरह रनों के लिए जूझ रहे उसके मद्देनजर उससे अपने घर में पंजाब किंग्स को रोकना एक बेहद मुश्किल चुनौती नजर आता है। केकेआर पंजाब किंग्स से उसके घर में 17 रन से हारने के बाद पिछले व आठवें मैच में कप्तान अजिंक्य रहाणे के अर्द्धशतक के बावजूद गुजरात टाइटंस से 39 रन से अपने घर में केकेआर जिस तरह हारी उससे उसके हौसले पस्त हैं। पंजाब किंग्स के आठ मैचों में पांच जीत और तीन हार के साथ कुल दस अंक लेकर अपने कमतर नेट रन रेट के कारण आठ मैचों में पांच जीत व तीन हार के साथ दस अंक ले अपने कमतर नेट रन रेट के कारण पांचवें स्थान पर है । वहीं केकेआर आठ मैचों में मात्र तीन जीत और पांच हार के साथ कुल छह अंक ले सातवें स्थान पर है। पंजाब किंग्स अपने घर में मेहमान केकेआर को हराने के बाद अगले मैच में अपने घर में आरसीबी से पिछले मैच में सात विकेट से हार गई थी। केकेआर के लिए उसके कप्तान अजिंक्य रहाणे ने तीन अर्द्धशतक सहित सबसे अधिक आठ मैचो में सबसे ज्यादा 271 रन, अंग कृष रघुवंशी ने एक अर्द्धशतक सहित 197 रन, क्विंटन डी ने एक अर्द्धशतक सहित 143, वेंकटेश अय्यर ने एक अर्धशतक सहित 130 रन, अनुभव आंद्रे रसेल ने आठ मैचों मे मात्र 55 रन बनाए हैं। साफ है कि केकेआर की बल्लेबाजी मौजूदा संस्करण में बराबर जूझती ही नजर रही है। पंजाब किंग्स के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ( 8 मैच, 11 विकेट) , लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल (8 मैच, 9 विकेट), तेज गेंदबाज मार्क येनसन (8 मैच, 8 विकेट), आंद्रे रसेल( 8 मैच, 6 विकेट), लॉकी फर्गुसन (4 मैच, 5 विकेट) से केकेआर के शीर्ष क्रम को चौकस रहना होगा। कप्तान श्रेयस अय्यर ने बतौर बल्लेबाज और कप्तान अनुकरणीय खेल दिखा पिछले सीजन में केकेआर की चैम्पियन बनाया था। आठ मैचों में तीन अर्द्धशतक जड़ चुके श्रेयस केकेआर टीम की ताकत के साथ ईडन गार्डन की पिच से बढ़िया ढंग से वाकिफ होने के बाद फिर बल्ले से रंगत पाकर बड़ी पारी खेलने को बेताब होंगे। पंजाब किंग्स के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर ने तीन अर्धशतक सहित कुल 263 रन, सलामी बल्लेबाज बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने एक शतक सहित 254 रन, प्रभसिमरन सिंह ने 8 मैचों में एक अर्द्धशतक सहित 209 रन,नेहाल वढेरा ने सात मैचों एक अर्द्धशतक सहित 189 रन, शशांक सिंह ने आठ मैचों में चार बार अविजित रह एक अर्द्धशतक सहित 158 रन बनाए हैं।

### हम बढ़िया आगाज का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं : श्रेयस अय्यर

आप ज्यादातर बल्लेबाजों को देखेंगे तो वह पहली ही गेंद से दे दनादन करना पसंद करते है। हम बढ़िया आगाज का लाभ नही उठा पा रहे हैं। अब पिचें भी धीमी और धीमी होती जा रही है। यहां तक बीच के ओवरों में हम गेंदबाजों पर प्रहार कर सकते थे। विराट और उनकी आरसीबी की टीम की इस जीत के लिए सराहना करनी होगी। हम बराबर पिचों से तालमेल बनाने की चर्चा कर रहे हैं। हम कुछ बल्लेबाजो को बीच के ओवर में आक्रामक तेवर दिखाने की जरूरत है। मैं जेहनी तौर पर बढ़िया स्थिति में हूं।मुझे शुरू के दस रन को पार करने की जरूरत है। मुझे खुल कर बल्लेबाजी करने की जरूरत है। हमें फिर से अपनी रणनीति पर विचार करना होगा।

### हमारी सलामी जोड़ी अब तक टूर्नामेंट में जूझती नजर आई : अजिंक्य रहाणे

199 रन के लक्ष्य का पीछा किया जा सकता था। हमने गेंद के साथ बढ़िया वापसी की। आप सलामी जोड़ी से अच्छे आगाज की उम्मीद करते है और हमारी सलामी जोड़ी ही अब तक टूर्नामेंट मे जूझती नजर आई। हमें जल्दी सबक लेकर आगे बढ़ना होगा। पिच कुछ धीमी थी पर जब हम गेंदबाजी कर रहे थे तो हमें लगा था इस पर 210 या 200 रन का स्कोर एक अच्छा स्कोर होगा।हमें सलामी जोड़ी से अच्छी शुरुआत की की उम्मीद है।गेंदबाजों से कोई शिकायत ही है। सभी मेहनत कर रहे हैं। इस फॉर्मेट में बतौर बल्लेबाज बहादुरी दिखाने की जरूरत होती है। आप अतीत के बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोच सकते हैं। आपको गलतियों से सबक लेकर आगे बढ़ना होता है और बाउंड्री जड़ने के बारे में सोचता होगा। हमारे रा मध्यकर्म में उत्कृष्ट बल्लेबाज हैं। आपको बहादुर दिखानी होगी। अंग कृष अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं।

# कोहली के शानदार प्रदर्शन से आरसीबी को थोड़ा बेहतर स्कोर बनाने में मदद मिली : बांगर




■ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में, कोहली ने मौजूदा सत्र का अपना पांचवां अर्द्धशतक लगाया

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व मुख्य कोच संजय बांगर ने कहा कि विराट कोहली ने जिस तरह से 70 रनों की पारी खेली, उससे टीम को थोड़ा बेहतर स्कोर बनाने में मदद मिली और अंतत: राजस्थान रॉयल्स पर 11 रनों की जीत मिली। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में, कोहली ने मौजूदा सत्र का अपना पांचवां अर्द्धशतक लगाया, जबकि देवदत्त पडिक्कल के साथ 95 रनों की साझेदारी की, जिन्होंने भी अर्द्धशतक लगाया, जिससे आरसीबी ने 205/5 का स्कोर बनाया। जवाब में जोश हेजलवुड के 4-33 की शानदार गेंदबाजी और स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत आरसीबी ने आईपीएल 2025 में अपनी पहली घरेलू जीत दर्ज की। बांगर ने जियोस्टार पर कहा कि यह विराट कोहली की खासियत थी। कुछ कम स्कोर के बाद, वह अपनी डिफाल्ट शैली में लौट आए- जोखिम रहित क्रिकेट, धैर्यपूर्वक पारी का निर्माण। एक बार जब खेल सेट हो गया, तो उन्होंने आक्रामक शॉट्स के साथ शुरुआत की। मुख्य बात यह थी कि उन्होंने पहले 7-8 ओवर कैसे संभाले और न केवल अपने साथी को, बल्कि डगआउट को भी आश्वस्त किया। जिस तरह से उन्होंने पारी को आगे बढ़ाया, उससे आरसीबी को थोड़ा बेहतर स्कोर बनाने में मदद मिली। बांगर, जिन्होंने भारत के बल्लेबाजी कोच के रूप में भी काम किया, ने प्रमुख सामरिक त्रुटियों और लापरवाह शॉट चयन की ओर भी इशारा किया, जिसके कारण आरआर लगातार तीसरी बार रन-चेज में फंस गया।

### आरसीबी के हिट प्रदर्शन में 'सुपरहिट' रही है विराट कोहली की परफॉरमेंस

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। विराट कोहली के बल्ले से सीजन में काफी रन निकल रहे हैं, तो बाकी खिलाड़ियों ने भी अहम मौकों पर अपनी भूमिका अदा की है। इतने बेहतर प्रदर्शन के बावजूद आरसीबी के लिए यह अपने घरेलू मैदान एम चिन्नास्वामी पर इस सीजन की पहली जीत थी। आईपीएल 2025 में यह इस मैदान पर आरसीबी का चौथा मैच था, जिसमें उन्होंने गुजरात टाइटंस, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के हाथों मात खाई। इसके बाद माना जाने लगा था कि आरसीबी अपने घरेलू मैदान की पिच को ही समझ नहीं पा रही है। ऐसे में गुरुवार रात को मिली जीत और भी खास हो जाती है। इस मैच में आरसीबी ने आरआर को 11 रनों से मात दी। हालांकि, एम चिन्नास्वामी में आरसीबी के लिए फिलहाल एक चीज अभी तक नहीं बदली है। यह है कप्तान रजत पाटीदार का आईपीएल 2025 में इस मैदान पर लगातार टॉस हारना। इस बार भी पाटीदार ने टॉस हारा। इस तरह से आरसीबी इस सीजन में अपने घरेलू मैदान पर लगातार चौथी बार टॉस हार चुकी है। विराट कोहली की बल्लेबाजी आरसीबी के लिए सबसे खास बात रही है। आरसीबी के पूर्व कप्तान ने गजब की फॉर्म का परिचय दिया है और उनकी बैटिंग पर उनकी टीम की जीत बहुत निर्भर कर रही है। आरसीबी ने जिन मैचों में आईपीएल 2025 में जीत दर्ज की है, उनमें कोहली ने पांच अर्धशतक लगाए हैं। तीन मौकों पर वह नाबाद रहे हैं।

# पहलगाम हमले के बाद पाक हॉकी टीम का एशिया कप दौरा खतरे में

**मुंबई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद, इस साल बाद में राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिए पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम का भारत दौरा बढ़ते तनाव के मद्देनजर संदेह के घेरे में है। भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों पर किए गए हमले का जवाब देते हुए सभी पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए वीजा रद्द कर दिए हैं। यूरोप स्थित वेबसाइट टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कदम से अगस्त में एशिया कप के लिए पाकिस्तान हॉकी टीम के भारत दौरे को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में खेले जाने वाले आठ टीमों के पुरुष एशिया कप में पाकिस्तान भी शामिल है। हमले से नाराज कई प्रमुख भारतीयों ने सरकार से पाकिस्तान के साथ सभी संबंध खत्म करने को कहा है - जिसमें खेल संबंध भी शामिल हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है



■ 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में खेले जाने वाले आठ टीमों के पुरुष एशिया कप में पाकिस्तान भी शामिल

कि इससे पाकिस्तान में भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान हॉकी टीम को एशिया कप के लिए भारत दौरे की अनुमति दिए जाने पर संदेह पैदा हो गया है। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के महासचिव राणा मुजाहिद हाल के घटनाक्रमों के बाद एशिया कप के लिए टीम के भारत दौरे को लेकर बहुत आशावादी नहीं हैं।

# एनसी क्लासिक में नदीम को आमंत्रित करने पर मुझे नफरत और गाली मिल रही है : नीरज

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। दो बार ओलंपिक में पदक जीत चुके नीरज चोपड़ा ने दुख जताया है कि कुछ लोगों ने उनकी देशभक्ति पर सवाल उठाए हैं। यह विवाद इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान के खिलाड़ी अरशद नदीम को 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' प्रतियोगिता में बुलाया था। यह आयोजन 24 मई को बेंगलुरु के श्री कांतिरावा स्टेडियम में होना है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चले जाने के बाद यह विवाद और बढ़ गया। नीरज ने कहा कि उन्हें और उनके परिवार को प्रतियोगिता के लिए अरशद को आमंत्रित करने पर




■ यह आयोजन 24 मई को बेंगलुरु के श्री कांतिरावा स्टेडियम में होना है

कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। नीरज ने बताया कि अरशद को निमंत्रण हमले से पहले भेजा गया था, और इसका मकसद केवल यही था कि दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों को भारत लाया जाए। क्योंकि अरशद ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं, इसलिए उन्हें बुलाया गया था। लेकिन अब, इस हमले के बाद, अरशद का आना पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है। नीरज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि मैं ज्यादा बोलने वाला व्यक्ति नहीं हूं, लेकिन इसका अर्थ नहीं है कि मैं तब भी नहीं बोलूंगा जब मुझे लगता है कुछ गलत हो रहा है। खासकर जब बात देश के प्रति मेरे प्रेम और मेरे परिवार की इज्जत पर आती है, तो मैं चुप नहीं रह सकता। अरशद को बुलाने के मेरे फैसले पर बहुत नफरत और गालियां मिल रही हैं, यहां तक कि मेरे परिवार को भी निशाना बनाया गया। यह आमंत्रण एक खिलाड़ी की तरफ से दूसरे खिलाड़ी को दिया गया था। इसमें न कोई राजनीति थी, न कोई निजी लाभ। एनसी क्लासिक का उद्देश्य भारत में सर्वश्रेष्ठ एथलीटों को लाना और हमारे देश को विश्व स्तरीय खेल आयोजनों को होस्ट करना था।

## सार संक्षेप

### यूपी स्टेट सब जूनियर कराटे में लखनऊ ने जमाई धाक

**लखनऊ।** मेजबान लखनऊ के खिलाड़ियों ने यूपी स्टेट सब जूनियर, कैडेट, जूनियर कराटे चैंपियनशिप-2025 के पहले दिन पांच स्वर्ण पदक जीतकर अपनी धाक जमाई। कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ द्वारा चौक स्टेडियम स्थित लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप में पहले दिन लखनऊ के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य सहित 10 पदक अपने नाम किए। गौतमबुद्ध नगर ने भी 2 स्वर्ण, 3 रजत व 5 कांस्य पदक सहित 10 पदक जीतकर मेजबान को कांटे की टक्कर दी। दूसरी ओर वाराणसी ने 2 स्वर्ण सहित 13 पदक और गाजियाबाद ने 2 स्वर्ण सहित 9 पदकों के साथ दमदार प्रदर्शन किया। लखनऊ के लिए विवान आहूजा ने जूनियर बालक काता, भावनी शर्मा ने जूनियर बालिका काता, श्रेष्ठ श्रीवास्तव ने कैडेट बालक काता और ईशान्या पाण्डेय ने जूनियर बालिका कुमिते के 42 किग्रा से कम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। वहीं लखनऊ को जूनियर बालक टीम काता में भी पहला स्थान मिला।

### चोटिल पाउला बडोसा ने मैड्रिड ओपन से नाम लिया वापस

**मैड्रिड।** स्पेन की महिला टेनिस स्टार पाउला बडोसा ने पीठ की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से अपना नाम वापस ले लिया हैं। पाउला बडोसा का शुक्रवार को मैड्रिड ओपन से नाम वापस लेने की घोषणा करना स्पेन के टेनिस प्रशंसकों के लिये यह दोहरा झटका है। इससे पहले विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज कमर की चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। बडोसा ने आज सोशल मीडिया मंच पर टूर्नामेंट से वापस लेने की घोषणा करते हुए कहा कि सभी को नमस्कार, मैं आपको बताना चाहती हूँ कि दुर्भाग्य से मैं मैड्रिड ओपन में भाग नहीं ले पाऊँगी। मैंने आखिरी मिनट तक हर संभव प्रयास किया। आप जानते हैं कि मुझे घर पर खेलना पसंद है, लेकिन चोट के कारण मुझे परेशानी हो रही है।

# ऑस्ट्रेलिया दौरा हमारे लिए मैच अनुभव हासिल करने का शानदार अवसर : सलीमा टेटे

**पर्थ,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। एक महीने लंबे सीनियर नेशनल ट्रेनिंग कैंप के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से 4 मई तक ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर पांच मुकाबले खेलेगी। दौरे की शुरुआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम के खिलाफ दो मुकाबलों से होगी। इसके बाद 1, 3 और 4 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में विश्व की पांचवें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलियाई सीनियर महिला टीम के साथ तीन मैच खेले जाएंगे। भारतीय टीम ने हाल ही में एफआईएच हॉकी प्रो लीग (महिला) में घरेलू मैदान पर भाग लिया था, जहां उन्होंने दो जीत और एक शूटआउट जीत हासिल की। टूर्नामेंट के अंत में टीम ने विश्व की नंबर एक टीम नीदरलैंड्स के




■ दौरे की शुरुआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम के खिलाफ दो मुकाबलों से होगी

■ इस दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने 26 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है

खिलाफ 2-2 की बराबरी के बाद शूटआउट में बोनस अंक हासिल कर शानदार समापन किया। इस दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने 26 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है। सलीमा टेटे टीम की कप्तान होंगी और नवनीत कौर उपकप्तान के रूप में उनका साथ देंगी। युवा ड्रैग-फ्लिकर दीपिका, जिन्होंने फरवरी में प्रो लीग में तीन गोल किए थे, अपनी अच्छी फॉर्म को बनाए रखने के लिए तैयार हैं। अनुभवी गोलकीपर सविता इस दौरे पर भी टीम के डिफेंस की अगुवाई करेंगी, जिन्होंने हाल ही में 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए हैं। इस टीम में पांच नए चेहरे- ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे शामिल किए गए हैं, जो इस दौरे पर पहली बार सीनियर टीम के लिए खेल सकती हैं। यह दौरा इन युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने और उच्च स्तर की हॉकी के दबाव को समझने का अच्छा अवसर है। सीरीज से पहले कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि हम पर्थ पहुंचकर बहुत उत्साहित हैं।

# बिहार ने 12वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला रग्बी 7 चैंपियनशिप में जीता खिताब

**गुवाहाटी,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार ने गत चैंपियन ओडिशा को 21-12 से हराकर 12वीं सीनियर राष्ट्रीय रग्बी 7 चैंपियनशिप (महिला) का खिताब अपने नाम कर लिया। यह बिहार का दूसरा राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताब है, इससे पहले उसने 2022 में घरेलू मैदान पर यह खिताब जीता था। कांस्य पदक के लिए भी मुकाबला काफी करीबी रहा, जिसमें महाराष्ट्र ने दिल्ली को 14-5 से हराकर अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा।

ओडिशा की सुनीता हंसदा 13 प्रयासों के साथ प्रतियोगिता में शीर्ष स्कोरर बनीं, जबकि बिहार की अंशु कुमारी और आरती कुमारी 12 प्रयासों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की प्रतियोगिता के समापन पर बोलते हुए, भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा कि 12वें सीनियर नेशनल्स में टीमों के बीच कुछ जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले और यह पिछले कुछ वर्षों में देश में महिला रग्बी की प्रगति का प्रमाण है। 24 राज्यों




■ महाराष्ट्र ने दिल्ली को 14-5 से हराकर अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा

की सभी टीमें जिन्होंने भाग लिया, मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रशंसा की पात्र हैं।

सभी पदक विजेताओं और विशेष रूप से बिहार को अपनी दूसरी राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने पर बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि बिहार ने महिला रग्बी में जो प्रगति की है, वह किसी भी आने वाले राज्य के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। बोस ने प्रतियोगिता की मेजबानी में दिए गए व्यापक सहयोग के लिए असम सरकार को भी धन्यवाद दिया।

# कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण : चीमा ने दूसरे दिन 64 का शानदार कार्ड खेला

■ अभिनव के शानदार राउंड ने उन्हें रात भर के चौथे स्थान से दो स्थान ऊपर पहुंचा दिया

**बेंगलुरु,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। चंडीगढ़ के अंगद चीमा ने बेंगलुरू के प्रेस्टीज गोल्फशायर क्लब में खेले जा रहे 2 करोड़ रुपये के कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण 2025 गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में शुक्रवार को आठ अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाकर एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। पहले राउंड के बाद चौथे स्थान पर चल रहे अंगद (66-64) ने दूसरे राउंड में अपने शानदार प्रदर्शन के कारण तीन स्थान का सुधार किया। फरीदाबाद के अभिनव लोहान (66-65) ने दूसरे दिन 65 का शानदार स्कोर बनाकर 13 अंडर 131 के साथ दूसरे स्थान पर दिन का




अंत किया। अभिनव के शानदार राउंड ने उन्हें रात भर के चौथे स्थान से दो स्थान ऊपर पहुंचा दिया। खलिन जोशी (65-67) ने 67 का स्कोर बनाया और एक स्ट्रोक पीछे तीसरे स्थान पर रहे। ग्रेटर नोएडा के सप्तक तलवार (70-63), जो इस साल पीजीटीआई में विजेता हैं, ने शुक्रवार को 10 बर्डी और एक बोगी मारी और राउंड वन में गौरव प्रताप सिंह द्वारा बनाए गए 63 के कोर्स रिकॉर्ड की बराबरी की।

इस तरह सप्तक 19 पायदान ऊपर चढ़कर 11-अंडर 133 के साथ चौथे स्थान पर रहे। 20 वर्षीय हिताशी बख्शी (69-65) ने दूसरे दिन त्रुटि-रहित 65 का स्कोर बनाया और महिला पेशेवरों में सर्वोच्च स्थान पर रहीं, क्योंकि वह 10-अंडर 134 के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। अंगद चीमा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रंट नाइन पर बढ़त बनाई, जहां उन्होंने छह बर्डी लगाईं। चीमा, जिन्होंने शुक्रवार को रेगुलेशन में 17 ग्रीन बनाए थे, ने इसके बाद बैक नाइन पर दो और बर्डी लगाईं। अंगद ने छठे होल पर बर्डी के लिए चिप इन किया, 10 से 20 फीट की रेंज से तीन बर्डी ड्रेन की, और दो बर्डी सेट करने के लिए पांच फीट के भीतर लैंड किया। यह टूर्नामेंट प्रोफेशनल चैंपियनशिप को रोमांचक प्रो-एम घटक के साथ जोड़ता है, जो पेशेवरों और एमेच्योर को गतिशील और आकर्षक तरीके से एक साथ लाता है। तीन दिवसीय, 54-होल चैंपियनशिप में 60 पुरुष और 12 महिला पेशेवर एक ही पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस आयोजन में रोटेशनल प्रारूप में तीन प्रो-एम राउंड भी होंगे, जिसमें 48 पेशेवर सुबह में टी-ऑफ करेंगे, जबकि शेष 24 दोपहर के सत्र में 72 एमेच्योर के साथ जोड़ी बनाएंगे।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.104 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.657 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 10 | +0.482 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 9 | 5 | 4 | 10 | +0. 673 |
| 5- | पंजाब किंग्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.054 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 8 | 3 | 5 | 6 | +0.212 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.625 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.361 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.392 |